राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 57
लखनऊ, गुरूवार 5 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



17वें संयुक्त वार्षिक आत्मिक कन्वेंशन का हुआ शुभारंभ 10

मायावती ने बुलाई बसपा की अहम बैठक 03

संक्षिप्त समाचार

विदेश सचिव करेंगे पीएम बालेन्द्र शाह से भेंट

काठमांडू, एजेंसी। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री नेपाल के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर काठमांडू पहुंच गए हैं। वह कुछ देर पहले त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। विदेश सचिव की नेपाल यात्रा को प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के आगामी भारत दौरे की तैयारियों के रूप में देखा जा रहा है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री शाह की भारत यात्रा की तैयारी और दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संवाद को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से उनका दौरा हो रहा है। काठमांडू पहुंचे मिस्री आज उच्चस्तरीय मुलाकातों का सिलसिला शुरू करेंगे।

दीपावली के दिन शाम सात बजे तक चलेगी मेट्रो

लखनऊ। राजधानी में दीपावली पर्व के दिन यानी 8 नवंबर को मेट्रो ट्रेन सेवाएं सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक उपलब्ध रहेंगी। यह जानकारी जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसी) की ओर से बुधवार को पत्र जारी कर दी गई है। जानकारी में बताया है कि दोनों टर्मिनल स्टेशनों यानी सी.सी.एस एयरपोर्ट और मुंशीपुलिया मेट्रो स्टेशन से मेट्रो ट्रेन सेवा सुबह छह बजे से शुरू होगी और आखिरी ट्रेन शाम सात रवाना होगी। सेवाओं के समय में यह परिवर्तन केवल दीपावली के दिन के लिए होगा। बाकी दिनों में मेट्रो ट्रेन की सेवाएं हमेशा की तरह सुबह 6:00 बजे से आरंभ होकर रात्रि में 10:30 बजे तक जारी रहेंगी।

नवीनीकरण शुल्क न देने पर आठ निवेश सलाहकारों का पंजीकरण रद्द

नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अनिवार्य नवीनीकरण शुल्क का भुगतान नहीं करने पर बुधवार को आठ निवेश सलाहकारों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। पूंजी बाजार नियामक सेबी के मुताबिक कार्वी इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी सर्विसेज लिमिटेड, इरा वेल्थ एडवाइजर और इंडियानिवेश इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स का पंजीकरण रद्द किया गया है। सेबी ने स्पष्ट किया कि पंजीकरण रद्द होने से निवेश सलाहकार के रूप में अपनी पिछली गतिविधियों से उत्पन्न देनदारियों के लिए इन इकाइयों की जिम्मेदारी समाप्त नहीं होगी। सेबी (निवेश सलाहकार) विनियम-2013 के तहत पंजीकृत निवेश सलाहकारों को अपना पंजीकरण वैध बनाए रखने के लिए हर पांच साल में नवीनीकरण शुल्क का भुगतान करना होता है।

राहुल ने पीएम को दी खुली बहस की चुनौती

चंडीगढ़। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी को देश के ज्वलंत मुद्दों पर खुली बहस की चुनौती दी है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार एक साल में निपट जाएगी और तीन साल बाद अमित शाह भी केंद्रीय गृह मंत्री नहीं रहेंगे। राहुल बुधवार को पंजाब के संगरूर जिले के गांव फगुवाला में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के चुनावी अभियान का शंखनाद करते हुए पार्टी की पहली रैली को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा पंजाब को ऐसे मुख्यमंत्री की जरूरत है, जो यहां के लोगों का दर्द समझे, पूरी ताकत से नशे के खिलाफ लड़े और युवाओं का भविष्य बचाए।

75 प्रतिशत अग्निवीरों को बढ़े वेतन संग मिलेगा दो साल का विस्तार

एजेंसी,नई दिल्ली।

कैबिनेट ने अग्निवीरों के लिए दो साल के सेवा विस्तार का निर्णय लिया है। सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने इसकी जानकारी साझा की है। इस योजना के तहत शेष 75 फीसदी अग्निवीरों को दो साल की अवधि और दी जाएगी।

इस दो साल की अवधि के बाद जो अग्निवीर इच्छुक होंगे और चयन मापदंडों पर खरे उतरेंगे, उन्हें नियमित सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा। भारतीय सशस्त्र बलों में अग्निवीर के रूप में सेवा दे रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के मुताबिक,



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नरल एनएस राजा सुब्रमणि ने अग्निवीरों के सेवा कार्यकाल में दो साल की बढ़ोतरी की घोषणा की है। इस बदलाव के तहत अग्निवीरों को चार साल के निर्धारित कार्यकाल के बजाय कुल छह साल तक सेवा देने का अवसर मिलेगा।

सीडीएस एन एस राजा सुब्रमणि ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 14 जून 2022 में यह योजना आई थी। तब अग्निवीरों के प्रदर्शन के सतत आकलन की बात कही गई थी। अग्निवीरों के पहले बैच के चार वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। अग्निवीरों के बारे में सकारात्मक फीडबैक मिला है। 25 फीसदी अग्निवीरों को नियमित सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा। इस योजना के तहत शेष 75 फीसदी अग्निवीरों को दो साल की अवधि और दी जाएगी। इस दो साल की अवधि के बाद जो अग्निवीर इच्छुक होंगे और चयन मापदंडों पर खरे उतरेंगे, उन्हें नियमित सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा।

यह फैसला ऐसे समय में सामने आया है, जब सेना के तीनों अंग नवंबर 2026 के मध्य से अग्निपथ योजना के पहले बैच के लगभग 75 प्रतिशत अग्निवीरों को चरणबद्ध तरीके से सेवा से मुक्त करने की तैयारी कर रहे थे। दो साल की विस्तारित सेवा अवधि में अग्निवीरों को ज्यादा पैसा मिलेगा। सरकार के इस फैसले पर राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवेसी ने कहा कि 75 प्रतिशत अग्निवीरों को, जिन्हें पहले 4 साल बाद सेवा से बाहर होना था, अब 2 साल का अतिरिक्त कार्यकाल मिलेगा। इसके बाद, वे चयन मानदंडों के आधार पर सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए आवेदन कर सकेंगे। दिसंबर तक कितने अग्निवीरों का कार्यकाल पूरा हो रहा?

आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2026 तक पहले बैच में भर्ती हुए करीब 18,300 अग्निवीरों का चार साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। ये पहले बैच में भर्ती हुए 24,400 अग्निवीरों का करीब 75 प्रतिशत हैं।

दो साल की विस्तार में अग्निवीरों को मिलेगा ज्यादा पैसा

सीडीएस ने कहा कि कैबिनेट ने दो साल की इस अवधि को मंजूरी दी है। चयन का दायरा बढ़ चुका है। सभी जिलों से अग्निवीर आ रहे हैं। पारदर्शिता के लिए अब पहले लिखित परीक्षा ली जा रही है, फिर फिजिकल टेस्ट ले रहे हैं। चार वर्षों की अवधि में अग्निवीरों की फिजिकल फिटनेस, हौसला और अनुशासन उच्च स्तर का रहा है। उनकी दक्षता को बढ़ाने के लिए प्रयास किए गए हैं। 10वीं पास अग्निवीरों को आगे की पढ़ाई कराई गई है। फीडबैक और समीक्षा के बाद निर्णय लिया गया कि 75 फीसदी अग्निवीरों को दो साल की अवधि और दी जाएगी। इसके तहत उन्हें ज्यादा पारितोषिक और विस्तारित सेवा निधि मिलेगी। इसी के साथ कैबिनेट ने सभी अग्निवीरों के लिए यह मार्ग प्रशस्त कर दिया है कि वे सशस्त्र बलों में समाहित हो सकें।

अग्निवीरों की प्रमुख बातें

- अग्निवीरों को चार साल के कार्यकाल के बजाय छह साल तक सेवा देने का मिलेगा अवसर।
- 25 फीसदी अग्निवीरों को नियमित सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा।
- दो साल की विस्तारित सेवा अवधि में अग्निवीरों को ज्यादा पैसा मिलेगा।
- दिसंबर तक कितने अग्निवीरों का कार्यकाल पूरा हो रहा?

जाली नोट नेटवर्क में एनआईए ने की दो घरों में छापेमारी

एजेंसी,हजारीबाग। हजारीबाग में बुधवार सुबह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की पटना शाखा ने जाली नोटों के नेटवर्क से जुड़े मामले में दो घरों में छापेमारी की। दोनों घर बड़ा बाजार थाना क्षेत्र के हुरहुरू स्थित बाबा पथ के सुभाष बारला मार्ग पर हैं। ये मकान दो भाइयों प्रदीप साव और उदय साव के बताए जा रहे हैं। एनआईए की टीम स्थानीय पुलिस के साथ सुबह मौके पर पहुंची और दोनों घरों में एक साथ तलाशी शुरू की। कार्रवाई के दौरान घरों के प्रवेश द्वार बंद कर दिए गए और बाहरी लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई। आसपास के लोगों को भी घरों के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके में हलचल मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एनआईए देशव्यापी जाली नोट नेटवर्क से जुड़े एक मामले की जांच कर रही है। एजेंसी को इनपुट मिला था कि हजारीबाग के इस इलाके से जाली नोटों के कारोबार के तार जुड़े हो सकते हैं। इसके साथ ही संभावित हवाला लेन-देन की भी जांच की जा रही है।

पीएम बनने की इच्छा है तो बांग्लादेश जाएं राहुल: सरमा

मुख्यमंत्री ने मृत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने का किया समर्थन

एजेंसी, पूर्णिया।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को पूर्णिया में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया। भारतीय जनता पार्टी की प्रमंडल स्तरीय 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा से पहले रजनी चौक पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बिहार, दिल्ली, असम और उत्तर प्रदेश में चुनावी सफलता नहीं मिल रही है। सरमा ने तंज कसते हुए कहा कि यदि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनने की इतनी ही इच्छा है तो उन्हें बांग्लादेश जाकर अपनी किस्मत आजमानी चाहिए।

उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में राहुल गांधी को पैराशूट से बांग्लादेश में उतारने की बात भी कही। वोट चोरी के आरोपों पर कांग्रेस को घेरते हुए असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी इसी चुनावी व्यवस्था के तहत जीतकर संसद पहुंचे हैं। यदि विपक्ष को चुनाव



प्रक्रिया में बेईमानी का संदेह है तो उसके निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस्तीफा देकर दोबारा चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के 100 अंतरराष्ट्रीय शतकों का उदाहरण देते हुए राहुल गांधी की चुनावी पराजयों पर भी कटाक्ष किया। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का समर्थन करते हुए सरमा ने अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि जो लोग भारत को नहीं मानते, उन्हें यहां की चुनावी व्यवस्था का लाभ क्यों मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मृत मतदाताओं, दोहरी प्रविष्टियों और अपात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाने का समर्थन किया।

असम में 17 में से 12 विशेष कैंसर अस्पताल शुरू

गुवाहाटी, एजेंसी। असम सरकार राज्य में कैंसर मरीजों को उनके घर के नजदीक उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष कैंसर अस्पतालों के नेटवर्क का विस्तार कर रही है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि राज्य में प्रस्तावित 17 विशेष कैंसर अस्पतालों में से 12 पहले ही काम करना शुरू कर चुके हैं, जबकि पांच अन्य अस्पतालों की स्थापना की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य असम के विभिन्न हिस्सों में लोगों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती कैंसर उपचार उपलब्ध कराना है मुख्यमंत्री ने कहा कि इन अस्पतालों के माध्यम से राज्य में उन्नत कैंसर चिकित्सा सुविधाओं तक लोगों की पहुंच और मजबूत होगी।

ऊर्जा भंडारण प्रणाली के लिए 14,500 करोड़ रुपये मंजूर



एजेंसी,नई दिल्ली।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश की बिजली ग्रिड को मजबूत करने और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने को लेकर चालू वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 के लिए ग्रिड-स्तरीय ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए 14,500 करोड़ रुपये की व्यवहार्यता अंतर निधि योजना को अपनी मंजूरी दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज चालू वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31 के बीच 92 गीगावॉट घंटे के ग्रिड-स्केल एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (ऊर्जा भंडारण प्रणालियों) के लिए 14,500 करोड़ रुपये की वायबिलिटी गैप फंडिंग को मंजूरी दे दी है। वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य देशभर में 92 गीगावॉट घंटे की नई ऊर्जा भंडारण क्षमता के विकास में सहयोग करना है। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य तीन तरह की तकनीकों के जरिए 92 गीगावॉट प्रति घंटे की स्टोरेज क्षमता विकसित करने में मदद करना है।

इनमें बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम को (30 गीगावाट घंटे), पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स (60 गीगावाट घंटे) और उभरती हुई स्टोरेज तकनीकें (2 गीगावाट घंटे) शामिल हैं।

92 गीगावॉट प्रति घंटे की स्टोरेज क्षमता विकसित करना योजना का उद्देश्य

आज एशियाई पैरा खेलों के पदक विजेताओं से संवाद करेंगे प्रधानमंत्री

एजेंसी,नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को इंदिरा गांधी खेल परिसर में एशियाई पैरा खेल 2026 में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों के दल से संवाद करेंगे। इस दौरान वह उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी 5 नवंबर को शाम करीब 4:30 बजे खिलाड़ियों से मुलाकात करेंगे। इस कार्यक्रम में एशियाई पैरा खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी, उनके प्रशिक्षक, भारतीय पैरालंपिक समिति और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधिकारी शामिल होंगे।



भारत ने इस वर्ष जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियाई पैरा खेलों में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में भारत के 97 पैरा खिलाड़ियों ने कुल 114 पदक जीते। इनमें 30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य पदक शामिल हैं।

17.5 बीघा जमीन पर चला बुलडोजर, तीन अवैध कॉलोनियां ध्वस्त



बुलंदशहर। खुर्जा विकास प्राधिकरण (BKDA) ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 17.5 बीघा जमीन पर विकसित की जा रही तीन कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। बुधवार, 4 नवंबर को विकास क्षेत्र जोन-3 में चलाए गए अभियान के दौरान गंगेरूवा और जालखेड़ा गांव में बुलडोजर चलाया गया। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों में हड़कंप मच गया। गंगेरूवा और जालखेड़ा में तीन कॉलोनियों पर कार्रवाई प्राधिकरण की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, मौहल्ला जाहिद द्वारा ग्राम गंगेरूवा की नौसेना रोड पर डीपीएस स्कूल के पीछे करीब 6 बीघा जमीन पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी।

लोकतंत्र विरोधी है कांग्रेस व सपा : नितिन नवीन

भाजपा की पदयात्रा में संजय निषाद, स्वतंत्रदेव सिंह ने लिया हिस्सा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में बुधवार को गोरखपुर में भाजपा ने लोकतंत्र बचाओ- अराजकता हटाओ अभियान के तहत पदयात्रा की। उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार करते हुए समूचे विपक्ष को लोकतंत्र का विरोधी करार दिया।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव को देश प्रदेश की जनता अच्छी तरह से जान चुकी है। भारतीय जनता पार्टी ने आज ही उत्तर प्रदेश के प्रयागराज व कानपुर में भी पदयात्राएं निकाली। प्रयागराज में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व



कानपुर में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पदयात्रा का नेतृत्व किया।

भाजपा की यह पदयात्रा गोरखपुर में महाराणा प्रताप इण्टर कालेज से शुरू होकर सरदार पटेल प्रतिमा के समीप स्थित माता काली मंदिर पर पदयात्रा संपन्न हुई। गोरखपुर की पदयात्रा में मुख्यमंत्री योगी , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद,जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी समेत विधायकों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

दीपावली और छठ पर्व पर उत्तर मध्य रेलवे चलाएगा कई विशेष ट्रेनें

समृद्धि न्यूज, प्रयागराज। दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कई विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। इनमें कुछ ट्रेनें प्रयागराज छिवकी और प्रयागराज जंक्शन से होकर गुजरेंगी, जबकि कई ट्रेनों का ठहराव सूबेदारगंज और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर भी होगा। इन ट्रेनों के संचालन से त्योहार के दौरान घर जाने और वापस लौटने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए अलग-अलग मार्गों पर विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इनका संचालन निर्धारित तिथियों और समय-सारणी के अनुसार होगा। यात्रियों को यात्रा से पहले ट्रेन के समय और ठहराव की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लेनी चाहिए। मालदा टाउन-शकूरबस्ती विशेष ट्रेन गाड़ी संख्या 03439 मालदा टाउन-शकूरबस्ती विशेष ट्रेन 10 नवंबर को मालदा टाउन से एक फेरा लगाएगी। यह सुबह 10 बजे रवाना होकर अगले दिन रात 11:45 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पहुंचेगी।

6.78 करोड़ के नकली नोट जब्त, 4 गिरफ्तार

सोशल मीडिया से सीखा नोट छापने का तरीका, फर्जी पिस्टल का भी करते थे इस्तेमाल

एजेंसी,हैदराबाद।

पुलिस ने नकली नोटों की बड़ी खेप जब्त करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 500 रुपये के नोटों के बंडल में 6.78 करोड़ रुपये की नकली मुद्रा जब्त की है। आरोपितों ने सोशल मीडिया के माध्यम से नकली नोट बनाने का तरीका सीखा था। यह गैंग फिल्मी स्टाइल में पुलिस की वर्दी में अपनी गतिविधियों को अंजाम देता था।

पुलिस आयुक्त डॉ. तरुण जोशी ने बताया कि 1 नवंबर को उनकी टीम ने एनएच-65 पर रामोजी फिल्म सिटी के पास कार को रोका और चार आरोपितों-मादुपोजु करनाकर, चिनोला माणिक्य रेड्डी, चेरुकुपल्ली रत्नाकर रेड्डी और करणम अजय कुमार को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर एक कमरे में छापेमारी की गई, जहां से 500 रुपये के मूल्यवर्ग में 6.78 करोड़ रुपये मूल्य



के नकली नोट बरामद हुए। मुख्य आरोपित असली नोटों को स्कैन करता था और सॉफ्टवेयर का उपयोग करके उनकी छवियों को एडिट करता था। उसने यूट्यूब वीडियो और सोशल मीडिया से नकली नोट बनाने का यह तरीका सीखा था। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस रैकेट में और कौन-कौन शामिल है। पुलिस ने हयातनगर के कुंतलूर में एक किराए के मकान में नकली नोट छापने की फैक्ट्री का भी पता लगाया। वहां से एक प्रिंटर, एक लैपटॉप, नोट काटने की मशीनें और अन्य उपकरण जब्त किए गए। कथित तौर पर आरोपित लोगों को डराने-धमकाने और ठगने के लिए पुलिस अधिकारी बनकर फर्जी पहचान पत्र, वॉकी-टॉकी और फर्जी पिस्टल का इस्तेमाल करते थे। जांच से पता चला कि गिरोह ने शुरुआत में 1 लाख रुपये नकद के बदले 3 से 4 लाख रुपये के नकली नोट देने का लालच देकर नकली मुद्रा चलाने की कोशिश की थी। हालांकि, जब यह योजना विफल हो गई तो उन्होंने दूसरा तरीका अपनाया था।

मतदाताओं ने राष्ट्रपति ट्रंप को दिया तगड़ा झटका

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेट्स की जीत

एजेंसी, वाशिंगटन।

अमेरिकी मतदाताओं ने मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तगड़ा झटका दिया है। मतगणना के नतीजे चौंकाने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार डेमोक्रेट्स ने अमेरिका संसद (कांग्रेस) पर फिर नियंत्रण हासिल कर लिया है। कांग्रेस के निचले सदन यानी प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) की 425 सीटों के लिए लिए हुए चुनाव में डेमोक्रेट्स ने 224 सीटों पर जीत हासिल की है। रिपब्लिकन को 129 सीटों पर संतोष करना पड़ा है। अब तक के नतीजों में डेमोक्रेट्स ने बहुमत का आंकड़ा 218 पार कर लिया है। बाकी अधिकांश सीटों पर भी डेमोक्रेट्स उम्मीदवार बढ़त बनाए हुए हैं। सीएनएन और



सीबीएस न्यूज चैनल की चुनाव डेस्क से प्रसारित समाचारों में बताया गया है कि इसके अलावा 100 सदस्यीय सीनेट (उच्च सदन) की 35 सीट और 36 गवर्नर के पदों के नतीजे भी आने लगे हैं। इनमें से 33 सीटों पर नियमित रूप से 6 साल के कार्यकाल के लिए मतदान हुआ है। सीनेट की शेष 65 सीटों पर इस बार चुनाव नहीं हुआ है, क्योंकि अमेरिकी सीनेट के केवल एक-तिहाई सदस्यों के लिए ही हर दो साल में चुनाव कराए जाते हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी ने रिपब्लिकन गढ़ माने जाने वाले कई राज्यों में जीत दर्ज कर सात सीटों का फायदा हासिल किया।

सदन में उनकी संख्या बढ़कर 53 हो गई है। रिपब्लिकन पार्टी की सीट घटकर 42 हो गई है। दोनों समाचार चैनलों की रिपोर्ट के अनुसार, डेमोक्रेट्स ने उन जगहों पर उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है, जहां दो साल पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने आसानी से जीत हासिल की थी। डेमोक्रेट्स ने हाउस और सीनेट दोनों पर शानदार और ऐतिहासिक जीत हासिल की है। इससे उन्हें ट्रंप के कार्यकाल के आखिरी दो सालों में उन पर लगाम लगाने के लिए काफी ताकत मिल गई है।

भारत ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया कोहली ने जड़ा अर्धशतक

ऑकलैंड, एजेंसी। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को पांच मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में पांच विकेट से हरा दिया। ऑकलैंड के ईडन पार्क स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मेजबान टीम 40.2 ओवर में 185 रन पर सिमट गई। इसके बाद बारिश के कारण भारतीय टीम को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस) के तहत जीत के लिए 32 ओवर में 143 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। भारतीय टीम ने 22.4 ओवर में पांच विकेट पर 143 रन बनाते हुए इसे हासिल कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दोनों टीमों के बीच अगला वनडे सात नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। भारत की जीत के नायक स्टार बल्लेबाज विराट कोहली रहे, जिन्होंने 51 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 74 रन की शानदार पारी खेली।

गडकरी जौनपुर को देंगे 3,677 करोड़ की सौगात



समृद्धि न्यूज, जौनपुर।

प्रदेश के जौनपुर में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पांच नवंबर को जौनपुर के दौरे पर आएंगे। वह मुंगराबादशाहपुर स्थित सार्वजनिक इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 3,677 करोड़ रुपये की विभिन्न सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास, भूमि पूजन और लोकार्पण करेंगे। उनके आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, केंद्रीय मंत्री सुबह 11:15 बजे सार्वजनिक डिग्री कॉलेज परिसर में बने हेलीपैड पर पहुंचेंगे। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में दो बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास, तीन परियोजनाओं का भूमि पूजन और तीन परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम के बाद वह दोपहर 1:15 बजे रवाना हो जाएंगे।

गडकरी 198 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले चार किलोमीटर लंबे मुंगराबादशाहपुर बाईपास तथा एनएच-128ए पर लता मंगेशकर तिराहे से प्रसाद इंस्टीट्यूट तक 33 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 4.7 किलोमीटर लंबे फोरलेन मार्ग का शिलान्यास करेंगे। वहीं, एनएच-135ए पर सई नदी पर 16 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पुल, 128 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित 12 किलोमीटर लंबे जौनपुर बाइपास तथा मड़ियाहूं कस्बे में 92 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 1.5 किलोमीटर लंबे रेल ओवरब्रिज (आरओबी) का भूमि पूजन करेंगे। इसके अलावा 627 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मछलीशहर-भदोही टूलेन मार्ग, 1,078 करोड़ रुपये की लागत से एनएच-30 के रायबरेली-प्रयागराज खंड पर जगतपुर, बाबूगंज, ऊंचाहार और अलापुर बाइपास सहित सई नदी पुल के फोरलेन बाइपास तथा 1,505 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रायबरेली-प्रयागराज लिंक रोड का लोकार्पण करेंगे।

कार्यक्रम के लिए वाटरप्रूफ पंडाल तैयार कराया जा रहा है। मंच पर 25 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है, जबकि सामने लगभग 10 हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाला पंडाल बनाया जा रहा है।

33 करोड़ से बनने वाले 4.7 किमी लंबे फोरलेन मार्ग का करेंगे शिलान्यास

मांगों को लेकर शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। लंबित मांगों पर सुनवाई न होने और शासन स्तर पर उपेक्षा से नाराज स्ववित्तपोषित शिक्षकों का विरोध तेज होने लगा है। उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (फुपुक्टा) के आह्वान पर बुधवार को एमएलके पीजी कॉलेज, बलरामपुर में स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के अनुमोदित शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया।

फुपुक्टा के आह्वान पर प्रदेश के 331 अनुदानित महाविद्यालयों में दो से पांच नवंबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। शिक्षकों की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों का स्थायीकरण, विनियमितीकरण और यूजीसी वेतनमान के अनुरूप मानदेय सहित 11 सूत्रीय मांगें शामिल हैं।

एमएलके पीजी कॉलेज स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. केपी मिश्र ने कहा कि स्ववित्तपोषित शिक्षकों की ये मांगें पिछले 25 वर्षों से लंबित हैं। फुपुक्टा ने शिक्षकों की समस्याओं और उनके अधिकारों को अपनी मांगों में प्रमुखता से शामिल कर समर्थन दिया है। इसी के तहत शिक्षक संघ काली पट्टी बांधकर फुपुक्टा के आंदोलन में सहभागी बना है। महामंत्री डॉ. पंकज कुमार गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका नींव के समान है। शिक्षक विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देने के साथ उनके चरित्र और भविष्य का निर्माण भी करते हैं। एक ही महाविद्यालय में शिक्षकों के साथ दोहरी व्यवस्था न्यायसंगत नहीं है। इससे शिक्षकों का भविष्य प्रभावित होने के साथ विद्यार्थियों की शिक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस व्यवस्था पर गंभीरता से विचार कर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। उपाध्यक्ष डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने भी सरकार से मांगों पर जल्द निर्णय लेने की अपील की। इस दौरान डॉ. एसके त्रिपाठी, डॉ. राजन प्रताप सिंह, डॉ. केके सिंह, डॉ. सुनील कुमार शुक्ल, डॉ. आरबी त्रिपाठी, मसूद मुराद, डॉ. राहुल विशेन, डॉ. पवन कुमार सिंह और डॉ. वंदना सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

बच्चों के साथ भोजन कर डीएम ने परखी गुणवत्ता, 60 आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिल रहा पौष्टिक आहार

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। बच्चों के बेहतर पोषण और स्वास्थ्य को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। इसी क्रम में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने विकासखंड रेहरा बाजार के ग्राम सरायखास स्थित आंगनबाड़ी केंद्र, कम्पोजिट विद्यालय और डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र पर जिलाधिकारी बच्चों के बीच बैठकर उनके साथ कढ़ी-चावल और इडली-सांभर का भोजन किया तथा जोमैटो फीडिंग इंडिया की ओर से उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वाद और पौष्टिकता स्वयं परखी।

जिलाधिकारी ने बच्चों से बातचीत कर भोजन के बारे में उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने कहा कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है। भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पौष्टिकता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए।

रेहरा बाजार विकासखंड के 60 आंगनबाड़ी केंद्रों पर जोमैटो फीडिंग इंडिया की ओर से बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इस पहल का लाभ प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंचाया जाए। जो बच्चे किसी कारणवश आंगनबाड़ी केंद्र नहीं पहुंच पाते, उनके लिए गांव में ही एक निश्चित स्थान निर्धारित कर भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।

उन्होंने गर्भवती महिलाओं को भी पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। भोजन को स्वच्छ एवं सुरक्षित तरीके से पैक कर आंगनबाड़ी केंद्र पर रखा जाए, ताकि गर्भवती महिलाओं के परिवारजन वहां पहुंचकर भोजन प्राप्त कर सकें। साथ ही नामांकित बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के प्रति जागरूक करने को कहा।

इसके बाद जिलाधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय सरायखास का निरीक्षण किया। कक्षाओं में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न पूछे और उनकी शैक्षिक गुणवत्ता का आकलन किया। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने तथा स्मार्ट क्लास का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे आधुनिक तकनीक के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई को रोचक और सरल बनाया जा सके।

जिलाधिकारी ने सरायखास स्थित डिजिटल लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से संवाद किया। छात्रों ने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी से उन्हें पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में काफी सुविधा मिल रही है। जिलाधिकारी ने उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि बच्चों का बेहतर पोषण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और ग्रामीण युवाओं को अध्ययन के बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी रेहरा बाजार, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस का नया मोर्चा, अब तस्करों की खैर नहीं



- बलईगांव पुलिस चौकी का एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने किया उद्घाटन
- सीमावर्ती इलाकों में नियमित गश्त से तस्करों पर कसेगा शिकंजा

समृद्धि न्यूज़

मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज़ भारत-नेपाल की खुली सीमा अब तस्करों के लिए सुरक्षित रास्ता नहीं रह जाएगी।

सीमा पर लंबे समय से पुलिस निगरानी की चुनौती के बीच थाना मोतीपुर क्षेत्र के बलईगांव में नई पुलिस चौकी स्थापित कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने उद्घाटन कर साफ संकेत दिया कि सीमावर्ती क्षेत्र में अब तस्करी और संदिग्ध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की निगरानी और कार्रवाई तेज होगी। एसपी ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा खुली होने के कारण तस्करों की गतिविधियों पर नजर रखना पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण था। शिकायत मिलने पर थाना मोतीपुर से पुलिस बल को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी समय लगता था। इस देरी का फायदा उठाकर संदिग्ध तत्व बच निकलते थे। अब चौकी स्थापित होने से पुलिस की पहुंच आसान होगी और समय की भी बचत होगी।उन्होंने बताया कि सीमा से सटे गांवों और संवेदनशील रास्तों पर नियमित गश्त की जाएगी। पुलिस की मौजूदगी बढ़ने से तस्करी पर अंकुश लगाने के साथ ग्रामीणों में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत होगा। अब संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस तत्काल कार्रवाई कर सकेगी।कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा अमित प्रताप सिंह मौजूद रहे।

25 हजार का इनामी शातिर अपराधी दिल्ली से गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। तुलसीपुर पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अंतरजनपदीय शातिर अपराधी रामू उर्फ राजेश कश्यप उर्फ राजेश राजभर को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी साकेत कोर्ट, दिल्ली के दक्षिणी गेट के बाहर से पकड़ा गया। उसके विरुद्ध बलरामपुर और सिद्धार्थनगर सहित विभिन्न थानों में चोरी, मारपीट, अपहरण, पॉक्सो एक्ट और धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी सिद्धार्थनगर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित काशीराम कॉलोनी, ब्लॉक नंबर 28 का निवासी है। उसके विरुद्ध तुलसीपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2024 और 2025 में चोरी की कई घटनाओं के मुकदमे दर्ज हुए थे। 18 नवंबर 2024 को उसने प्राथमिक विद्यालय नचौरा से सोलर पैनल की दो बैटरियां चोरी की थीं। इसके बाद 28 जून 2025 को ग्राम बिलोहा में माधुरी के घर से मोबाइल फोन, सोने के टॉप्स और लॉकेट तथा तीन जुलाई 2025 को शीतलापुर में हबीबुल्ला की दुकान से मोबाइल फोन चोरी करने का आरोप है। पुलिस ने पांच जुलाई 2025 को आरोपी से संबंधित कार्रवाई के दौरान आठ मोबाइल फोन, नंबर प्लेट बदली हुई चोरी की दो मोटरसाइकिलें और पीली धातु के दो लॉकेट बरामद किए थे। इस संबंध में तुलसीपुर थाने में दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे। घटनाओं के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। उसके विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट भी जारी था। गिरफ्तारी न होने पर पुलिस अधीक्षक की ओर से उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देश पर वांछित और वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर अभय प्रताप मल्ल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।

आरोपी को दिल्ली के साकेत कोर्ट के दक्षिणी गेट के बाहर गिरफ्तार किया गया। इसके बाद साकेत न्यायालय से दो दिन का ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर उसे बलरामपुर लाया गया। चार नवंबर को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय रवाना कर दिया गया।

क्रॉस कंट्री टीम मंगलौर रवाना



समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर की पुरुष एवं महिला क्रॉस कंट्री टीम अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए मंगलौर विश्वविद्यालय रवाना हो गई। विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया।

इस अवसर पर कुलपति ने टीम प्रबंधक सुनीता वर्मा को प्रतियोगिता से संबंधित पात्रता प्रपत्र की फाइल सौंपी। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने तथा विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं।

टीम के पुरुष वर्ग में सलमान, सौरभ सिंह, धीरज कुमार, अनुज कुमार, ज्ञानेन्द्र कुमार रावत और अरुण कुमार शामिल हैं। वहीं महिला वर्ग में ज्योति, रंजना, मानसी निषाद और सोनी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। सभी खिलाड़ी गोंडा जिले के ए.एन.डी.पी.जी.सी., एन.एन.पी.जी. कॉलेज तथा सरयू डिग्री कॉलेज, करनैलगंज में अध्ययनरत हैं।

लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन में बुधवार को क्षेत्राधिकारी ललिया डीके श्रीवास्तव ने ललिया सर्किल के थाना ललिया एवं महराजगंज तराई के प्रभारी निरीक्षकों और विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। इस दौरान 60/90 दिवस की विवेचनाओं, पार्ट पीआई, बरामदगी के लिए शेष अपहृत एवं अपहृता से जुड़े मामलों सहित अन्य लंबित प्रकरणों की प्रगति की जानकारी ली गई।

क्षेत्राधिकारी ने सभी विवेचकों को निर्देश दिया कि विवेचना के दौरान आवश्यक साक्ष्य, गवाहों के बयान, अभिलेख एवं दस्तावेजों का संकलन करते हुए ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से सभी जरूरी विधिक कार्यवाही पूरी की जाए। साथ ही निर्धारित 60/90 दिवस की समय-सीमा में विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी विवेचना में अनावश्यक देरी न हो और लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण किया जाए।

बैठक के बाद आगामी धनतेरस एवं दीपावली पर्व को देखते हुए क्षेत्राधिकारी ने थाना प्रभारियों को बाजारों में भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था सुचारु रखने, पटाखा दुकानों का सत्यापन करने तथा संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने और अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने को कहा।

दीपावली पर अक्षय यंत्र फाउंडेशन ने विहान बालिका आवासीय विद्यालय में बांटी खुशियां

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़ दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में अक्षय यंत्र फाउंडेशन बहराइच की ओर से विहान बालिका आवासीय विद्यालय में सेवा, संस्कार एवं समर्पण की भावना के साथ एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा विद्यालय की छात्राओं को एक डेस्कटॉप कंप्यूटर, 75 स्टेशनरी सेट, फल एवं मिठाइयां वितरित की। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के साथ आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोड़ना और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सहयोग प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम में रूसिया से आए फाउंडिंग मेंबर मनीष सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कंप्यूटर का ज्ञान बेहद आवश्यक है। आने वाले समय में प्रत्येक क्षेत्र में तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने छात्राओं को आश्वस्त किया कि कंप्यूटर एवं तकनीकी शिक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए वे उनसे संपर्क कर सकती हैं। मुंबई से आए फाउंडिंग मेंबर रणवीर सिंह ने अपने कार्यक्षेत्र के अनुभव साझा करते हुए छात्राओं को बताया कि आज के दौर में कंप्यूटर का ज्ञान होना कितना जरूरी है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा बच्चों के लिए भविष्य में रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर खोलती है। फाउंडिंग मेंबर सूर्य प्रताप सिंह ने अपने बचपन और संघर्षपूर्ण विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस तरह सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद पढ़ाई जारी रखी और मेहनत के बल पर तकनीकी दुनिया में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने का सबसे मजबूत रास्ता शिक्षा है। मन लगाकर पढ़ाई करने से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। वहीं फाउंडिंग मेंबर बृजेंद्र पांडे ने छात्राओं को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों और संभावनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का है। आज हमारे आसपास की दुनिया तेजी से बदल रही है और लगभग हर क्षेत्र में AI एवं तकनीक का उपयोग बढ़ रहा है।

विद्यार्थियों को मिलेगा मीठा हलवा एवं नमकीन उपमा

- विद्यालयों में चलेगा 14 सप्ताह का 'सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन' कार्यक्रम
- विद्यालयों में प्रत्येक शुक्रवार को बच्चों को मिलेगा अतिरिक्त पोषण

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़ भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की पीएम पोषण योजना के अंतर्गत विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शैक्षिक सत्र 2026-27 में 'सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन' कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा।

इसके तहत जनपद बहराइच में मध्याह्न भोजन योजना से आच्छादित 2,902 परिषदीय बेसिक शिक्षा से सहायता प्राप्त विद्यालयों तथा माध्यमिक शिक्षा से सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत 4,75,000 विद्यार्थियों को सूजी से निर्मित मीठा हलवा एवं नमकीन उपमा वितरित किया जाएगा। शासन द्वारा मीठे हलवे के लिए 7 रुपये प्रति छात्र प्रतिदिन तथा नमकीन हलवे के लिए 4 रुपये प्रति छात्र प्रतिदिन की दर से धनराशि निर्धारित की गई है।

शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यह कार्यक्रम माह नवंबर 2026 से प्रारंभ होकर फरवरी 2027 के तृतीय सप्ताह तक कुल 14 सप्ताह संचालित होगा। योजना के तहत प्रत्येक शुक्रवार को विद्यार्थियों को अतिरिक्त पोषण आहार वितरित किया जाएगा। यदि शुक्रवार को विद्यालय में अवकाश रहता है, तो यह वितरण अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। तय कार्ययोजना और मात्रा निर्धारित कार्ययोजना के मुताबिक, माह के प्रथम एवं तृतीय सप्ताह में सूची से निर्मित मीठा हलवा तथा द्वितीय, चतुर्थ एवं पंचम सप्ताह में नमकीन उपमा का वितरण किया जाएगा। प्रत्येक विद्यार्थी को न्यूनतम 30 ग्राम सूजी एवं अन्य आवश्यक सामग्री से तैयार अतिरिक्त पोषण आहार नियमित मध्याह्न भोजन के अतिरिक्त उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए विद्यालय स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य सामग्री एफएसएसएआई (FSSAI) मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, तथा पैकेजिंग की गुणवत्ता और एक्सपायरी डेट का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

रामसनेहीघाट पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, जेल भेजा

रामसनेहीघाट (बाराबंकी)। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रामसनेहीघाट पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को भिटरिया स्थित नए बस अड्डे से पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 3 नवंबर को थाना रामसनेहीघाट में दर्ज मुकदमा संख्या 383/2026 के संबंध में यह कार्रवाई की गई। मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 352, 109(1) और 309(5) के तहत दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आयुष पाण्डेय पुत्र घनश्याम पाण्डेय, निवासी चकअब्दुल इस्लाम, थाना पड़रौना, जिला कुशीनगर और कृष सिंह पुत्र शत्रुघन सिंह, निवासी पिलखनी गौराबाद, थाना शाहपुर, जिला जौनपुर के रूप में हुई है।

कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ हो कार्यवाई-सपा अधिवक्ता सभा ने सौपा ज्ञापन



समृद्धि न्यूज़

बाराबंकी। भगवान श्री कृष्णा के ऊपर कथा वाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री द्वारा की गई आपत्तिजनिक टिप्पणी के खिलाफ समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष शांति ओम ने अधिवक्ता सभा के पदाधिकारियों के साथ बाराबंकी जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए अधिवक्ता सभा के पदाधिकारियों ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री के ऊपर कारवाई करने की मांग की। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामलाल द्विवेदी, प्रिंस वर्मा राजू एडवोकेट, प्रमोद यादव एडवोकेट, अनिल वर्मा एडवोकेट, सोनू वर्मा एडवोकेट, पूजा यादव एडवोकेट, अरविन्द यादव एडवोकेट, छात्र सभा जिला अध्यक्ष मोनू रावत एडवोकेट, अभिषेक यादव, सत्यम यादव एडवोकेट, सिद्धांत कपिल एडवोकेट, राम चंद्र यादव एडवोकेट, शिव बहादुर एडवोकेट, हिमांशु सैनी एडवोकेट, पवन मिश्रा एडवोकेट, उदल सिंह एडवोकेट, सुनील यादव एडवोकेट, अनूप अवस्थी एडवोकेट, अनिल यादव एडवोकेट, मो.आसिफ एडवोकेट, कुलदीप यादव एडवोकेट, बलवंत यादव एडवोकेट, रवि यादव एडवोकेट आर्यन, अमरेंद्र सिंह वर्मा,रोहित रावत आदि तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीएम ने धान क्रय केन्द्रों एवं सहकारी समिति का किया औचक निरीक्षण, किसानों से सीधे संवाद कर

- लघु एवं सीमांत किसानों का धान प्राथमिकता पर तौलें, कोई भी किसान केन्द्र से वापस न लौटे – डीएम
- जनपद के क्रय केन्द्रों पर धान खरीद शुरू, 34 किसानों से अब तक 740 कुंतल धान की खरीद

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने एवं धान खरीद व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने आज भ्रमणशील रहकर देवा स्थित धान क्रय केन्द्रों तथा फतेहपुर क्षेत्र की बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समिति, रजौली का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्रों पर पहुंचकर खरीद एवं तौल की वास्तविक स्थिति देखी और मौके पर मौजूद किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। देवा स्थित विपणन शाखा के धान क्रय केन्द्र प्रथम एवं द्वितीय के निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी एवं विपणन निरीक्षक श्री सौरभ कुमार श्रीवास्तव उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय कृषक श्री रामफल पुत्र बैजू निवासी मलूकपुर का 70 कुंतल तथा श्री राम बिलास पुत्र उदे निवासी सलारपुर का 10.40 कुंतल, कुल 80.40 कुंतल धान तौला जा रहा था। जिलाधिकारी ने अन्य किसानों से भी बातचीत कर पूछा कि उन्हें धान बेचने में कोई परेशानी तो नहीं हो रही है। किसानों ने बताया कि उन्हें टोकन प्राप्त हो गया है तथा धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या नहीं है। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लघु एवं सीमांत किसानों के धान की तौल प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए। कोई भी किसान अपना धान लेकर क्रय केन्द्र से वापस न लौटे।किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न कराई जाए और उनकी उपज की तौल नियमानुसार समय से कराई जाए।

देवा मेला के दंगल के अंतिम दिन पहलवानों ने दिखाए दमखम, रोमांचक मुकाबलों में आजमाए दांव-पेंच

बाराबंकी। ऐतिहासिक देवा मेला एवं प्रदर्शनी-2026 के अंतर्गत आयोजित दंगल के अंतिम एवं तीसरे दिन नामचीन पहलवानों के बीच रोमांचक कुश्तियां आयोजित हुईं। अखाड़े में उतरे पहलवानों ने अपने दमखम, फुर्ती और पारंपरिक दांव-पेंचों का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। महिला पहलवानों ने भी मुकाबलों में पूरे उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए अपने कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया। दंगल में प्रमुख मुकाबलों के अंतर्गत सुल्तान वारसी देवा और गोल्टा पहलवान राजस्थान के बीच हुई कुश्ती में सुल्तान वारसी देवा ने जीत दर्ज की। साबिर पहलवान बाराबंकी और बाबू पहलवान राजस्थान के बीच हुए मुकाबले में साबिर पहलवान विजयी रहे।

सिविल डिफेन्स के स्वयंसेवकों को वितरित की गई नागरिक सुरक्षा संगठन की यूनिफार्म



समृद्धि न्यूज़

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में बुधवार को सिविल डिफेन्स के स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा की यूनिफार्म वितरित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि यूनिफार्म केवल पहनावा नहीं, बल्कि अनुशासन, सेवा और जिम्मेदारी का प्रतीक होती है। इसे धारण करने वाला व्यक्ति स्वयं अनुशासित रहता है तथा दूसरों की सहायता करने के साथ अपने आचरण और कार्यों से समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि यूनिफार्म व्यक्ति को अपने दायित्वों के प्रति प्रेरित करती है। इसलिए सभी स्वयंसेवक इसे स्वच्छ एवं सलीके से धारण करें और इसकी गरिमा का सदैव ध्यान रखें। उन्होंने सिविल डिफेन्स के स्वयंसेवकों द्वारा महादेवा मेला, देवा मेला, आपदा प्रबंधन की मॉकड्रिल सहित विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों पर किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने भी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें यूनिफार्म वितरित की। सिविल डिफेन्स की उप नियंत्रक अनीता प्रताप ने जिलाधिकारी को संगठन के स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी।

संक्षिप्त खबरें

सडक़ खुदाई के दौरान जेसीबी की चपेट में आने से महिला की मौत

लखनऊ। राजधानी में सडक़ खुदाई के दौरान जेसीबी की चपेट में आने से 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसा अंधे की चौकी के पास मल्टी केयर हॉस्पिटल के सामने हुआ। घटना के बाद चालक जेसीबी छोडक़र फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मशीन कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतका की पहचान सबिया (60), पत्नी छोटा, निवासी बेबी मार्टिन स्कूल के पास दुबग्गा के रूप में हुई। वह अपनी रिश्तेदार मेराज को देखने हॉस्पिटल जा रही थीं। इसी दौरान सडक़ निर्माण कार्य में लगी जेसीबी को ड्राइवर बैक कर रहा था। तभी वहां से निकल रही सबिया पहिये के नीचे आ गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर बाद मृतका के परिजन भी वहां पहुंच गए। उन्होंने घटना पर आक्रोश जताया। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया। एहतियातन मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब 11.40 बजे सडक़ पर खुदाई का काम चल रहा था। इसी दौरान जेसीबी चालक मशीन पीछे कर रहा था। तभी वहां से हॉस्पिटल में रिश्तेदार से मिलने जा रही महिला पहिये के नीचे आ गई। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना दुबग्गा इलाके की है। पुलिस ने जेसीबी कब्जे में ले ली है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मृतक शिक्षिका के परिजनों से मिले राम आसरे विश्वकर्मा

लखनऊ। गोरखपुर में थाना झंगहा में ब्रह्मपुर क्षेत्र में विश्वकर्मा समाज की 27 वर्षीय शिक्षिका की हत्या में पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। मृतका रानी विश्वकर्मा की बहन रागिनी विश्वकर्मा तथा पिता सुभाष विश्वकर्मा से बात कर घटना की पूरी जानकारी ली।सुभाष विश्वकर्मा के सबसे बड़ी बेटी रानी विश्वकर्मा ब्रह्मपुर क्षेत्र में एनवी सेन्ट्रल एकाडमी ब्रह्मपुर में शिक्षिका के पद पर तैनात थी। 31 अक्टूबर को वेतन लेने रानी विश्वकर्मा स्कूल के प्रबन्धक विजय निषाद से मिलने उनके स्कूल गयी। विवाद होने पर रानी विश्वकर्मा की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पूर्वमंत्री ने एडीएम से बात करके हत्या विजय तथा उनके साथ अन्य हत्यारों शिव निषाद सहित अन्य को तत्काल गिरफ्तार करने को कहा। पूर्वमंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी और पूरा विश्वकर्मा समाज आपके साथ है और मदद होगी।

परिषदीय विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण का पाठ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर भी जोर दे रही है। प्रदेश के लगभग 1.32 लाख से अधिक परिषदीय विद्यालयों में 1 से 7 नवंबर तक ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने और टिकाऊ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। मिशन लाइफ के सात विषयों पर आधारित सप्ताह में प्रदेश के सभी विद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 1.42 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने और अपने घर-समुदाय तक टिकाऊ जीवनशैली का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में इको क्लबों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सप्ताह की गतिविधियों की जानकारी और आवश्यक सूचना-शिक्षा-संचार सामग्री निर्धारित पोर्टल मबवबसनइे.मकनबंजपवद.हवअ.पद से प्राप्त करने की व्यवस्था है।सप्ताह के प्रत्येक दिन एक विषय पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। 1 नवंबर को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, 2 नवंबर को ऊर्जा बचाने और 3 नवंबर को जल संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। 4 नवंबर को टिकाऊ खाद्य प्रणालियों पर केंद्रित गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को टिकाऊ जीवनशैली के महत्व से परिचित कराया गया। 5 नवंबर को एकल उपयोग प्लास्टिक से दूरी, 6 नवंबर को ई-कचरा कम करने और 7 नवंबर को कचरा कम करने पर केंद्रित कार्यक्रम होंगे।बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह के माध्यम से विद्यार्थियों को ऊर्जा और जल संरक्षण, प्लास्टिक के कम उपयोग तथा कचरा प्रबंधन जैसी आदतों से जोड़ा जा रहा है। बच्चों में आज विकसित होने वाली ये आदतें भविष्य में पर्यावरण संरक्षण का मजबूत आधार बनेंगी।वही डीजी स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में मिशन लाइफ के सात विषयों पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इको क्लबों और विद्यार्थियों की सहभागिता से पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यार्थियों को इन संदेशों को अपने परिवार और समुदाय तक पहुंचाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

बहुउद्देशीय सचल पशुचिकित्सा सेवायें हेतु 125.70 लाख स्वीकृत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य के तहत बहुउद्देशीय सचल पशुचिकित्सा सेवाओं के सुनियोजित क्रियान्वयन के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1 करोड़ 25 लाख 70 हजार मात्र रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग को योजना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण,व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

मोबाइल वेटनरी यूनिट के संचालन हेतु डेढ़ करोड़ स्वीकृत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य के तहत मोबाइल वेटनरी यूनिट के संचालन हेतु कॉल सेन्टर के विस्तारीकरण के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1 करोड़ 50 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग को योजना के संबंध में दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

7 नवीन गौ संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 2 करोड़ 80 लाख स्वीकृत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने निराश्रित गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये सम्भल में 2 तथा रायबरेली में 5 नवीन गौ संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु प्रथम किश्त के रूप में कुल 2 करोड़ 80 लाख रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। प्रत्येक केन्द्र के निर्माण हेतु 40 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुये निदेशक प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये है। शासनादेश के अनुसार नवीन गौ संरक्षण केन्द्र की स्थापना जनपद सम्भल के ग्राम बसला, विकास खण्ड पेवासा तथा ग्राम खेतापुर तहसील चंदौसी में की जायेगी।

दीपोत्सव में लोकनृत्यों से सजेगी रामनगरी

- दीपोत्सव के जरिए दुनिया तक पहुंचेगा भारतीय लोक संस्कृति और परंपराओं का संदेश-जयवीर

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। दीपोत्सव-2026 में रामनगरी की सडक़ों और सांस्कृतिक मंचों पर देश की विविध लोक परंपराओं के रंग देखने को मिलेंगे। आयोजन में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए लोक कलाकार अपने पारंपरिक नृत्यों और लोक विधाओं की प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही अन्य प्रदेशों के कलाकार भी अपनी क्षेत्रीय लोककला के माध्यम से दीपोत्सव की सांस्कृतिक भव्यता बढ़ाएंगे। लोकनृत्यों की यह विविधता अयोध्या में देश की सांस्कृतिक एकता और परंपराओं का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगी।संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश के लोक कलाकार दलों में मथुरा का मयूर और बम रसिया नृत्य, प्रयागराज का ढेढिय़ा नृत्य, बांदा का पाई डंडा, सोनभद्र का मांदल-सिंघा और करमा नृत्य प्रमुख आकर्षण होंगे। अयोध्या के कलाकार बधावा, फरुवाही तथा डमरू एवं शंख नृत्य की प्रस्तुति देंगे। वहीं गाजीपुर का धोबिया, गोरखपुर का वनटांगिया, पीलीभीत का थारू, झांसी का राई, सुलतानपुर का नटवरी और बहराइच का डोमकच नृत्य भी लोक परंपरा की झलक दिखाएगा।दीपोत्सव में उत्तर प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों की लोक विधाओं को भी स्थान दिया गया है। पश्चिम बंगाल के कलाकार श्री खोल, ओडिशा के कलाकार मास्क डांस, शाही जात्रा, रणप्पा चढैय्या और शंख वादन की प्रस्तुति देंगे। झारखंड का पुरुलिया छऊ, मध्य प्रदेश का गुदुम बाजा, कर्नाटक का ढोलु कुनीथा और गुजरात का तलवार रास भी दर्शकों को आकर्षित करेगा। राजस्थान का घूमर-चरी, बिहार की झिझिया, चेन्नई की कावड़ी, कडग़म व मयूर नृत्य तथा आंध्र प्रदेश का बोनालू भी दीपोत्सव की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का हिस्सा होंगे। राज्यों की इन लोक विधाओं के जरिए दर्शकों को देश की विविध लोक परंपराओं, वेशभूषा, संगीत और नृत्य शैलियों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। दीपोत्सव की शोभायात्रा में भी लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से उत्सव को जीवंत बनाएंगे। प्रयागराज का ढेढिय़ा नृत्य, मथुरा का मयूर नृत्य, बांदा का पाई डंडा, सोनभद्र का मांदल एवं सिंघा नृत्य और अयोध्या का बधावा नृत्य शामिल रहेगा। आजमगढ़ के कलाकार धोबिया नृत्य और प्रयागराज के कलाकार कबीरी गायन प्रस्तुत करेंगे।दीपोत्सव में लोक कलाकारों की भागीदारी का उद्देश्य पारंपरिक कला रूपों को मंच देना नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोडऩा है। पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि दीपोत्सव-2026 में दीपों की रोशनी के साथ लोकनृत्य, लोकसंगीत और पारंपरिक कलाओं की छटा भी रामनगरी को खास पहचान देगी। उन्होंने बताया उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों और देश के अनेक राज्यों से आने वाले कलाकार अयोध्या को सांस्कृतिक संगम का स्वरूप देंगे। लोक प्रस्तुतियों के जरिए दीपोत्सव भारतीय संस्कृति की विविधता, परंपरा और आपसी एकता का संदेश भी प्रसारित करेगा।

विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा शुचितापूर्ण व पारदर्शी ढंग से संपन्न

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों के लिए आयोजित विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा स्पेशल टीईटी-2026 प्रदेश के 6 मंडल मुख्यालयों पर पूर्ण शुचिता, निष्पक्षता एवं पारदर्शी व्यवस्था के साथ सकुशल संपन्न हो गई। लिखित परीक्षा प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ एवं आगरा के निर्धारित केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई। इसके अंतर्गत कक्षा 1 से 5 हेतु प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा कक्षा 6 से 8 के लिए द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2रू30 बजे से शाम 5 बजे तक निर्विघ्न वातावरण में आयोजित की गई।आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए आयोग मुख्यालय में स्थापित अत्याधुनिक एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव निगरानी की गई। परीक्षा अवधि में आयोग के सदस्यों, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में केंद्रों पर लगे एआई कैमरों और विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से परीक्षार्थियों की प्रत्येक गतिविधि पर सतत दृष्टि रखी गई। इस हाईटेक निगरानी का ही परिणाम रहा कि मंडल मुख्यालय लखनऊ स्थित परीक्षा केंद्र श्वप्पा श्री नारायण वोकेशनल इंटर कॉलेज, स्टेशन रोडश पर एक फर्जी परीक्षार्थी को रंगे हाथों पकड़ लिया गया, जो किसी अन्य वास्तविक परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा में बैठा हुआ था। उक्त फर्जी परीक्षार्थी के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया।आयोग के उप सचिव संजय सिंह ने परीक्षा में सहभागिता के आधिकारिक आंकड़े साझा करते हुए बताया कि दोनों पालियों को मिलाकर कुल 93,681 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया।

33 चीनी मिलों का इंडेंट जारी, शुरू हो गई गन्ना खरीद और पेराई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों के लिए नए पेराई सत्र 2026-27 को लेकर अच्छी खबर सामने आई है। प्रदेश में चीनी मिलों ने गन्ना खरीद की तैयारियां तेज कर दी हैं। अब तक 33 चीनी मिलों की ओर से खरीद के लिए इंडेंट जारी किया जा चुका है, 9 चीनी मिलों में गन्ने की पेराई भी शुरू हो गई है। गन्ना विकास विभाग के अनुसार प्रदेश की 9 चीनी मिलों में पेराई का काम शुरू हो चुका है। इनमें एक सहकारी क्षेत्र और आठ निजी क्षेत्र की मिलें शामिल हैं। क्षेत्रवार देखें तो सहारनपुर की 3, लखनऊ की 3, मुरादाबाद की 2 और मेरठ की 1 चीनी मिल में गन्ने की पेराई शुरू हो गई है। अन्य मिलों ने भी पेराई शुरू करने से जुड़ी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 24 चीनी मिलों ने गन्ना खरीद के लिए इंडेंट जारी किया है। इन मिलों का दीपावली से पहले संचालन शुरू करने का प्रस्ताव है।

अंजुमन-ए-मदहे सहाबा इमामे अहले सुन्नत के मिशन को आगे बढ़ाने का एक जरिया हैं

- अंजुमन इमामे अहले सुन्नत को अवार्ड मिलने पर बधाई सभा

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। संगठन ईमान में सुधार और ईमान की सच्चाई के लिए सोचने वालों की विचारों और चिंतकों की एक झलक हैं। मदहे सहाबा कुरान और हदीस के मतलब का एक तरीका है। जो संगठन, अंजुमन-ए-मदहे सहाबा और मिलाद कमेटियाँ इसे आयोजित करती हैं, इसमें हिस्सा लेती हैं या किसी भी तरह से इसमें सहयोग करती हैं, वे जरूर बधाई के पात्र हैं। आज के दौर में, वे इमाम अहले सुन्नत मौलाना मुहम्मद अब्दुल शकूर फारूकी (रह0) के मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। जिसे उन्होंने 19वीं सदी में शुरू किया था और लाखों मुसलमानों के ईमान की मजबूती और आस्था की सच्चाई के लिए शुरू किया था। मदहे सहाबा (रजी) अंजुमने इसका एक अहम हिस्सा हैं। ये विचार अंजुमन इमामे अहले सुन्नत (रह0) पाटानाला के तहत हुई एक स्वागत और बधाई सभा में हिस्सा लेने वालों ने व्यक्त किए। यह सभा शहर के अलग-अलग इलाकों में हुए अंजुमन मदहे सहाबा (रजी0) के मुकाबलों में सैय्यदुना अबू बक्र सिद्दीक अकबर (रजी), सैय्यदना हजरत उमर फारूक आजम (रजी), सैय्यदना हजरत उस्मान गनी (रजी) और सैय्यदना हजरत अली मुर्तजा (रजी) के नाम से लगातार चार अवॉर्ड हासिल करने पर हुई। मदरसा तजवीद अल-फुरकान दरियाई तुला के सामने बिस्मिल्लाह मेराज हॉल में मजलिस तहफ्फुज मिल्लत के सदर मौलाना हाफिज अब्दुल अजीम फारूकी की सरपरस्ती में हुई सभा में, इदारा दारा लंबुलगीन के मौलाना अब्दुल रहमान फारूकी और कारी मुहम्मद सिद्दीक सीतापुरी ने अंजुमन के लोगों को इस कामयाबी पर बधाई दी और शायर नसीर अहमद नसीर को भी बधाई दी, जिनके हम्द, नात और मदहे सहाबा (रजी) के कलाम अंजुमन ने पेश किए, जिन्हें इनाम और सम्मान मिले और उन्होंने न सिर्फ इमामे अहले सुन्नत के सहाबा (रजी) की तारीफ के मिशन को आगे बढ़ाया बल्कि उसमें कामयाबी भी हासिल की।

एलयू में समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू के गेट नंबर-3 पर समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर संगीत रागी का पुतला फूंका। साथ ही उनकी तस्वीर को पैरों से रौंदा। छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रोफेसर पर जातीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया। पुतला जलते ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी उसे लेकर वहां से हट गए। कार्यकर्ताओं ने प्रोफेसर संगीत रागी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। अमित यादव ने कहा कि संगीत रागी जैसे लोग कुंठित विचारधारा के हैं। इन्हें सबसे पहले प्रोफेसर के पद से हटाया जाए। जिस व्यक्ति की सोच अच्छी नहीं है वह छात्रों को अच्छी शिक्षा कैसे दे सकता है। हमारी मांग है कि पूरे यादव समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन कर रहे आदित्य ने कहा कि संगीत रागी समाजवादी पार्टी के सम्मानित प्रवक्ता पर जातिगत टिप्पणी किया है। यह टिप्पणी यादव समाज को लेकर की गई है। यह सिर्फ व्यक्ति विशेष पर नहीं बल्कि पूरे समाज से अभद्रता है। हम लोग किसी भी स्थिति में सपा नेता मनोज काका और उन पर की गई जातीय टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी व्यक्ति की छोटी सोच और मानसिक दिवालियापन का परिणाम है। इससे पहले ओम प्रकाश राजभर ने इसी प्रकार की टिप्पणी किया था। वहीं मौजूदा समय में कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री ने भी भगवान श्री कृष्ण का अपमान करने का काम किया है। जिस प्रकार से 2027 का चुनाव करीब आ रहा है वैसे ही यादव समाज को अपमान करने का चलन बढ़ गया है।

मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती की जरूरत-डॉ राय

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के मार्गदर्शन में देशव्यापी स्तर पर संचालित खेत बचाओ अभियान के तहत लखनऊ के प्यारेपुर ब्लॉक के डिगिया में भाकृअनुप-एनबीएफजीआर, केवीके, भाकृअनुप-आईएसआरआई एवं कृषि-विभाग ने संयुक्त रूप से विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान डॉ. अजय राय ने उर्वरकों के संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग, रासायनिक खादों का कम से कम उपयोग करने तथा लंबी अवधि की मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती की ओर बढऩे पर जोर दिया। उन्होंने बागवानी फसलों में कीट नियंत्रण के लिए अच्छी कार्य-प्रणालियों को लागू करने पर जोर दिया। किसानों को मृदा परीक्षण की प्रक्रियाओं, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभों के साथ-साथ केवीके एवं भाकृअनुप की सेवाओं और नई सरकारी कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई।इस अवसर पर डॉ. गौरव राठौर, प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर-एनबीएफजीआर ने किसानों को विभिन्न प्रकार के जलीय कृषि के बारे में जानकारी दी। यह तकनीक ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को रोजगार के नए अवसर और अतिरिक्त आय प्रदान करने में बेहद मददगार है।यह विधि समाज को उच्च प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार उपलब्ध कराकर खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विजय सिंह तकनीकी अधिकारी, आईसीएआर-एनबीएफजीआर ने तालाब में मछली के फिंगरलिंग्स को छोडऩे से पहले तालाब की तैयारी के बारे में भी विस्तार से बताया। 66 किसानों जिसमें11 महिलाओं और 55 पुरुषों ने कार्यक्रम भागीदारी की। राम गोपाल, अधिकारी, कृषि-विभाग और ज्योतिका मिश्रा, तकनीकी अधिकारी डॉ. अजय राय, विषय विशेषज्ञ, केवीके, भाकृअनुप-आईएसआरआई, और डॉ. गौरव राठौर, प्रधान वैज्ञानिक व विजय सिंह, तकनीकी अधिकारी, भाकृअनुप-एनबीएफजीआर, ने किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।

नवयुग दीपावली मेला का भव्य आयोजनरू संस्कृति उत्साह और रोशनी का महापर्व

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ में दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में भव्य दीपावली मेले का आयोजन किया गया। मेले का आयोजन रंग दे बसंती संस्था एवं महाविद्यालय की अहिल्याबाई होलकर सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। उत्सव के उल्लास, भारतीय संस्कृति की छटा और छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा से पूरा महाविद्यालय परिसर जगमगा उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेत्री अपर्णा यादव उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में संगीत नाटक अकादमी की उपाध्यक्ष विभा सिंह तथा संयोगिता सिंह चौहान, अटारी ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ अध्यक्ष (माल) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय भी उपस्थित रहीं। नवयुग दीपावली मेले का शुभारंभ अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। पारंपरिक भारतीय रीति-रिवाजों के अनुरूप अतिथियों का रोली-चावल से तिलक कर स्वागत किया गया। दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। अतिथियों को पौधे, स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। मेले में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा खानपान सहित विभिन्न आकर्षक स्टॉल लगाए गए। विशेष आकर्षण दिव्यांग बच्चों द्वारा संचालित आशा ज्योति एवं पायसम,मुबारक पुर की साड़ी के स्टॉल रहे, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और आत्मनिर्भरता का परिचय दिया। विभिन्न स्टॉलों पर खरीदारी और खानपान का आनंद लेते हुए छात्राओं एवं आगंतुकों ने मेले का भरपूर आनंद उठाया।
रंग दे बसंती संस्था की ओर से ओपन माइक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। प्रतिभागियों ने गायन, अभिव्यक्ति और अन्य मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में सभी ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। ओपन माइक प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विभा सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का सशक्त माध्यम हैं। हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने और उसे सदैव जीवंत बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सुंदर भजन की प्रस्तुति द संयोगिता सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान समय उत्सवों को उल्लास के साथ मनाने का है। दीपोत्सव केवल बाहरी प्रकाश का पर्व नहीं, बल्कि यह हमारे भीतर नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करता है। यही आंतरिक ऊर्जा भविष्य में हमारे कार्यों को नई दिशा प्रदान करती है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने कहा कि भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की स्मृति में दीपावली मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इतने वर्षों बाद भी भारतवासी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ इस पर्व को मनाकर अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। महाविद्यालय में इस प्रकार के आयोजनों से छात्राओं में भारतीय संस्कारों, सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं के प्रति सम्मान एवं जागरूकता विकसित होती है। मुख्य अतिथि अपर्णा यादव ने मेले की सराहना करते हुए कहा कि यहां आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई।

लोकतंत्र और संविधान की हत्या के इतिहास से रंगे हैं कांग्रेस के हाथः शर्मा

- भाजपा कार्यकर्ता विपक्ष की देशविरोधी राजनीति को कभी सफल नहीं होने देंगे बीजेपी कार्यकर्ता

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गोरखपुर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा के अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हाथ भारतीय लोकतंत्र और संविधान की हत्या के खून से रंगे हैं। आज जो कांग्रेस और उसके सहयोगी दल लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा की बातें कर रहे हैं, उन्हें अपने अतीत में झांकना चाहिए। देश का लोकतंत्र सबसे अधिक कांग्रेस के शासनकाल में कुचला गया है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दल एक बार फिर विदेशी इशारों, विदेशी सहारे और विदेशी फंडिंग के माध्यम से देश में अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन देश और प्रदेश की जागरूक जनता तथा भाजपा के कार्यकर्ता उनकी इन कोशिशों को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे। जनसभा में हजारों की संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों का उत्साह और समर्थन इस बात का प्रमाण है कि जनता देशविरोधी ताकतों और अराजकता फैलाने वाली राजनीति को पूरी ताकत से पराजित करेगी।

मायावती ने बुलाई बसपा की अहम बैठक

- मिशन-2027 की तैयारियों को लेकर संगठन को देंगी नई धार

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रह चुकीं मायावती ने गुरुवार, 5 नवंबर को लखनऊ में प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सभी 75 जिलों के जिलाध्यक्षों की अहम बैठक बुलाई है।
इसमें प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ सभी 75 जिलों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। बैठक में संगठन की जमीनी हकीकत परखने के साथ चुनावी तैयारियों और उम्मीदवारों के चयन पर मंथन होगा। बसपा कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, बैठक सुबह 11 बजे लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय, 12 माल एवेन्यू में मायावती की अध्यक्षता में होगी। इसमें प्रदेश संगठन के सभी स्तरों के छोटे-बड़े पदाधिकारियों को बुलाया गया है। बैठक में सबसे पहले प्रदेश में पार्टी संगठन की मौजूदा स्थिति और उसकी जमीनी मजबूती की समीक्षा की जाएगी। इसमें प्रदेश संगठन के सभी स्तरों के छोटे-बड़े पदाधिकारी और 75 जिलों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी संगठन की जमीनी स्थिति, उसकी मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।
मायावती पदाधिकारियों से पहले दिए गए दिशा-निर्देशों पर हुए कामकाज की रिपोर्ट भी लेंगी। इसके जरिए यह आकलन किया जाएगा कि जिलों में संगठन कितना सक्रिय है और पार्टी की तैयारियां किस स्तर तक पहुंची हैं। इसके साथ ही चुनाव के लिए बेहतर से बेहतर उम्मीदवारों के चयन और सर्वसमाज में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने की रणनीति पर भी चर्चा होगी। माना जा रहा है कि बैठक के जरिए पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को नए सिरे से सक्रिय करने और चुनावी रणनीति को धार देने की दिशा में महत्वपूर्ण फैसले कर सकती है।

किशोरी की संदिग्ध मौत को परिजनों ने बताया हत्या

- युवक पर आरोप कार्रवाई को लेकर काटा हंगामा

समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी शाहजहांपुर।





थाना परशुरामपुरी क्षेत्र के ग्राम कुराबंडा मजरा गुलरिया में 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने गांव के ही युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

परिजनों का आरोप है कि सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि करीब 1 बजे किशोरी के मोबाइल पर गांव के ही युवक का फोन आया था। आरोप है कि घर से बाहर बुलाकर उसके साथ गलत हरकत का प्रयास किया गया और विरोध करने पर मारपीट कर हत्या कर दी गई। बाद में शव को खेत में समरसेबल की बोरिंग पर दुपट्टे के सहारे लटका दिया गया। परिजनों ने बताया कि रात में नींद खुलने पर किशोरी बिस्तर पर नहीं मिली और घर का दरवाजा खुला था। रात भर तलाश के बाद सुबह करीब 6 बजे खेत में शव लटका मिला। पास ही पानी की हौदिया में किशोरी का मोबाइल भी मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शाहजहांपुर भेजा था। बुधवार को शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को पंचायत भवन में रखकर प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। मौके पर पुलिस अधिकारी ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराने के प्रयास में जुटे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कश्यप का स्वागत

मुनेंद्र गुप्ता की सक्रियता से सियासी चर्चाएं तेज

समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी, जलालाबाद।



भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कश्यप के प्रथम बार परशुरामपुरी आगमन पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। श्री वृंदावन मैरिज लॉन में उनके स्वागत में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता केशव मिश्रा एवं निवर्तमान चेयरमैन मुनेंद्र बाबू गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारों से पूरा लॉन गूंज उठा। जिलाध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर पूर्व चेयरमैन मुनेंद्र बाबू गुप्ता द्वारा अपने प्रतिष्ठान श्री वृंदावन मैरिज लॉन में कराए गए इस भव्य स्वागत के बाद राजनीतिक गलियारों में कयासों का दौर शुरू हो गया है। चर्चा है कि यह सक्रियता महज संगठन के प्रति सम्मान नहीं, बल्कि आगामी चुनावों को लेकर एक बड़ा राजनीतिक संदेश भी है। हालांकि तस्वीर अभी साफ नहीं है, लेकिन इस आयोजन ने स्थानीय राजनीति में हलचल जरूर बढ़ा दी है। स्वागत से अभिभूत जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कश्यप ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी की असली ताकत है। ओबीसी मोर्चा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा के साथ करेगा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पटना देवकली में खेत में पानी लगा रहे किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

समृद्धि न्यूज, कलान-शाहजहांपुर।

- परिवार में मचा कोहराम
- एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर किया घटनास्थल का निरीक्षण

क्षेत्र के पटना देवकली गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब लीज पर लिए खेत में पानी लगा रहे एक 35 वर्षीय किसान का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ। मृतक की पहचान बबलू कश्यप (35 वर्ष) के रूप में हुई। मृतक वाईटीटी कंपनी की जमीन को लीज पर लेकर खेती कर रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बबलू कश्यप रोजाना की तरह अपने लीज वाले खेत में सिंचाई करने गया था। सोमवार देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा,तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। मंगलवार सुबह जब ग्रामीण खेत की तरफ पहुंचे,तो बबलू कश्यप को मृत अवस्था में पाया गया। घटना की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक बबलू कश्यप के अचानक चले जाने से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनकी पत्नी विमलेश उर्फ मिथिलेश (33 वर्ष) और उनके पांच छोटे बच्चोंकृवासुदेव, सोनम, गौरी, कालिका और अनन्या का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी संभालने वाले इकलौते सहारे की इस तरह अचानक मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और आसपास के लोग उन्हें ढांढस बंधाने में जुटे हैं। उधर जब इस संबंध में क्षेत्राधिकारी जलालाबाद दीपक कुमार सिंह से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही मौके पर टीम भेज दी गई थी। वहीं सूचना मिलने पर एफ एस एल टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने मृतक के सब को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम हाउस शाहजहांपुर भेज दिया है उधर जब इस संबंध में कलान के प्रभारी निरीक्षक शिवदीन वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

संगठन के बिना कुछ नहीं होने वालाः देवजी रावत

- विश्व हिंदू परिषद समरसता विभाग की बैठक संपन्न

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय समरसता प्रमुख देवजी रावत ने शाहजीपुर महानगर स्थित खत्री धर्मशाला चैक में आयोजित समरसता गोष्ठी में कहा कि भगवान के जन्मदिवस पर जिस संस्था की स्थापना हुई हो आप उस संस्था के कार्यकर्ता है, भागवत कार्य समझकर हमें संगठन का कार्य करना है,संगठन के बिना कुछ नहीं होने वाला। लाखों करोड़ों लोग एक विचार लेकर एक दिशा में चलते हैं, तो उसका परिणाम आता है। 22 नवंबर से 6 दिसंबर तक हित चिंतक सदस्यता अभियान का कार्यक्रम पूरे देश में चलेगा और कहा कि विश्व हिंदू परिषद का कार्यकर्ता कैसा होना चाहिए पैर में चक्कर, मुंह में शक्कर, सर ठंडागार, हृदय में अंगार ऐसा होना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद पिछले 60 वर्षों से सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रयास कर रही है सामाजिक विषमता को दूर करने के लिए आपसी सद्भाव और संवाद जरूरी है समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने से ही सामाजिक एकता मजबूत होगी और कहा कि 20 फरवरी को माघ पूर्णिमा के अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की जयंती तहसील स्तर से लेकर गांव गांव तक मनाने की योजना है,इसके साथ ही भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर और महर्षि भगवान वाल्मीकि की जयंती को आयोजनों के माध्यम से सामान्य बंधुत्व और सामाजिक एकता का संदेश दिया जाएगा। कम शिक्षित और बेरोजगार युवाओं को हुनरमंद बनाकर आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पर्जन से हुआ। कार्यक्रम में प्रांत समरसता प्रमुख आलोक, प्रांत उपाध्यक्ष राजीव सिंह, प्रांत मंत्री अनुज सिंह, प्रांत समरसता टोली सदस्य श्रीओम गुप्ता, प्रान्त विशेष सह संपर्क प्रमुख सुमित खन्ना, विभाग संघठन मंत्री अनूप कुमार, विभाग मंत्री अश्नील सिंह सहित शाहजीपुर, बरेली व बदायूं के जिला समरसता प्रमुख, सह समरसता प्रमुख, एवं जिला पालक गण मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

अवैध खनन करते मिट्टी भरे दो डंपर सीज

सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर। सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव कुतुबापुर में अवैध रूप से हो रहे मिट्टी खनन की मुखबिर से सूचना मिलने पर खनन विभाग ने देर रात कार्रवाई की। मौके पर पहुंचे खनन अधिकारी ने मिट्टी से भरे दो डम्फरों (ट्रक) को कब्जे में लेकर थाने पर सीज करा दिया।खनन अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि काफी दिनों से दबंगों द्वारा रात-दिन अवैध मिट्टी खनन कराए जाने की सूचना मिल रही थी। मंगलवार की मध्य रात्रि करीब सवा बजे गांव कुतुबापुर की कृषि भूमि से बिना परमिट खनन की सूचना पर टीम मौके पर पहुंची। टीम को देखकर डम्फर चालक जेसीबी लेकर मौके से फरार हो गए। अधिकारी ने बताया कि दोनों डम्फरों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



शिव मंदिर में शंकर-पार्वती की मूर्ति क्षतिग्रस्त, पुलिस तैनात

सिंधौली, शाहजहांपुर। थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव मनुवावारी स्थित शिव मंदिर में स्थापित शंकर-पार्वती की मूर्ति क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार किसी समय की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव का ही एक मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति मंदिर पहुंचा और वहां स्थापित शंकर-पार्वती की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया गया कि घटना के समय मंदिर में पुजारी मौजूद नहीं थे। इसी दौरान आरोपी ने मंदिर में पहुंचकर मूर्ति को नुकसान पहुंचाया। कुछ ग्रामीण जब मंदिर की ओर गए तो उन्होंने मूर्ति को क्षतिग्रस्त अवस्था में देखा। इसके बाद गांव में घटना की जानकारी फैल गई और ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त मूर्ति को ठीक कराने का प्रयास किया, लेकिन वह पूरी तरह ठीक नहीं हो सकी। एहतियात के तौर पर मंदिर परिसर में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, जिससे गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मूर्ति क्षतिग्रस्त करने वाले व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। किसी प्रकार का कोई सांप्रदायिक तनाव नहीं है।

रुजहा धाम सरकार के प्रथम स्थापना दिवस पर हुआ हवन-पूजन

खुटार, शाहजहांपुर। क्षेत्र के गांव रुजहा कलां स्थित रुजहा धाम सरकार (खाटू श्याम मंदिर) में प्रथम स्थापना दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यज्ञाचार्यों ने विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन संपन्न कराया। जिला पंचायत सदस्य आनंद पटेल ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ यजमान के रूप में यज्ञ में भाग लिया और पूर्णाहुति देकर परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान के बाद दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा। सेवादारों ने पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से श्रद्धालुओं को प्रसाद परोसकर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रथम स्थापना दिवस पर मंदिर में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ रही।



डंपर की एक लापरवाही से बिजली व्यवस्था ध्वस्त, सड़क पर बिछ गए खंभे

- उठी लिफ्ट लेकर दौड़ता रहा चालक, तारों में फंसकर टूटे बिजली के पोल

समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।



मिट्टी ढुलाई में लगे डंपरों की मनमानी अब सरकारी संपत्ति के साथ आमजन की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनती जा रही है। बुधवार सुबह तिकुनिया गुरुद्वारे के पास एक डंपर चालक की कथित लापरवाही ने बिजली व्यवस्था को बड़ा झटका दे दिया। मिट्टी खाली करने के बाद चालक ने डंपर का डाला नीचे करना तक जरूरी नहीं समझा और उठी हुई लिफ्ट के साथ ही वाहन सड़क पर दौड़ा दिया। इसी दौरान लिफ्ट बिजली की लाइनों में उलझ गई। तारों पर जोरदार खिंचाव पड़ने से बिजली के कई खंभे टूटकर सड़क पर धराशायी हो गए। जानकारी के मुताबिक, डंपर लक्ष्मीपुर गांव से मिट्टी लेकर खुटार स्थित बीडीआर भट्टे पर पहुंचा था। आरोप है कि मिट्टी उतारने के बाद चालक ने सुरक्षा के बुनियादी नियमों को नजरअंदाज किया। उसकी इस चूक से बिजली विभाग को नुकसान उठाना पड़ा। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस घटना ने मिट्टी ढुलाई में लगे वाहनों की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या डंपरों को सड़क पर उतारने से पहले उनकी सुरक्षा जांच नहीं होती। उठे हुए डाले के साथ वाहन निकलने पर रोक लगाने की जिम्मेदारी किसकी है? बिजली के खंभे टूटने से हुए नुकसान की भरपाई आखिर कौन करेगा। अब देखना यह है कि बिजली विभाग नुकसान का आकलन कर जिम्मेदार चालक और वाहन मालिक के खिलाफ कार्रवाई करता है या सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का यह मामला भी कागजी कार्रवाई तक सिमटकर रह जाएगा। घटना के बाद संबंधित विभागों की जवाबदेही तय करने और नुकसान की भरपाई कराने की मांग उठ रही है।

एडीएम व एसडीएम के आदेशों का नहीं हुआ पालन, पीड़ित लगा रहा है चक्कर

- जूनियर हाईस्कूल के पास खड़ा शीशम का पेड़ काटकर गायब करने का आरोप

सिंधौली, शाहजहांपुर। थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव शिवनगर में जूनियर हाईस्कूल के पास सड़क किनारे खड़े करीब 22 वर्ष पुराने शीशम के पेड़ को काटकर गायब करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने जिलाधिकारी के नाम एडीएम से शिकायत की है। शिकायतकर्ता ने मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर पेड़ की लकड़ी बरामद कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि 8 सितंबर को पेड़ कटने की जानकारी होने पर लेखपाल और कानूनगो को सूचना दी गई थी। ग्रामीणों ने भी लकड़ी वापस कराने की मांग की, लेकिन अब तक लकड़ी वापस नहीं मिली। आरोप है कि मामले की जानकारी पुलिस को भी दी गई, इसके बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे गांव में आक्रोश और असंतोष व्याप्त है। शिकायतकर्ता ने एडीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर, कानूनी कार्रवाई करने तथा शीशम की बची हुई लकड़ी बरामद कराने की मांग की है। पीड़ित ने बताया पुलिस से बात हुई तो उन्होंने बताया जांच जांच चल रही है और वन विभाग को भी भेज दिया गया। वन रेंजर वीरेश्वर राव ने बताया यह मामला राजस्व विभाग का है उनके द्वारा ही कार्रवाई की जाएगी।

गर्रा नदी किनारे खेतों पर अवैध कब्जे पर एक दर्जन नामजद सहित डेढ़ दर्जन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर। सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव परसनिया निवासी राम भरोसे ने हल्का लेखपाल के साथ मिलकर थाना शाहाबाद क्षेत्र के गांव कुआं डांडा निवासियों के विरुद्ध खेतों पर अवैध रूप से कब्जा कर जोतने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि परसनिया गांव के किनारे से गर्रा नदी निकलती है। नदी किनारे की कृषि भूमि बाढ़ के दौरान कट जाती है और पानी घटने के बाद ग्रामीण अपनी जमीन पर जुताई कर फसल बो देते हैं। इस वर्ष भी बाढ़ का पानी कम होने पर राम भरोसे ने अन्य ग्रामीणों के साथ गेहूं की बुवाई के लिए खेतों की जुताई शुरू की थी। आरोप है कि इसकी जानकारी मिलने पर गर्रा नदी के दूसरी तरफ थाना और तहसील शाहाबाद के गांव कुआं डांडा निवासी राम कुमार, नरेश, जीतराम, छत्रपाल, मिढ़ाई, आदेश, बांके, राकेश, अरविन्द, शेर बहादुर, आशाराम, बब्लू, राम चन्द्र, लल्ला सहित 20 अज्ञात लोगों ने खेतों पर कब्जा करने का प्रयास किया।इस मामले में हल्का लेखपाल मनीष कुमार साहू के साथ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सोनिया दीक्षित ने गोल्ड मेडल जीत कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

- पंजाब में आयोजित होने वाले नेशनल जिम्नास्टिक कंपटीशन में भी सोनिया करेगीं प्रतिभाग

समृद्धि न्यूज, मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर।



क्षेत्र के ग्राम सिंगहा यूसुफपुर निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख अरविन्द कुमार दीक्षित और पूर्व प्रधान आशा दीक्षित की पौत्री 14 वर्षीय सोनिया दीक्षित ने स्टेट जिम्नास्टिक चैंपियनशिप कंपटीशन में प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का ही नहीं,बल्कि शाहजहांपुर जिले का नाम प्रदेश में रोशन किया है।

डॉ. समीर दीक्षित एमडी और ईरा दीक्षित की पुत्री सोनिया दीक्षित अपने माता-पिता के साथ गाजियाबाद में रहकर पढ़ाई के साथ साथ जिम्नास्टिक की भी प्रैक्टिस कर रही है। उसने उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने से पहले उत्तराखंड में भी आयोजित जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। बीती एक से चार नवंबर तक खेल गांव पब्लिक स्कूल प्रयागराज में आयोजित 43वीं स्टेट जिम्नास्टिक चैंपियनशिप कंपटीशन में सोनिया दीक्षित ने प्रतिभाग करके प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। प्रदेश स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद सोनिया दीक्षित को पंजाब में 17 से 20 नवंबर तक होने वाले नेशनल जिम्नास्टिक कंपटीशन में प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित किया गया है। पौत्री की इस उपलब्धि पर बाबा पूर्व ब्लॉक प्रमुख अरविन्द कुमार दीक्षित,दादी पूर्व प्रधान आशा दीक्षित,पूर्व प्रधान कृष्ण कांत दीक्षित,चाचा ग्राम पंचायत बढ़ऊ मझारा के प्रधान गोविंद दीक्षित आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए सोनिया दीक्षित को उपहार भेंट किए।

ददरौल में वृहद रोजगार मेले का आयोजन, 1174 में से 578 अभ्यर्थी चयनित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



रोजगार मिशन के अंतर्गत जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से मंगलवार को विधान सभा ददरौल के राजकीय आईटीआई रोजा परिसर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने फीता काटकर किया तथा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह व प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया।

विधायक ने संबोधन में कहा कि वह चाहते हैं कि जनपद में बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां लगें, जिससे युवाओं को नौकरी के लिए बाहर न जाना पड़े। पिपरौला क्षेत्र में एक बड़ी फैक्ट्री खुलने जा रही है, जिसमें हजारों लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। विधायक द्वारा मेले में चयनित 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र (ऑफर लेटर) भी प्रदान किए गए। वृहद रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 15 कंपनियों टाटा मोटर्स, अडानी सोलर एनर्जी, निमसन हर्बल, पुखराज हेल्थ केयर, स्वर्णलता मदरसन प्रा0लि0 नोएडा आदि ने प्रतिभाग किया। मेले में 1174 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 578 अभ्यर्थियों का चयन/शॉर्टलिस्ट किया गया। इनमें हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, जीटीआई, उत्तीर्ण अभ्यर्थी शामिल रहे। मंच संचालन राजकीय आईटीआई जलालाबाद के कार्यदेशक राजीव कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आईटीआई के ए.के. आनंद, रविंद्र कुमार, कृष्ण मुरारी तथा सेवायोजन कार्यालय के सत्यपाल, मनीष शर्मा, राकेश चंद्र, विश्वमोहन आदि का सहयोग रहा।

गन्ना किसान संस्थान में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण जारी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



मेरा युवा भारत के तत्वावधान में गन्ना किसान संस्थान में 2 से 7 नवंबर तक राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इसमें शाहजहांपुर एवं फर्रुखाबाद के स्वयंसेवक प्रतिभाग कर रहे हैं। तीसरे दिन की शुरुआत योग सत्र से हुई। इसके बाद जिला चिकित्सालय के नर्सिंग कर्मियों ने दवाओं के उचित उपयोग व स्वास्थ्य सावधानियों पर सत्र लिया। प्रशिक्षक सुरेश आर्य ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उप निदेशक मेरा युवा भारत माहे आलम ने सोशल मीडिया व डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। लेखाकार सोनम सचान ने प्रभावी संवाद, व्यक्तिगत विकास व व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवकों के बीच समन्वय व टीम भावना के लिए मनोरंजक गतिविधियां भी कराई गईं। दिनभर के सत्रों के बाद रात्रि में दीप प्रज्वलन व दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ।

सहकारिता की पहल से किसानों को मिलेगी बड़ी राहतः डीपीएस

चार नए एम्पैक्स केंद्रों पर उर्वरक व्यवसाय का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



पीसीएफ गोदाम हरदोई बाईपास से जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने हरी झंडी दिखाकर उर्वरक ट्रक को रवाना किया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता डा.गणेश गुप्ता , अपर जिला सहकारी सदर, हरिकेश पमार, अपर जिला सहकारी अधिकरी संजय सिंह, सहायक विकास अधिकारी

राकेश, अनिल सिंह, जिला प्रबंधक पीसीएफ यशवीर,क्षेत्रीय प्रबंधक इफको, समिति सभापति एवं स्थानीय किसान मौजूद रहे। सहकारिता विभाग ने जिले में किसानों को समय पर और आसानी से खाद-उर्वरक उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जनपद में सहकारिता विभाग के अंतर्गत नवगठित चार नए एम्पैक्स केंद्रों पर आधिकारिक रूप से उर्वरक व्यवसाय का शुभारंभ किया गया। पहल से स्थानीय किसानों को अब खाद के लिए लंबी कतारों या दूर-दराज के चक्करों से मुक्ति मिलेगी। जिन नवगठित केंद्रों पर कामकाज की शुरुआत हुई है, उनमें प्रमुख रूप से एम-पैक्स भुरिया विकासखंड खुदागंज,एम-पैक्स कंधरापुर खुदागंज,एम -पैक्स रुजवारी तिलहर एवं एम -पैक्स बबक्करपुर ददरौल के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि इन नए केंद्रों के खुलने से ग्रामीण इलाकों के किसानों को उनके नजदीक ही उचित मूल्य पर यूरिया और अन्य उर्वरक मिल सकेंगे। सहकारिता विभाग का यह प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों की कृषि संबंधी प्राथमिक आवश्यकताओं को समय पर पूरा करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

अब घर बैठे बुक करे खादः उर्वरक सेतु ऐप से शाहजहांपुर के 5000 किसान ऑनलइन बुकिंग कर 16000 बोरी उर्वरक प्राप्त कर चुके हैं।किसानों को खाद के लिए अब लंबी लाइनों में लगने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सहकारिता विभाग द्वारा शुरू की गई उर्वरक सेतु व्यवस्था के माध्यम से किसान घर बैठे ही ऑनलाइन खाद की बुकिंग कर आसानी से उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता डा. गणेश गुप्ता ने बताया कि उर्वरक सेतु पहल का उद्देश्य किसानों को पारदर्शी, सुगम और बिना किसी परेशानी के उर्वरक उपलब्ध कराना है। इस व्यवस्था के लागू होने से किसानों को समितियों या बिक्री केंद्रों पर घंटों कतार में नहीं खड़ा होना पड़ता।जनपद में अभी तक लगभग 5000 किसान इस ऑनलाइन व्यवस्था का लाभ उठा चुके हैं।डा. गणेश गुप्ता ने जिले के समस्त किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने एंड्रॉइड मोबाइल के गूगल प्ले स्टोर से उर्वरक सेतु ऐप डाउनलोड करें। ऐप पर पंजीकरण कर अपनी आवश्यकतानुसार खाद की ऑनलाइन बुकिंग करें और कतारमुक्त व सुगम वितरण प्रणाली का लाभ उठाएं।

सांड के हमले से युवक घायल, रेफर

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। सांड के हमले में घायल जलालाबाद के ग्रामीण युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहाँपुर किया रेफर। बुधवार की प्रातः दस बजे जलालाबाद के ग्राम नौशारा निवासी कैलाश जलालाबाद से कटरा चौराहे पर बस से उतकर पैदल मोहल्ला बंगशान में जा रहे थे। तभी ओवरब्रिज के सामने मिले सांड ने कैलाश पर हमला करके गम्भीर रूप से घायल कर दिया। गम्भीर रुप से घायल कैलाश को इलाज के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल शाहजहाँपुर को रेफर कर दिया गया है।

मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग का एक्शन जारी, कई सैंपल भरे गये

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

मिठाई व कोल्ड ड्रिंक कराई गई नष्ट, दुकानदारों को नोटिस जारी

खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन आयुक्त व डीएम के निर्देश पर जनपद में दीपावली पर्व को लेकर मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग अभियान जारी है। इसी क्रम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुभाष तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार यादव, डा.विवेक वर्मा, मनोज कुमार, सौरभ सोनी, अजीत सिंह, मानवेन्द्र कुमार व वरुण कुमार द्वारा विभिन्न स्थानों पर मिठाई की दुकानों के सघन निरीक्षण हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में कलान स्थित दीपक स्वीट्स, शिवाय स्वीट्स एवं मिर्जापुर बाजार स्थित दुकानों का, बण्डा स्थित अमर सिंह डेयरी, शिव शक्ति स्वीट्स, कृष्णा स्वीट्स, सक्सेना स्वीट्स, अन्नपूर्णा स्वीट्स, राम बहादुर स्वीट्स, राम नरेश स्वीट्स एवं बण्डा स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। मिठाईयों पर एक्सपायरी डेट लिखे जाने तथा खाद्य रंगों की उचित मात्रा प्रयोग के लिए खाद्य कारोबाररकर्ताओं को विशेष निर्देश दिये गये। टीम ने गुणवत्ता के संदेह पर दीपक स्वीट्स से 1 लौंज का नमूना, दीपक स्वीट से पेडा का 1 नमूना, अमर सिंह डेयरी से 1 मिश्रित दूध का नमूना, शिव शक्ति स्वीट्स से 1 सोन पापडी का नमूना भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। कृष्णा स्वीट्स एवं सक्सेना स्वीट्स में भण्डारित 5-5 किग्रा दूषित मिठाई नष्ट कराई । अन्नपूर्णा स्वीट्स में भण्डारति लगभग 15 किग्रा दूधित मिठाई एवं 15-16 लीटर एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक नष्ट कराई गयी। दीपक स्वीट्स, कृष्णा स्वीट्स, सक्सेना स्वीट्स, अन्नपूर्णा स्वीट्स, राम बहादुर स्वीट्स, राम नरेश स्वीट्स एवं बण्डा स्वीट्स के प्रतिष्ठान पर साफ-सफाई में कमियों पाये जाने के कारण नोटिस जारी की जा रही है। नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय विनीत कुमार ने बताया कि दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत अभियान आगे भी जारी रहेगा। अगर किसी तरह की मिलावटी दूध, मिठाई आदि बिक्री हो रही है तो अवगत कराएं। जिससे विभागीय जांच कराकर एक्शन लिया।

हज़रत हातिम अली शाह मियां के सालाना उर्स शरीफ का कुरआनख्वानी से हुआ आगाज

समृद्धि न्यूज़, तिलहर - शाहजहांपुर।



हज़रत हाजी हाफ़िज़ मोहम्मद हातिम अली शाह मियां के सालाना उर्स शरीफ़ का पहला दिन अकीदत और एहतराम के साथ कुरआनख़्वानी से शुरू हुआ। इस मौके पर कुरआन पाक की तिलावत की गई और मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली तथा आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं।

उर्स के पहले दिन सुबह से ही जायरीन और अकीदतमंदों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। बड़ी संख्या में लोगों ने मजार शरीफ पर पहुंचकर हाजिरी दी और गुलपोशी कर अपनी अकीदत का इजहार किया। लोगों ने मजार पर फातिहा पढ़कर अपने परिवार, समाज और देश की तरक्की एवं खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। उर्स के दौरान माहौल पूरी तरह रूहानी और खुशनुमा बना रहा। जायरीन ने हज़रत हातिम अली शाह मियां की दरगाह पर हाजिरी देकर अपनी अकीदत पेश की। पहले दिन आयोजित कुरआनख़्वानी के साथ उर्स की धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों का शुभारंभ हुआ। सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने बताया कि उर्स के दूसरे दिन 5 नवंबर को चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी तथा रात में जलसे का आयोजन होगा। वहीं, 6 नवंबर को सुबह 10:30 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। उन्होंने सभी अकीदतमंदों और जायरीन से उर्स में शिरकत कर सवाबे दारैन हासिल करने की अपील की।

मोपेड व बाइक की टक्कर में तीन घायल

तिलहर-शाहजहांपुर। हाइवे पर मोपेड व बाइक की हुई भीषण टक्कर में तीन लोग घायल हो गए । जिन्हें सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर दो लोगों को गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह गांव कुआंडांडा निवासी 55 वर्षीय छत्रपाल पुजारी हनुमान मंदिर से घर लौट रहे थे । इसी दौरान सिंधौली निवासी बाइक सवार 21 वर्षीय सचिन और 23 वर्षीय अतुल बंथरा से तिलहर आ थे । बाइक व मोपेड की छाया ढाबे के समीप अचानक आमने सामने भीषण टक्कर हो गई । जिसमें सभी तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर छत्रपाल और अतुल को गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि सचिन को उपचार देकर छुट्टी दे दी गई।

मिर्जापुर में गंगा उत्सव का आयोजन विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



विकास खंड मिर्जापुर के श्री रामसहाय मेमोरियल इंटर कॉलेज में नमामि गंगे एवं जिला गंगा समिति के संयुक्त तत्वावधान में गंगा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका कलान के चेयरमैन हरि नारायण गुप्ता ने मां गंगा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप निदेशक मेरा युवा भारत माहे आलम, समाजसेवी डॉ. विनय शर्मा, जीआईसी प्रधानाचार्य संजीव कुमार व प्रधानाचार्य बृज किशोर शर्मा मौजूद रहे। उत्सव में भाषण, चित्रकला, रंगोली व लाइव क्विज प्रतियोगिताएं हुईं। भाषण में सूर्य प्रताप प्रथम, सीनियर चित्रकला में स्मिता व जूनियर वर्ग में अदिति शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली में अंशिका सिंह व प्रिया सैनी विजेता रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गंगा आरती, नाट्य मंचन व केवट संवाद ने खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि ने कहा, गंगा केवल नदी नहीं, देश की सांस्कृतिक विरासत है, इसकी निर्मलता बनाए रखना हम सबका दायित्व है। गंगा समग्र के मैथिली शरण गुप्ता ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। हस्ताक्षर अभियान में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर अभिनव कश्यप, आलोक मिश्रा, धर्मवीर सिंह चंदेल समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय परिवार ने किया तथा जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय सक्सेना ने आभार व्यक्त किया।

आंगनवाड़ी केंद्र खुलने का रास्ता हुआ आसान

खीरी विकास समिति का संघर्ष जारी रहेगाः आमिर

शासन ने ज़िला मुख्यालय से एक बार फिर मांगी नगर पंचायत खीरी की डिमांड

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



खीरी विकास समिति का संघर्ष रंग ला रहा है। अब खीरी में आंगनवाड़ी केंद्र खुलने का रास्ता साफ होता दिखाई दे रहा है।शासन ने एक बार फिर ज़िला मुख्यालय से नगर पंचायत खीरी की डिमांड मांगी है। पता चले कि जिला मुख्यालय से सटे मात्र 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कस्बा खीरी आजादी के बाद से अभी तक भारत सरकार द्वारा संचालित अति महत्वपूर्ण विभाग महिला कल्याण एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों से वंचित हैं। जबकि कस्बा खीरी में अधिकांश लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हैं और यहां के अधिकांश नवजात शिशु और गर्भवती महिलाएं बेहतर इलाज और कुपोषण का शिकार होकर मौत का शिकार हो जाते है। इस संबंध में समाजसेवी संस्था खीरी विकास समिति वर्ष 2015, 2016, 2018, 2023 और जनवरी 2026 में अब तक लगभग एक दर्जन पत्र कार्यालय बाल विकास विभाग लखीमपुर से लेकर जिलाधिकारी व प्रदेश एवं केंद्र सरकार में संबंधित को प्रेषित कर चुकी है। पूर्व में 2016 में केंद्रीय सचिवालय और प्रदेश विभाग कार्यालय द्वारा कस्बा क्षेत्र में आंगनवाड़ी सेंटरो के स्थापना की डिमांड मांगी जा चुकी है, परंतु अभी तक इस मामले में कोई ठोस कदम नही उठाए गए है, जिस से अभी तक खीरी टाउन में एक भी आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित नहीं किया गया है। इस आशय का एक पत्र पुनः खीरी विकास समिति द्वारा एक माह दिया गया था, इस संबंध में आज फिर खीरी विकास समित के अध्यक्ष आमिर रज़ा में जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद से मुलाकात की और आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किए जाने के लिए पत्राचार की बात कही तो उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पूर्व में डिमांड के आधार पर खीरी नगर पंचायत को आकांक्षा योजना मैं शामिल किया गया है और जिला स्तर से आंगनबाड़ी केंद्रों की डिमांड की सूचना मांगी गई है। जिस विभाग द्वारा भेजी जा रहे हैं और उम्मीद जाता रही है जताई जा रही है कि जल्दी खीरी कस्बे में आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थापना की जाएगी। खीरी विकास समिति के अध्यक्ष आमिर रज़ा ने बताया कि उम्मीद है कि जल्द ही खीरी विकास समिति का संघर्ष रंग लाएगा और खीरी टाउन में केंद्रों की स्थापना होगी, जिससे यहां के नवजात शिशु और धात्री महिलाएं लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केदो की स्थापना के साथ ही खीरी के लगभग डेढ़ सौ लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

25 हजार का इनामी अंतरजनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार, छह माह से था फरार

छह जिलों में चोरी-नकबजनी समेत 37 मुकदमे दर्ज, नीमगांव पुलिस ने दबोचा, जेल भेजा

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नीमगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी एवं पिछले छह माह से फरार चल रहे अंतरजनपदीय शातिर चोर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष नीमगांव प्रवीर कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राममोहन पुत्र स्व. हरीशंकर वर्मा निवासी बड़गांव, थाना महोली, जनपद सीतापुर उर्फ करन उर्फ कन्हैया के रूप में हुई है। अभियुक्त थाना नीमगांव में पंजीकृत दो मुकदमों में वांछित था। पुलिस अधीक्षक द्वारा उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार अभियुक्त शातिर हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरुद्ध सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, कन्नौज, बरेली सहित कई जनपदों में चोरी, नकबजनी व आर्म्स एक्ट समेत कुल 37 मुकदमे पंजीकृत हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष प्रवीर कुमार, उप निरीक्षक बलवीर सिंह, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र अहमद, कांस्टेबल सुधीर नम्बरदार व कांस्टेबल महिपाल सिंह शामिल रहे।

स्वास्थ्य विभाग में शासन की स्थानांतरण नीति तार-तार 3 साल से एक ही जगह जमे हैं डॉक्टर व अधीक्षक

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

उत्तर प्रदेश सरकार की तबादला नीति को लखीमपुर खीरी का स्वास्थ्य विभाग खुलेआम ठेंगा दिखा रहा है। शासन की नीति के अनुसार, एक ही पटल या स्थान पर लंबे समय से जमे अधिकारियों और डॉक्टरों का तबादला किया जाना अनिवार्य है, लेकिन जनपद में यह नीति पूरी तरह से फाइलों में दबी नजर आ रही है। जिला अस्पताल से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ऐसे तमाम डॉक्टर और प्रशासनिक पद संभाले जिम्मेदार तैनात हैं, जो पिछले 3 वर्ष से भी अधिक समय से एक ही जगह पर कुंडली मारकर बैठे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जनपद के पसगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात अधीक्षक एक ही जगह पर लंबे समय से अंगद के पैर की तरह जमे हुए हैं। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद उनका स्थानांतरण न होना स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आखिर ऐसा क्या कारण है कि अधिकारियों की मेहरबानी के चलते स्थानांतरण नीति यहां आकर लागू नहीं हो पा रही है। तबादला नीति के उल्लंघन के साथ-साथ जिले में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और क्लीनिकों की बाढ़ आई हुई है। नियमों को ताक पर रखकर चलाए जा रहे इन अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई करने के बजाय लखीमपुर का स्वास्थ्य विभाग उन पर मेहरबान बना हुआ है। मोटी साठगांठ के चलते इन डग्गामार और बिना पंजीकरण वाले अस्पतालों पर कोई ठोस एक्शन नहीं लिया जा रहा है, जिससे गरीब और आम जनता की जिंदगी के साथ सरेआम खिलवाड़ हो रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल में 3 साल की समय सीमा पार कर चुके डॉक्टर अब भी मलाईदार पदों पर तैनात,अधीक्षक पर विशेष कृपा बनी है जहाँ मितौलो और पसगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक की एक ही जगह पर लंबे समय से तैनाती चर्चा का विषय। अवैध कारोबार को शह-जिले में बिना मानक और पंजीकरण के चल रहे अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई करने में विभाग पूरी तरह सुस्त।

2027 के विधानसभा चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व व सामाजिक न्याय की मांग, राहुल गांधी ने दिया भरोसा



समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

तैलिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिंद एवं सीतापुर के सांसद तथा पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश राठौर ने किया।

इस दौरान तेलिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राठौर, महिला प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका राठौर, जिलाध्यक्ष रविंद्र राठौर सहित प्रदेश के कई जनपदों के जिलाध्यक्ष एवं महासंघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी के समक्ष उत्तर प्रदेश के समस्त अति पिछड़े समाज की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति को प्रमुखता से उठाया। नेताओं ने कहा कि अति पिछड़ा समाज लंबे समय से राजनीतिक प्रतिनिधित्व और उचित हिस्सेदारी से वंचित रहा है। समाज को सामाजिक न्याय दिलाने के साथ-साथ राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। मुलाकात के दौरान वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी चुनाव में अति पिछड़े समाज को उसकी आबादी और सामाजिक भागीदारी के अनुरूप उचित राजनीतिक हिस्सेदारी देने की जोरदार मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए राहुल गांधी ने अति पिछड़े समाज को उचित हिस्सेदारी और सामाजिक न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस मुलाकात को उत्तर प्रदेश में अति पिछड़े समाज की राजनीतिक भागीदारी और अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

ऐतिहासिक दशहरा मेले में शायरी के नाम रही 12वीं शाम

मुशायरे की महफिल में देर रात तक गूंजती रही अदब व मोहब्बत की आवाज

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

ऐतिहासिक दशहरा मेला केवल मनोरंजन का उत्सव नहीं, बल्कि हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत, साहित्यिक चेतना और सामाजिक सौहार्द का जीवंत प्रतिबिंब भी है। इसी सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा आयोजित ऐतिहासिक दशहरा मेले की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 12वीं शाम मुशायरे के नाम रही। अदब, तहजीब, मोहब्बत और शायरी के खूबसूरत संगम से सजी इस महफिल में देर रात तक शेरो-शायरी की गूंज ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किए रखा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद जफर अली नकवी एवं गोला गोकर्णनाथ विधायक अमन गिरि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव एवं अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र का प्रभावशाली संचालन समाजसेवी एवं साहित्यकार राममोहन गुप्त अमर ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की ओर से, सामाजिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को विशिष्ट सम्मान प्रदान कर उनके योगदान का अभिनंदन किया गया। सम्मानित होने वालों में मुरलीधर मौर्य, पंकज रस्तोगी, सीमाब अहमद, शकील सागर, महेश कश्यप, सुशील गुप्ता, महंत रामकली गोस्वामी, पूर्व प्रधान मोहम्मद युनुस, एडवोकेट रिजवान उस्मानी, आरिफ एवं नवाज शरीफ सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।



उद्घाटन सत्र के उपरांत जैसे ही मुशायरे की महफिल सजी, शब्दों के जादू और भावनाओं की गहराई ने पूरे वातावरण को साहित्यिक रंगों से सराबोर कर दिया। एक के बाद एक मैकश अमरोही, निकहत मुरादाबादी, गुलरेज देवासी, मोहन मुंतजिर, इकबाल अकरम वारसी, अकमल बलरामपुरी, बिलाल सहारनपुरी, खुर्शीद, हैदर, हसन काजमी, अशरफ सिद्दीकी, मो शफी सीतापुरी, गुले सबा, अल्ताफ जिया, रशीद राहत, जमुना प्रसाद उपाध्याय, अज्म शाकरी, हाशिम फिरोज़ाबादी, बिलाल सहारनपुरी, नदीम फारुख, दमदार बनारसी, विकास सहाय आदि शायरों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने कभी प्रेम और इंसानियत का पैगाम दिया तो कभी जिंदगी के अनुभवों और सामाजिक सरोकारों को अल्फाजों में पिरोकर श्रोताओं के दिलों तक पहुंचाया। हर प्रभावशाली प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठता रहा। देर रात तक जमी इस महफिल ने साबित किया कि साहित्य और शायरी की ताकत आज भी दिलों को जोड़ने और संवेदनाओं को जगाने का अद्भुत सामर्थ्य रखती है। मुशायरे के सफल आयोजन में संयोजक मंडल की तमजीन बानो, शमीम बानो, शमशुल हसन, बरकत अली एवं एजाज अहमद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस यादगार साहित्यिक संध्या में उस्मानी डिग्री कॉलेज के प्रबंधक रिजवान उस्मानी, राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व जिलाध्यक्ष सौभाव अहमद चांद मियां, सुशील गुप्ता, मेलाध्यक्ष रवींद्र रावत, मेलाधिकारी समरा सईद, नीलम रस्तोगी, शमीम बानो, इंजीनियर दुर्गेश वर्मा, शफीक, मनोज राज, राकेश कुमार, बजरंग शर्मा, सुरेन्द्र मौर्य, चंद्र प्रकाश धुरिया एवं सर्वेश वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

गरीबी के आंकड़े

विश्व बैंक की निर्धनता एवं समानता संबंधी रिपोर्ट में यह कहा जा रहा है कि वर्ष 2011 से 2023 के बीच देश में करीब पचास करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकाले गए। इस रिपोर्ट में आगे कहा गया कि अत्यधिक निर्धन वर्ग के लोगों की संख्या में भी करीब पच्चीस फीसदी की कमी आई है। यह संख्या अब घटकर कुल आबादी की 2.6 फीसदी रह गई है। दावा किया जा रहा है कि निम्न मध्यम वर्ग के लोगों की तादाद में भारी कमी आ रही है। निस्संदेह, इन आंकड़ों को लेकर सरकारें अपनी पीठ थपथपा सकती हैं। कहा जा रहा है कि राजग सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की इसमें अहम भूमिका रही। लेकिन सवाल यह है कि ये आंकड़े कितने प्रामाणिक हैं और क्या विज्ञान-सम्मत तरीके से लिये गए हैं? अर्थशास्त्र में आंकड़ों को लेकर एक मशहूर उक्ति है- 'आंकड़े ऐसी कच्ची मिट्टी है, जिससे देवता और दैत्य दोनों बनाए जा सकते हैं।' यानी सरकारें उनका उपयोग अपनी सुविधा के अनुसार कर सकती हैं। हालांकि, गरीबी में कमी की यह शुरुआत संप्रग सरकार के समय के आंकड़ों के साथ की गई है। जिसकी समयावधि वर्ष 2011 से शुरू होती है। राजग सरकारों के कार्यकाल में जरूर अधिक समय को अध्ययन में शामिल किया गया है। जिसमें निर्धनता की आई कमी के कारणों में खपत में वृद्धि, रोजगार और खासकर महिलाओं के रोजगार में वृद्धि, सामाजिक कल्याण योजनाओं तथा खाद्य सब्सिडी जैसे कार्यक्रम को शामिल किया गया है। लंबे समय से देश राजनेताओं के गरीबी हटाओ के नारों व कार्यक्रमों का साक्षी रहा है। लेकिन उन कार्यक्रमों की सफलता इस बात पर निर्भर होती है कि गरीब कल्याण की योजनाओं का कितने कारगर ढंग से क्रियान्वयन हुआ। कितनी ईमानदारी से गरीब के हाथ में कल्याण योजनाओं की राशि पहुंची। बहरहाल, राजग सरकार का दावा है कि गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों को इससे बाहर निकालने में जन-धन योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,घर-घर शौचालय, घर-घर नल व आयुष्मान योजना की बड़ी भूमिका रही है। एक समय था कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि लोककल्याण के कार्य हेतु आवंटित हुए एक रुपये में से सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही जरूरतमंद के हाथ में पहुंचता है। हालांकि, न खाऊंगा और न खाने दूंगा के उद्घोष के बाद वास्तविक स्थिति में क्या बदलाव आया, यह अध्ययन का विषय होना चाहिए। हालांकि, विपक्षी नेता इस स्थिति के बावजूद मुफ्त खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम की जरूरत को लेकर भी सवाल उठाते हैं। यह सुखद है कि देश में कुछ जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अपना जीवन स्तर सुधारने का अवसर मिला। लेकिन देश में अक्सर यह सवाल उठाया जाता रहा है कि जब भारत दुनिया में सबसे तेज गति से विकसित होती अर्थव्यवस्था है, तो लोगों के जीवन में व्यापक बदलाव क्यों नहीं आता? क्यों देश में अमीरी-गरीबी की खाई लगातार बढ़ती जा रही है? सही मायने में किसी देश में होने वाला विकास न केवल तर्कसंगत होना चाहिए, बल्कि न्यायसंगत भी होना चाहिए। वैसे यदि वास्तव में आंकड़ों के अनुसार देश में गरीबी में कमी आई है तो यह हमारे लिये उत्साहजनक स्थिति है। यह जानते हुए कि इस अवधि में हमने कोरोना का भयावह काला दौर देखा था। भारी संख्या में जनधन की हानि हुई, लेकिन अब ये अतीत की बातें बन चुकी हैं। बहरहाल, विश्व बैंक के आंकड़ों के आलोक में केंद्र सरकार को देश में गुणवत्ता वाले रोजगार के अवसरों में तुरंत वृद्धि करनी चाहिए। उसे महसूस करना चाहिए कि देश में युवा सड़कों पर क्यों हैं। उसके लिये अवसरों की कमी क्यों हो रही है? देश में आय की असमानता कैसे दूर होगी? निस्संदेह, भारत एक श्रमप्रधान देश है। देश की बड़ी आबादी सघन श्रमशक्ति वाले उद्योगों से जुड़ी है। ऐसे में जब पश्चिमी देशों में एआई केंद्रित उत्पादकता पर बल दिया जा रहा है, तो भारतीय श्रमप्रधान उद्योगों को बचाने की जरूरत होगी। तभी हमारे देश में आर्थिक असमानता दूर करने और गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य पाये जा सकेंगे।

फिर हेलीकॉप्टर हादसा

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि उत्तराखंड में तीर्थयात्रियों को ला रहा एक हेलीकॉप्टर फिर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में बद्रीनाथ से देहरादून लौट रहे पांच तीर्थयात्रियों और पायलट समेत छह लोगों की मौत हो गई। जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के चलते पहाड़ी इलाकों में हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने पर यात्रियों के बचने की संभावना ना के बराबर होती है। यदि राहत व बचाव का कार्य शुरू भी किया जाए तो विषम परिस्थितियों में यह संभव नहीं हो पाता। लेकिन बेहद ऊंचे हिमालयी इलाकों में हेलीकॉप्टर सेवा को लेकर जो अतिरिक्त सुरक्षा सावधानी बरती जानी चाहिए, वह नजर नहीं आती। लगता हेलीकॉप्टर सेवा संचालित करने वाली कंपनियां यात्रियों की सुरक्षा के बजाय अपने मुनाफे को ही प्राथमिकता दे रही हैं। विडंबना यह है कि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान ऐसे हादसे लगातार होते रहे हैं। बल्कि हादसों के बाद कुछ समय के लिये हेलीकॉप्टर सेवाओं को रोका भी गया था। लेकिन फिर 'वही ढाक के तीन पात' वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में इस हिमालयी राज्य में हेलीकाप्टर हादसे और इमरजेंसी की स्थिति में हेलीकॉप्टर उतारने की कई घटनाएं सामने आई हैं। जिसके चलते निजी कंपनियों द्वारा हवाई सेवा के परिचालन के तौर-तरीकों और तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस बाबत गत वर्ष जुलाई में संसद में नागरिक उड्डयन मंत्रालय की तरफ से आधिकारिक जानकारी संसद को दी गई थी। जिसमें बताया गया कि साल 2020 के बाद देश में बारह हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई थी। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि इनमें से सात दुर्घटनाएं सिर्फ उत्तराखंड में हुई थीं। इन हादसों में जिन तीस लोगों की मृत्यु हुई, उनमें से इक्कीस सिर्फ उत्तराखंड में हुए हादसों में मारे गए। जिससे उत्तराखंड में चारधाम यात्रा में हवाई सेवा देने वाली कंपनी की सुरक्षा नीति और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठने स्वाभाविक ही हैं। इन हादसों के बाद हुए व्यापक विरोध के चलते कुछ समय हेलीकॉप्टर सेवा का परिचालन स्थगित भी किया गया था।यहां सवाल उठना स्वाभाविक है कि इन हादसों के बाद भी नियामक संस्थाएं तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी की जवाबदेही क्यों तय नहीं कर रही हैं? सवाल यह भी है कि तीर्थ यात्रियों का जीवन खतरे में डालने वाली कंपनी के मालिक व अधिकारियों को क्या कभी जवाबदेह ठहराया गया? क्या कंपनी पर कभी जुर्माना लगाया गया? बीच में सेवा को स्थगित किया था।

महंगे जूतों में भी हवाई यात्रा मुश्किल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में 2017 में शिमला में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) की शुरुआत की थी। सरकार इस योजना के जरिए क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देना चाहती थी। इस योजना के तहत एक घंटे तक की उड़ान के लिए किराया 2500 रुपए से ज्यादा नहीं होगा, ऐसा बताया गया था। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने उड़ान का ऐलान करते हुए कहा था कि उनका सपना है कि-हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज में यात्रा कर सके। यह जुमला भी दो करोड़ रोजगार और हर खाते में 15 लाख जैसा हिट हो गया था। हालांकि अब दस साल पुरानी बात को याद करने का क्या फायदा। क्योंकि मोदी ने हवाई चप्पल वालों के लिए सपना ही तो देखा था, उसे पूरा करने की कई शर्त तो वैसे भी नहीं थी। हवाई चप्पल वाले कहते ही भारतीय समझ जाते हैं कि बात गरीबों की हो रही है। तो गरीबों के लिए मोदी ने जो सपना देखा था, वो कतई पूरा नहीं हो सका, बल्कि गरीब तो ट्रेनों में भी बड़ी मुश्किल से अब सफर कर पाते हैं, क्योंकि किराए बढ़ चुके हैं। दूसरी तरफ जिन लोगों के पैरों में महंगे जूते-चप्पल हैं, उनके लिए भी हवाई यात्रा करना इस समय नामुमकिन बना दिया गया है। त्योहार के मौसम में एक तरफ ट्रेनों में आरक्षित सीट मिलना दूभर है, दूसरी तरफ घरेलू हवाई टिकटों की कीमत आसमान छू रही है। इसी तकलीफ को लेकर एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई। जिसमें हवाई किराये में 700 प्रतिशत तक की वृद्धि का आरोप लगाते हुए अदालत से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई थी। लेकिन सोमवार 2 नवंबर को याचिका का उल्लेख किए जाने पर जस्टिस विक्रमनाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, मत करिए हवाई यात्रा। चलिए आगे बढ़िए, अगला केस। यह जवाब काफी सुना-सुना सा लगता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी तो प्याज महंगी होने पर कहा था कि मैं प्याज नहीं खाती। संक्षेप में आम जनता के लिए संदेश यही है कि अगर आपको खाने-पीने की चीजें महंगी लग रही हैं, तो मत खाइए। सरकारी अस्पताल में सुविधा नहीं है तो निजी अस्पताल जाइए, वहां भी इलाज महंगा लगे तो बीमार बने रहिए। स्कूल महंगे लगें तो बच्चों को मत पढ़ाइए। टिकट महंगी है तो विमान से नहीं ट्रेन से जाइए, उसमें भी तकलीफ है तो जहां हैं, वहीं रहिए, भले त्योहार रहे या किसी गम अथवा खुशी में अपने परिवार के पास जाना हो, मन मारिए और सफर मत करिए। मतलब यही कि आपकी यात्रा, खान-पान, इलाज, शिक्षा, मनोरंजन, साफहवा-पानी, अच्छी सड़क ये सब सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, आप सरकार की जिम्मेदारी नहीं हैं। अपना इंतजाम खुद करिए।

मोदी सरकार ने ऐसा लोकतंत्र बना दिया है जिसमें लोक और तंत्र दोनों दृश्य से गायब होते जा रहे हैं। बेशक महंगी विमान यात्रा पर दायर मूल जनहित याचिका पर 16 नवंबर की तारीख सुनवाई के लिए तय है, जो सामाजिक कार्यकर्ता एस. लक्ष्मीनारायण की तरफ से दायर की गई है। लेकिन तब तक दिवाली, भाई दूज और छठ पूजा के दौरान होने वाली अधिकांश त्योहार यात्राएं पूरी हो चुकी होंगी। इसलिए उसी लंबित जनहित याचिका के हिस्से के रूप में इस आवेदन को अदालत में लगाया गया। मूल याचिका में विमानन क्षेत्र में पारदर्शिता, यात्रियों के हितों की सुरक्षा और हवाई किराये में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए नियामक व्यवस्था बनाने की मांग की गई है। लेकिन अभी अदालत से मांग की गई थी कि मामले को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए और मौजूदा त्योहारों के मौसम में हवाई किराये पर अस्थायी सीमा निर्धारित की जाए। याचिकाकर्ता के वकील अदालत में कहा कि हवाई यात्रा एक आवश्यक सेवा है और किराये में इतनी भारी बढ़ोतरी संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता और कानून के समान संरक्षण की गारंटी देता है। आवेदन में 29 अक्टूबर की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि दिल्ली से कोलकाता का टिकट, जिसकी सामान्य कीमत लगभग 10,000 से 11,000 रुपये होती है, 6 नवंबर की यात्रा के लिए 78,694 रुपये तक पहुंच गया। वहीं बेंगलुरु-दिल्ली का किराया जो रुपए 15,901 होता था वो दोपहर में रुपए 40,506 जा पहुंचा। मुंबई-दिल्ली का किराया रुपए 11,531 से सीधे 60,577 जा पहुंचा है, जबकि दिल्ली-मुंबई का किराया रुपए 5,223 से सीधे 26,793 जा पहुंचा है। विमानन कंपनियां हवाई किराये में बढ़ोतरी के लिए एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों को जिम्मेदार बताती रही हैं। महंगे ईंधन के कारण कुछ बढ़ोतरी तो उचित हो सकती है, लेकिन इससे सामान्य किराये के मुकाबले सात गुना तक कीमत बढ़ाना गलत है।

आवेदन में रेलवे, आवश्यक दवाओं और बिजली की कीमतों का उदाहरण देते हुए कहा गया है कि इन क्षेत्रों में कीमतों पर नियामक नियंत्रण मौजूद है। लेकिन हवाई यात्रा के मामले में त्योहारों के दौरान किराये में कई गुना वृद्धि पर प्रभावी नियंत्रण नहीं है। याचिकाकर्ता ने कहा कि हवाई परिवहन को आवश्यक सेवा के रूप में देखा जाता है। ऐसे में सरकार इस सेवा की कीमतों को पूरी तरह अनियंत्रित नहीं छोड़ सकती। लेकिन अब जबकि इस मामले में दो टूक जवाब अदालत की तरफ से आ गया तो सरकार भी अब बेफिक्री से यात्रियों की परेशानी को अनदेखा करती रहेगी। हालांकि केंद्र सरकार ने 1 नवंबर को भारतीय वायुयान नियम, 2026 अधिसूचित किए हैं। जो 1 जनवरी 2027 से प्रभावी होंगे। नए नियमों में सरकार को असाधारण परिस्थितियों में जनहित को ध्यान में रखते हुए विमानन कंपनियों के किराये के संबंध में निर्देश जारी करने का अधिकार दिया गया है। नियम 192 के तहत निर्धारित विमानन सेवाएं संचालित करने वाली कंपनियों को परिचालन लागत सहित विभिन्न कारकों के आधार पर किराया निर्धारित करना होगा और किराये से संबंधित जानकारी डीजीसीए को देनी होगी। लेकिन 2027 तक तो विमानन कंपनियां मनमाना किराया वसूलती ही रहेंगी, ऐसे आसार है। पिछले साल की शुरुआत में प्रयागराज कुंभ के वक्त भी ऐसी ही महंगी टिकटें हुई थीं तो कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने राज्यसभा में इस पर सवाल उठाते हुए बताया था कि लंदन की टिकट 24,000 रुपये में मिल जाती है, लेकिन चेन्नई से प्रयागराज के लिए टिकट 53000 रुपये से अधिक और बेंगलुरु से 51,000 रुपये है। तब तत्कालीन सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा था सनातन के लिए पाचनशक्ति थोड़ी बढ़ाइए।

प्रतिभाओं का पलायन और भारत की चुनौती

अरुण कुमार डनायक



भारत से श्रमिकों और अन्य वर्गों के लोगों का विदेश जाना लगभग दो शताब्दियों पुरानी परिघटना है। ब्रिटिश शासन में बड़ी संख्या में भारतीयों को गिरमिटिया मजदूरों के रूप में मॉरीशस, फिजी और कैरेबियाई देशों में भेजा गया। दक्षिण अफ्रीका और पूर्वी अफ्रीका के केन्या जैसे देशों में भी भारतीय मजदूरों के साथ गुजराती व्यापारी और कारोबारी पहुंचे। इन क्षेत्रों से भारत के व्यापारिक और सांस्कृतिक संपर्क इससे भी पुराने रहे हैं। समय के साथ अनेक देशों में भारतीय मूल के समुदाय विकसित हुए, जो आज वहां की राजनीति, व्यापार और सामाजिक जीवन में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। कुछ देशों में उनके प्रतिनिधि राष्ट्राध्यक्ष और सरकार के प्रमुख पदों तक भी पहुंचे हैं। स्वतंत्रता के बाद भी समय-समय पर भारत सरकारों ने श्रमिकों की मांग वाले देशों में उनके जाने को प्रोत्साहित किया। अमेरिका जाने का सपना देखने वाले भारतीय युवाओं के सामने आज विचित्र स्थिति है। जिस देश को वे बेहतर शिक्षा, ऊंचे वेतन, आधुनिक अनुसंधान और उज्ज्वल भविष्य का प्रवेशद्वार मानते हैं, उसी की आव्रजन नीतियां उनके लिए अनिश्चितता बढ़ा रही हैं। वहां काम करने वाले भारतीय पेशेवरों के लिए नौकरी और स्थायी निवास की राह कठिन होती जा रही है। एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियों को विशेष योग्यता वाले विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। इसके धारकों में भारतीय आईटी विशेषज्ञों और इंजीनियरों की बड़ी हिस्सेदारी है। अमेरिकी नागरिकों के रोजगार और वेतन की रक्षा का तर्क देते हुए ट्रंप प्रशासन ने नियम कड़े किए और कुछ नई याचिकाओं पर एक लाख डॉलर शुल्क घोषित किया। हालांकि, अदालतों के आदेशों से इसके कार्यान्वयन में बाधा आई। एच-1बी वीजा धारकों की परेशानी भारत यात्रा के दौरान भी बनी रहती है। वापसी के लिए नई वीजा स्टैम्पिंग आवश्यक होने और वाणिज्य दूतावास में नियुक्ति मिलने में देरी के कारण उनकी वापसी अटक सकती है। इससे नौकरी, परिवार और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका रहती है। अमेरिकी प्रशासन का तर्क है कि विदेशी कर्मचारियों को कम वेतन पर नियुक्त करने की प्रवृत्ति रोककर अमेरिकी नागरिकों के रोजगार की रक्षा की जानी चाहिए। लेकिन सभी विदेशी पेशेवरों को सस्ते श्रम की श्रेणी में रखना उचित नहीं है। भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, चिकित्सकों और तकनीकी विशेषज्ञों ने अमेरिकी संस्थानों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कठोर वीजा नीतियां प्रतिभाशाली पेशेवरों को हतोत्साहित कर सकती हैं और दूसरे देशों के लिए उन्हें आकर्षित करने के अवसर बढ़ा सकती हैं। अमेरिका की समस्याओं को उसकी शक्ति के अंत के रूप में देखना उचित नहीं होगा। अर्थव्यवस्था, सैन्य क्षमता, उच्च शिक्षा और तकनीकी नवाचार उसे अब भी प्रमुख वैश्विक शक्ति बनाए हुए हैं। फिर भी, राजनीतिक ध्रुवीकरण, आय की असमानता, बंदूक हिंसा, महंगी स्वास्थ्य सेवाएं और जर्जर सार्वजनिक ढांचा उसकी कमजोरियां उजागर करते हैं। संबंधित वैश्विक रैंकिंग में अमेरिका स्वास्थ्य में 33वें, बुनियादी ढांचे में 39वें, नागरिक कल्याण में 41वें और प्राकृतिक पर्यावरण में 72वें स्थान पर रहा। 2024 में उसकी जीवन प्रत्याशा 79 वर्ष थी। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि आर्थिक और सैन्य शक्ति बेहतर स्वास्थ्य, पर्यावरण और नागरिक कल्याण की गारंटी नहीं है। इन चुनौतियों के बावजूद अमेरिका भारतीय युवाओं की पसंद बना हुआ है। विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, पर्याप्त शोध संसाधन और उद्योगों से जुड़कर नवाचार को व्यावसायिक रूप देने के अवसर उन्हें आकर्षित करते हैं। विडंबना यह है कि एच-1बी वीजा पर काम करने वाले भारतीय पेशेवरों को श्विदेशी अनुबंधित बंधुआ मजदूर्य जैसी अपमानजनक संज्ञा से भी संबोधित किया गया है। यह टिप्पणी विदेशी पेशेवरों के योगदान के प्रति उपेक्षापूर्ण दृष्टिकोण दर्शाती है। इसके बावजूद बेहतर अवसरों की तलाश में युवा अमेरिका जाने को तैयार हैं, क्योंकि भारत में उच्चस्तरीय अनुसंधान, गुणवत्तापूर्ण रोजगार और आधुनिक संस्थागत सुविधाओं के अवसर अभी सीमित हैं। भारत में युवा शक्ति और प्रतिभा की कमी नहीं, लेकिन उनके अनुरूप अवसर सीमित हैं। उच्चस्तरीय शिक्षण और शोध संस्थानों की कमी है। निजी क्षेत्र ने निवेश किया है, लेकिन उसके अनेक संस्थानों की फीस आम परिवारों की पहुंच से बाहर है। अमेरिका में शिक्षा ऋण और पढ़ाई के साथ काम करने के अवसर अपेक्षाकृत अधिक हैं, जबकि भारत में इनका दायरा सीमित है। इसके अलावा, नौकरशाही की जटिलताएं भी नए संस्थानों और शोध गतिविधियों के विकास में बाधा बनती हैं। कुछ युवाओं की शिकायत है कि आरक्षण के कारण उन्हें शिक्षा, रोजगार और पदोन्नति में योग्यता के अनुरूप अवसर नहीं मिलते। आरक्षण सामाजिक न्याय और ऐतिहासिक वंचना दूर करने का आवश्यक माध्यम है, लेकिन सभी वर्गों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पारदर्शी नियुक्तियां और योग्यता का उचित मूल्यांकन भी जरूरी है। सामाजिक न्याय और उत्कृष्टता के संतुलन के लिए अवसरों, रोजगार की गुणवत्ता और अनुसंधान के वातावरण का निष्पक्ष आकलन होना चाहिए। स्वतंत्रता के बाद भारत ने विदेश में अनुभव प्राप्त प्रतिभाओं को अवसर देकर संस्थान निर्माण को गति दी। प्रोफेसर यशपाल ने 1958 में अमेरिका से पीएचडी प्राप्त की और भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान को समृद्ध किया। यू. आर. राव 1966 में भारत लौटे और अंतरिक्ष कार्यक्रम को मजबूत किया। डॉ. अशोक सेठ 1988-89 में तथा डॉ. नरेश त्रेहान 1988 में लौटे और आधुनिक हृदय चिकित्सा के विकास में योगदान दिया। सैम पित्रोदा ने राजीव गांधी के कार्यकाल में दूरसंचार आधुनिकीकरण को गति दी। अमर्त्य सेन 1963 में दिल्ली स्कूल ऑफ इकानॉमिक्स से जुड़े, जबकि रघुराम राजन 2012 में मुख्य आर्थिक सलाहकार और 2013 में रिजर्व बैंक के गवर्नर बने। मोदी सरकार ने स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों के माध्यम से तकनीकी विकास पर जोर दिया है। लेकिन प्रतिभाओं की वापसी के लिए रामानुजन फेलोशिप (2005-06) और रामालिंग स्वामी री-एंट्री फेलोशिप (2006-07) जैसी पहले से चल रही योजनाएं ही आगे बढ़ाई गई हैं।

सरकार की सत्तावादी और बहुसंख्यकवादी प्रवृत्तियां तथा जीवन के लगभग हर क्षेत्र में बढ़ती नौकरशाही विदेशों में बसे भारतीयों को स्वदेश लौटने से हतोत्साहित करती हैं। भारत की समस्या केवल प्रतिभाओं का विदेश जाना नहीं, बल्कि उनके ज्ञान और कौशल का देश में पर्याप्त उपयोग न हो पाना भी है। सफलता का पैमाना यह होना चाहिए कि कितने विश्वस्तरीय शोध समूह विकसित हुए, नई तकनीकें और उत्पाद बने, गुणवत्तापूर्ण रोजगार पैदा हुए और युवाओं को अपनी क्षमता के अनुरूप काम मिला। केवल राष्ट्रवाद का आह्वान युवाओं को देश में रोकने के लिए पर्याप्त नहींय उन्हें ऐसे विश्वविद्यालय, प्रयोगशालाएं और उद्योग चाहिए, जहां उनकी योग्यता का सम्मान हो, विचारों की स्वतंत्रता मिले और मेहनत का उचित प्रतिफल। भारत की वास्तविक सफलता यह नहीं कि अमेरिकी वीजा के दरवाजे बंद हो जाएं, बल्कि यह कि उनके खुले रहने पर भी युवा देश में रहकर या लौटकर उसके विकास में योगदान देना चाहें। प्रतिभाओं को रोकने का स्थायी उपाय प्रतिबंध नहीं, बल्कि ऐसा भविष्य बनाना है, जिसे छोड़ने की विवशता उन्हें महसूस न हो।

यूरोप में एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए युवाओं का विद्रोह

असद मिर्जा

यूरोप में चल रहे विरोध-प्रदर्शन सिर्फ युवाओं का विद्रोह नहीं हैं, और न ही यह कोई एक संगठित आंदोलन है। यह इस बात को लेकर एक व्यापक संघर्ष है कि किसे सुरक्षा और अवसर मिलेगा और किस पर राजनीतिक ध्यान होगा। फ्रांस और जर्मनी से लेकर सर्बिया तक, युवा प्रदर्शनकारी अपने से बड़ी उम्र के साथियों के साथ मिलकर एक साझा डर के खिलाफ खड़े हैं उन्हें डर है कि एक अच्छे भविष्य के वादे अब उनसे दूर होते जा रहे हैं। इसके तात्कालिक कारण अलग-अलग हैं। फ्रांस में, स्कूलों की अनदेखी, शिक्षकों की कमी और उच्च शिक्षा तक समान पहुंच न होने को लेकर छात्रों का गुस्सा, जीवन-यापन की बढ़ती लागत और सरकार की कार्यशैली से उपजी व्यापक निराशा के साथ जुड़ गया है। जर्मनी में, युवाओं ने बेहतर फंड वाले स्कूलों, आवास, सामाजिक सेवाओं और जलवायु संबंधी कदमों की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है साथ ही वे अनिवार्य सैन्य सेवा को फिर से लागू करने का विरोध कर रहे हैं। पुर्तगाल और स्पेन में, आवास का महंगा होना और लोगों का बेघर होना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया है। सर्बिया में, छात्रों का आंदोलन एक अलग ही रास्ते पर चला गया, और बुनियादी ढांचे की एक घातक विफलता के कारण शुरू हुआ विरोध-प्रदर्शन, अंततः सत्ताधारी पार्टी के लिए एक चुनावी चुनौती बन गया। कारण भले ही अलग-अलग हों, लेकिन एक स्पष्ट पैटर्न दिखाई देता है। युवाओं को लग रहा है कि एक वयस्क जीवन बनाने की लागत, उनके इस भरोसे से कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ रही है कि काम, शिक्षा या राजनीति में भागीदारी से उन्हें स्थिरता मिलेगी। आवास का मुद्दा सबसे बड़ा दबाव है। अगर किफायती किराया न हो, तो आत्मनिर्भर होने में देरी होती है। बिना एक सुरक्षित घर के, परिवार बसाने, कॅरियर बनाने या काम के लिए कहीं और जाने की योजना बनाना मुश्किल हो जाता है। स्कूलों और विश्वविद्यालयों को पर्याप्त फंड न मिलने से युवाओं में यह भावना और गहरी हो जाती है कि सार्वजनिक संस्थान उनसे धैर्य रखने की उम्मीद तो करते हैं, लेकिन उन्हें वे जरूरी साधन नहीं दे पाते जिनकी उन्हें जरूरत है। ये शिकायतें सिर्फ सुख-सुविधाओं की कमी के बारे में नहीं हैं, बल्कि ये नागरिकता की शर्तों से जुड़ी हैं। जिस पीढ़ी से कहा गया कि वे पढ़ाई करें, कड़ी मेहनत करें और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालें, वह पीढ़ी अब वाजिब सवाल पूछ रही है कि इस समझौते का क्या फायदा, जब एक सुरक्षित घर मिलना मुश्किल हो, सार्वजनिक सेवाएं चरमरा रही हों, और वेतन जीवन-यापन की लागत के मुकाबले बहुत कम हो? यह गुस्सा इसलिए और भी भड़क सकता है क्योंकि इसमें आर्थिक तंगी के साथ-साथ राजनीतिक रूप से खुद को असहाय महसूस करने की भावना भी शामिल है। इस भावना का संबंध एक पूरी पीढ़ी से है, लेकिन ये विरोध-प्रदर्शन केवल युवाओं और बुजुर्गों के बीच की कोई साधारण लड़ाई नहीं हैं। बढ़ती उम्र की आबादी और पेंशन की जिम्मेदारियां सरकारी बजट पर दबाव डालती हैं, जबकि युवाओं को लग सकता है कि उनकी जरूरतों - जैसे स्कूल, आवास, रोजगार और जलवायु



नीति - पर बहुत कम ध्यान दिया जा रहा है। फिर भी, कुछ प्रदर्शनों में बुजुर्ग लोग भी शामिल हुए हैं। एक बुजुर्ग प्रदर्शनकारी के पोस्टर पर लिखा था, बुजुर्ग भी तंग आ चुके हैं- यह संदेश पीढ़ियों के बीच दोषारोपण करने के बजाय, उनके बीच एकजुटता की संभावना को बेहतर ढंग से दर्शाता है। यह फर्क समझना जरूरी है। अगर इस असंतोष को सिर्फ अलग-अलग उम्र के समूहों के बीच की लड़ाई के रूप में देखा जाए, तो सरकारें एक कठिन सवाल से बच सकती हैं। सीमित संसाधनों और राजनीतिक प्रभाव का बंटवारा कैसे हो रहा है? आवास का महंगा होना, वेतन में कम बढ़ोतरी या स्कूलों की खस्ता हालत के लिए पेंशनभोगी जिम्मेदार नहीं हैं। न ही युवा ऐसा भविष्य चाहते हैं जो बुजुर्गों की कीमत पर बने। बेहतर नजरिया यह होगा कि अलग-अलग पीढ़ियां मिलकर एक ऐसा गठबंधन बनाएं, जो सरकारी नीतियों से जीवन भर के लिए सुरक्षा की मांग करे। फ्रांस इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे एक सीमित विरोध-प्रदर्शन व्यापक रूप ले सकता है। स्कूलों की हालत को लेकर शुरू हुआ छात्रों का प्रदर्शन एक बड़े असंतोष का मंच बन गया, जिसमें मजदूर संगठन और बढ़ती महंगाई से परेशान लोग भी शामिल हो गए। कुछ लोगों द्वारा की गई हिंसा को पूरे आंदोलन का चरित्र नहीं माना जाना चाहिएय लेकिन साथ ही, इसे नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता, खासकर तब जब इससे जनसमर्थन को खतरा हो या प्रशासन को विरोध-प्रदर्शनों पर पाबंदी लगाने का बहाना मिल जाए। विरोध करने का अधिकार कोई मामूली बात नहीं है, बल्कि यह खुद राजनीतिक संघर्ष का एक हिस्सा है। जब प्रशासन प्रदर्शनों के रास्ते बदल देता है, पाबंदियां लगाता है या भीड़ पर बल प्रयोग करता है, तो हो सकता है कि वह कुछ समय के लिए अव्यवस्था को रोक दे, लेकिन इससे युवाओं के मन में यह धारणा और गहरी हो जाती है कि उनकी बात तभी सुनी जाती है, जब उन्हें नजरअंदाज करना नामुमकिन हो जाए। अलग-अलग देशों में हो रहे इन विरोध-प्रदर्शनों को जोड़ने वाली कोई एक केंद्रीय कमान, घोषणापत्र या राजनीतिक विचारधारा नहीं है। यह प्रसार है। तस्वीरें, नारे और रणनीतियां एक जगह से दूसरी जगह पहुंचती हैं, और एक देश के प्रदर्शन अन्य जगहों के युवाओं को यह विश्वास दिला सकते हैं कि सार्वजनिक कार्रवाई संभव है। सोशल मीडिया इस प्रक्रिया को तेज कर देता है, लेकिन समान परिस्थितियां इसे और मजबूत बनाती हैं। जैसा कि एक विश्लेषक ने बताया, यह संबंध श्समन्वय के बजाय प्रसार्य जैसा हैरू ये राष्ट्रीय आंदोलन स्थानीय मांगों को बनाए रखते हुए दूसरी जगहों से प्रेरणा लेते हैं। सर्बिया से पता चलता है कि जब विरोध-प्रदर्शन की लहर सड़कों से निकलकर मुख्यधारा की राजनीति में पहुंचती है, तो क्या हो सकता है। अक्टूबर 2026 में छात्रों के समर्थन वाली सूची ने संसदीय चुनाव जीत लिया, जिससे अलेक्जेंडर वुसिक की पार्टी का लंबा शासन खत्म हो गया। यह जीत काफी अहम है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सिर्फ विरोध-प्रदर्शन के दम पर ही अच्छी सरकार चलाई जा सकती है। इस नई राजनीतिक ताकत को अभी सरकार बनानी है, अपने गठबंधन को बचाए रखना है और जवाबदेही की मांगों को स्थायी संस्थाओं में बदलना है।

यहीं पर क्या यह दुनिया की तस्वीर बदल देगा? जैसे सवाल का एक संतुलित जवाब देने की जरूरत है। अगर ये विरोध-प्रदर्शन सिर्फ असंतोष को सामने लाने से कहीं आगे बढ़ेंकृयानी संगठन बनाएं, व्यापक गठबंधन कायम रखें, ठोस नीतिगत बदलाव हासिल करें और भीड़ के घर चले जाने के बाद भी जवाबदेही सुनिश्चित करेंकृतो ये राजनीति की दिशा बदल सकते हैं। पूरे यूरोप में, शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी राजनीतिक दलों को उन प्राथमिकताओं पर ध्यान देने के लिए मजबूर कर सकते हैं, जिन्हें वे वरना नजरअंदाज कर देते। लेकिन सड़कों पर जुटी भीड़ बदलाव की गारंटी नहीं देती। कई तरह की शिकायतों वाले आंदोलन के लिए अपनी प्राथमिकताओं पर आम सहमति बनाना मुश्किल हो सकता हैय कमजोर संगठन होने पर बातचीत करना या नेताओं को जवाबदेह ठहराना कठिन हो जाता है। कुछ सरकारें शायद कुछ छोटी-मोटी रियायतें दे दें, लेकिन बुनियादी समस्याओं को जस का तस छोड़ दें। वहीं, कुछ सरकारें अव्यवस्था का फायदा उठाकर और भी सख्त पाबंदियां लगा सकती हैं।

अगर स्थापित राजनीतिक दल अपनी नीतियों में बदलाव किए बिना ही विरोध-प्रदर्शन की भाषा अपना लें, तो लोगों की निराशा और गहरी हो सकती है। इसलिए, इसका सबसे बड़ा नतीजा यह हो सकता है कि सरकारों से किन मुद्दों पर जवाब मांगा जाए, इसमें बदलाव आए। युवा प्रदर्शनकारी कई चीजों को आपस में जोड़ रहे हैंकृजैसे क्लासरूम का संबंध किराये के बाजार से, घर के बजट का संबंध सार्वजनिक सेवाओं से, और घरेलू नीतियों का संबंध इस सवाल से कि क्या आने वाली पीढ़ी एक स्थिर जीवन की कल्पना कर सकती है। उनके साथ जुड़े बुजुर्ग सहयोगी इस दायरे को और बढ़ाते हैंरू यह सिर्फ युवाओं की बात नहीं है, बल्कि एक ऐसे श्सामाजिक अनुबंध्य की बात है जो इस समय भारी दबाव में है। अगर यह मांग एक ठोस कार्यक्रम का रूप ले लेती है- जैसे कि किफायती आवास, बेहतर सार्वजनिक शिक्षा, सुरक्षित रोजगार के भरोसेमंद रास्ते, और जनता के प्रति जवाबदेह संस्थाएं- तो ये विरोध-प्रदर्शन एक अहम मोड़ साबित हो सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

उद्यान विभाग में तीन दिन होगा बीज वितरण

हमीरपुर। उद्यान विभाग की ओर से चार से छह नवंबर तक संकर शाकभाजी, प्याज और लहसुन के बीजों का वितरण किया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. बल्देव प्रसाद ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन, मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास तथा अनुसूचित जाति-जनजाति कृषकों के औद्यानिक विकास योजना के तहत पंजीकृत किसानों को बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। बीज वितरण जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, राजकीय उद्यान कम्पनीबाग में किया जाएगा। किसानों को पंजीकरण में दर्ज फसल और क्षेत्रफल के अनुसार प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर बीज दिए जाएंगे। संबंधित किसानों से निर्धारित तिथियों में कार्यालय पहुंचकर बीज प्राप्त करने की अपील की गई है।

अवैध खनन पर छापा, जेसीबी सहित पांच वाहन सीज

सुमेरपुर (हमीरपुर)। एसडीएम सदर के निर्देश पर मंगलवार रात नायब तहसीलदार अजय कुमार ने पुलिस बल के साथ पचखुरा खुर्द में छापा मारकर मिट्टी का अवैध खनन पकड़ा। टीम ने मौके से एक जेसीबी मशीन और चार ट्रैक्टर-ट्रालियां जब्त कर सीज कर दीं। कार्रवाई के बाद खनन में शामिल लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले में रणविजय निषाद, आलोक प्रजापति, वीरेंद्र यादव और दीपक कुमार के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई कर न्यायालय भेजा है। प्रभारी थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने बताया कि खनिज विभाग की जांच के बाद अवैध खनन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

इलाही तालाब में मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

मौदहा। कस्बे के इलाही तालाब में बुधवार को 24 वर्षीय आमिर उर्फ राहुल जैकर का शव उतराता मिला। वह मोहल्ला पुरवा नरहिया निवासी बदरुद्दीन उर्फ बदरू बाबा का इकलौता पुत्र था। पेशे से ड्राइवर आमिर दो दिन से लापता था। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। परिजनों ने हत्या कर शव तालाब में फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

राशन के चावल की कालाबाजारी में ट्रक मालिक पर मुकदमा

मौदहा। राशन के चावल की कालाबाजारी के मामले में पुलिस ने ट्रक मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। 28 अक्टूबर की रात पूर्ति निरीक्षक आशुतोष की सूचना पर खाद्य सुरक्षा विभाग, एसडीएम करणवीर सिंह और सीओ राजकुमार पांडेय ने संयुक्त कार्रवाई कर ट्रक पकड़ा था। ट्रक से 95 बोरियों में 58.25 क्विंटल फोर्टीफाइड चावल और 64 बोरियों में 33.25 क्विंटल गेहूं बरामद हुआ। ट्रक मालिक रवि कुमार गेहूं खरीद के दस्तावेज दिखा सका, लेकिन चावल के कागजात नहीं दे सका। पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

खेत में पानी लगाते समय किसान की मौत, कारण स्पष्ट नहीं

मौदहा। बिवार थाना क्षेत्र के कुनेहटा गांव में खेत में पानी लगाते समय किसान बारेलाल (55) की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें मौदहा सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास चार बीघा खेती थी और वह मजदूरी भी करता था। उनके तीन बेटे और एक बेटी है। बेटी की शादी हो चुकी है। परिजनों के अनुसार, मौत का कारण ठंड लगना अथवा हार्ट अटैक हो सकता है। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

एसडीएम ने मऊरानीपुर मंडी के धर्मकांटे का किया निरीक्षण



झांसी। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर एसडीएम मऊरानीपुर मनोज कुमार भारती ने कृषि उत्पादन मंडी समिति के धर्मकांटे और किसान विश्राम गृह का निरीक्षण किया। जांच में एक वे-ब्रिज कांटा खराब मिला, जबकि दूसरे की तौल मानक के अनुरूप पाई गई। किसान विश्राम गृह की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। मंडी परिसर में अवैध ठेले हटाने और बिना लाइसेंस खरीद करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने किसानों की उपज की सही तुलाई और उचित मूल्य सुनिश्चित करने के साथ मंडी को अतिक्रमणमुक्त रखने के निर्देश दिए।

डीएम ने रोजगार मेला प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी



बांदा। पंडित जेएन डिग्री कालेज परिसर में पांच नवंबर (गुरुवार) को आयोजित होने वाले एक दिवसीय विशाल रोजगार मेला जन जागरूकता के उद्देश्य को लेकर जिलाधिकारी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रोजगार मेला में देश और प्रदेश के कई महानगरों की उत्कृष्ट कंपनियां और उनके प्रतिनिधि रोजगार मेला में अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। हाईस्कूल से लेकर बीटेक तक के अभ्यर्थी मेला में भाग ले सकेंगे। चित्रकूटधाम मंडल क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की अगुवाई में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत पांच नवंबर को आयोजित होने वाले विशाल रोजगार मेला जन जागरूकता को लेकर कलक्ट्रेट परिसर से बुधवार को जिलाधिकारी अमित आसेरी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार मेले की तिथि, स्थान, पात्रता व पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी देगा। वाहन में लगे क्यूआर कोड के माध्यम से अभ्यर्थी रोजगार मेले से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। मेला में देश व प्रदेश की तमाम कंपनियों याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सनसेरा इंजीनियरिंग, हैवल्स इलेक्ट्रिकल्स, हाईवेरूप प्रेशिसन टैक्नोलॉजी, पीजी ग्रुप, डिक्सन इलेक्ट्रा एप्लायंसिस प्राइवेट लिमिटेड, एसबीआई लाइफइंश्योरेंस, टाटा एआईए, एसआईएस, पुखराज हेल्थ केयर, यूनोमिंद्रा, सनराज इंडस्ट्रीज, टाटा इलेक्ट्रोनिक्स नेवस्ट सॉल्व टैक्नोलॉजीस सहित अन्य प्रतिष्ठित कम्पनियां भागीदारी करेंगी। योग्यता व पदानुसार कंपनियों के प्रतिनिधि साक्षात्कार के बाद अभ्यर्थियों का चयन करेंगे।

जनगणना: स्व-गणना अभियान 16 नवंबर से

मीडिया से सहयोग की अपील

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना अभियान चलेगा, जिसमें नागरिक पोर्टल या ऐप के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने शत-प्रतिशत परिवारों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी माइक्रो प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधान, कोटेदार और पंचायत सचिव तथा नगरीय क्षेत्रों में नगर निकायों के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक गांव में 10 मोबाइल दक्ष युवाओं की टीम बनाकर लोगों को स्व-गणना में मदद दी जाएगी। जिलाधिकारी ने मीडिया से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की।

दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी 30 किलो दूषित मिठाई नष्ट

हमीरपुर। दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए जनपद में छापेमारी अभियान चलाया। तीन नवंबर को कुरारा में विभिन्न प्रतिष्ठानों से खोया, बर्फी और पनीर के पांच नमूने लिए गए। चार नवंबर को हमीरपुर और सुमेरपुर में मिठाई की दुकानों से पेड़ा, दूध की बर्फी और बर्फी के चार नमूने संग्रहीत किए गए। दो दिनों में कुल नौ नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। अभियान के दौरान 20 किलो दूषित बर्फी और 10 किलो दूषित छेना मौके पर नष्ट कराया गया। सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. गौरी शंकर के निर्देशन में कार्रवाई की गई। खाद्य कारोबारियों को साफ-सफाई रखने और मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री न करने के निर्देश दिए गए।

छिमौली सुपर किंग्स ने केजीएन मौदहा को 14 रन से हराया



मौदहा। रहमानिया खेल मैदान में मौलाना सलीम जाफरी की स्मृति में आयोजित मौदहा महोत्सव-2026 के टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट में छिमौली सुपर किंग्स ने केजीएन मौदहा को 14 रन से हराया। छिमौली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 158 रन बनाए। जिगर ने 78 और संतू ने 41 रन बनाए। जवाब में केजीएन की टीम 144 रन ही बना सकी। जिगर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में राजपूत ट्रेडर्स ने लंबरदार नाइट को 45 रन से हराया। राजपूत ट्रेडर्स ने 130 रन बनाए। प्रियांशु ने 43 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी लिए। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

मिलावटखोरी के खिलाफ छापेमारी पांच खाद्य नमूने लिए

कुरारा (हमीरपुर)। दीपावली का पर्व नजदीक आते ही खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को कस्बे में छापेमारी की। सहायक आयुक्त खाद्य गौरीशंकर के नेतृत्व में टीम ने मिठाई और किराना दुकानों की जांच की। इस दौरान तीन प्रतिष्ठानों से मिठाई, मावा और पनीर सहित खाद्य सामग्री के पांच नमूने लिए गए। टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही कई दुकानदार प्रतिष्ठान बंद कर इधर-उधर हो गए। अधिकारियों ने बताया कि दीपावली के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सीपरी बाजार की केवल दूध व स्वीट्स भंडार व रसबहार स्वीट्स पर एफडीए का छापा, नमूने जांच को भेजे



झांसी। दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए छापामार अभियान चलाया। इस दौरान सीपरी बाजार स्थित केवल दूध एवं स्वीट्स भंडार और रसबहार स्वीट्स पर कार्रवाई करते हुए खोया, डोडा बर्फी और छेना रसगुल्ला के नमूने लेकर जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए। प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई एवं रखरखाव ठीक न मिलने पर सुधार नोटिस जारी किए गए। सहायक आयुक्त खाद्य पवन कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा एफडीए आपके द्वार अभियान के तहत सखी के हनुमान मंदिर क्षेत्र में मोबाइल लैब वैन के माध्यम से प्रसाद वितरकों और आमजन को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। वहीं, खाद्य कारोबारियों के यहां डोम-24 उपकरण से खाद्य तेल की गुणवत्ता की जांच कर मिलावटी एवं असुरक्षित तेल का प्रयोग न करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि सभी खाद्य कारोबारियों के लिए खाद्य लाइसेंस अथवा पंजीकरण अनिवार्य है। बिना लाइसेंस कारोबार करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। खाद्य पदार्थों से संबंधित शिकायत टोल फ्री नंबर 18001805533 अथवा सहायक आयुक्त खाद्य के मोबाइल नंबर 9368414711 पर की जा सकती है। इस दौरान सत्यम भारती, सुनील कुमार, झंकार सिंह, सैनिक सिंह, ज्ञानेंद्र पाल सिंह चंदेल एवं जितेंद्र सिंह मौजूद रहे।

मासूम बच्ची की हत्या के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

मुस्करा में तीन वर्षीय बच्ची की हत्या व दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

समृद्धि न्यूज़, मुस्करा (हमीरपुर)।



तीन वर्षीय मासूम बच्ची की हत्या और दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने बुधवार को दूसरे वांछित आरोपी गोविन्द अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे चंदौरा रोड स्थित नहर पुलिया के पास से पकड़ा। मामले में एक अन्य आरोपी हीरालाल अहिरवार को पहले ही मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया जा चुका है।पुलिस के अनुसार, एक नवंबर को गहरौली रोड पर खेत में बच्ची का शव मिला था। परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले गोविन्द और उसके बहनोई हीरालाल पर चॉकलेट खिलाने के बहाने बच्ची को ले जाकर दुष्कर्म और हत्या करने का आरोप लगाया था। पिता की तहरीर पर दोनों के खिलाफ हत्या, सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। दो नवंबर को पुलिस ने हीरालाल को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। उसके पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुए थे। बुधवार को गोविन्द की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ व्यवस्थाओं को बनाएं सुदृढ़: आयुक्त

शिक्षा विभाग की मंडलीय समीक्षा बैठक में आयुक्त ने दिए निर्देश



बांदा। शासन की मंशा के अनुरूप विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना तथा शिक्षण व्यवस्था को प्रभावी बनाना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाए तथा विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए।आयुक्त अजीत कुमार ने बुधवार को बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के मंडलीय और जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में समग्र शिक्षा अभियान, पीएम श्री योजना, पीएम पोषण योजना, निपुण भारत मिशन, यू-डायस, विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता, शिक्षक एवं छात्र उपस्थिति, निर्माण कार्यों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों तथा विभिन्न शैक्षिक योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। कहा कि दीपावली पर्व से पूर्व बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त संविदा, दैनिक वेतनभोगी एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का नियमानुसार वेतन भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।कहा कि सभी विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा से पूर्व निर्धारित पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया जाए। आयुक्त ने निर्देशित किया कि जनपदों में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालयों का निर्माण निर्धारित समयसीमा के भीतर मानक के अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए।

राहत राशि में 25 से 50 फीसदी कमीशन मांगने का आरोप, भारतीय किसान यूनियन ने खोला मोर्चा

समृद्धि न्यूज़, गरौठा (झांसी)।



किसानों की बर्बाद फसलों के मुआवजे में कथित कमीशनखोरी का गंभीर मामला सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन ने राहत राशि वितरण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भारतीय किसान यूनियन की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी गरौठा के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि विगत दिनों हुई अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई थीं। इसके बाद शासन की ओर से प्रभावित किसानों के खातों में राहत राशि आवंटित की गई है।किसान यूनियन का आरोप है कि कुछ लेखपाल और संबंधित राजस्व कर्मचारी कथित तौर पर दलालों के साथ मिलकर राहत राशि दिलाने के नाम पर 25 से 50 प्रतिशत तक कमीशन की मांग कर रहे हैं। आर्थिक संकट से जूझ रहे गरीब किसान इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थ हैं। आरोप है कि कमीशन न देने वाले किसानों को राहत राशि से वंचित किया जा रहा है या उनके खातों में नाममात्र की धनराशि भेजी जा रही है। यूनियन ने यह भी कहा गया कि यूनियन लगातार प्रभावित किसानों का विवरण एकत्रित कर रही है। किसानों के साथ हो रही कथित वसूली और भेदभाव से ग्रामीण क्षेत्रों में आक्रोश बढ़ रहा है। यूनियन ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठाई है। भारतीय किसान यूनियन ने स्पष्ट किया कि यदि गरीब किसानों को उनका पूरा हक नहीं मिला और कथित कमीशनखोरी पर रोक नहीं लगी तो संगठन किसानों के साथ विशाल धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। अब बड़े सवाल कि कमीशन के बगैर राहत राशि मिलेगी या नहीं। कथित भ्रष्टाचार में लिप्त दलाल एवं राजस्व कर्मचारियों पर कार्यवाही होती या नहीं और लगातार तहसील के चक्कर काट रहे दलालों की सैलरी कहां से मेंटेन हो रही है।

बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से गिरा ट्रक, आग लगने से चालक क्लीनर की जलकर मौत



उरई(जालौन)। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बुधवार तड़के हुए भीषण हादसे में ट्रक चालक और क्लीनर की जिंदा जलकर मौत हो गई। बताया गया है कि एटा से हमीरपुर के राठ जा रहा ईंटों से लदा ट्रक किलोमीटर संख्या 209.2 के पास अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस-वे से नीचे जा गिरा। इसी दौरान ट्रक बिजली की केबलों से टकरा गया, जिससे उसमें आग लग गई। केबिन में ईंटें घुस जाने से चालक और क्लीनर अंदर ही फंस गए और बाहर नहीं निकल सके। आग ने देखते ही देखते पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद बचाव दल दोनों के जले हुए शवों के अवशेष बाहर निकाल सका। प्रत्यक्षदर्शी दूसरे ट्रक के चालक अवधेश कुमार ने बताया कि तीन ट्रक एक साथ एटा से राठ जा रहे थे। बुधवार तड़के करीब तीन बजे अचानक आगे चल रहा ट्रक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। प्रारंभिक आशंका है कि चालक को झपकी आने से हादसा हुआ। ट्रक में लदी ईंटें केबिन का पार्टीशन तोड़कर अंदर घुस गईं, जिससे दोनों उसमें दबकर फंस गए। इसके बाद बिजली की केबलों से टकराने के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ और ट्रक में आग लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और बचाव दल को आग तथा केबिन में फंसी ईंटों के कारण राहत कार्य में काफी परेशानी हुई। करीब सात घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दोनों के शव बाहर निकाले जा सके।

एटा व फिरोजाबाद के रहने वाले थे मृतक

उरई (जालौन)। मृतकों की पहचान राजकुमार 35 वर्ष पुत्र हुंदी लाल निवासी नगला सेवा, थाना निढौली कलां, जनपद एटा और सचिन यादव 25 वर्ष पुत्र कमलेश यादव निवासी नगला अकोला, थाना एटा, जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है।दोनों शादीशुदा थे, और राजकुमार की तीन बेटियां हैं। ट्रक मालिक अनुज भी फिरोजाबाद के एका थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

महाकाली के दरबार में मां काली की आरती कर मांगी सुख समृद्धि व खुशहाली

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



मेहंदी बाग स्थित मां अमावस्या भद्रकाली के दरबार में आयोजित विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. संदीप सरावगी ने मां काली की विधि-विधान से आरती कर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि मां काली शक्ति, साहस और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक हैं। भारतीय संस्कृति में शक्ति उपासना का विशेष महत्व है। मां भगवती की आराधना हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, निर्बलों की सहायता करने और समाज में सकारात्मकता बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने के साथ-साथ समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश भी देते हैं। मां काली से प्रार्थना है कि सभी भक्तों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए तथा सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हों।आयोजन के दौरान मां अमावस्या भद्रकाली की महिमा, अमावस्या की रात्रि में साधना एवं पूजन के विशेष महत्व पर प्रकाश डाला गया। मान्यता के अनुसार दीपावली से नौ दिन पूर्व मां की विशेष पूजा एवं साधना की जाती है। दीपावली की अमावस्या की पावन रात्रि में भक्त मां की आराधना कर सुख-समृद्धि एवं मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर महाराज प्रवीण दुबे, आशु राय, हर्षित, संजय, राहुल, पवन, कृष्ण, रोहित, बंटी, ऋषभ, राघवेंद्र, सौरभ, प्रह्लाद, अमूल्य, कृष, दीप एवं गौरव सहित आयोजन मंडल के सदस्य और अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मां भद्रकाली के दर्शन कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

डीएम ने प्रधानाध्यापक सहित तीन शिक्षकों को किया निलंबित, एबीएसए को दी चेतवानी

कांशीराम कॉलोनी स्थित उच्चीकृत प्राथमिक विद्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।



डीएम समीर ने उच्चीकृत प्राथमिक विद्यालय, कांशीराम कॉलोनी का औचक निरीक्षण कर शैक्षिक व्यवस्थाओं, शिक्षकों की उपस्थिति व पठन-पाठन की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने कक्षा 6, 7 व 8 में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई व विषयों की समझ के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कुछ बच्चे निर्धारित यूनिफॉर्म में नहीं मिले। इस पर डीएम ने बीएसए को निर्देश दिए कि अभिभावकों को जागरुक कर बच्चों को नियमित रुप से निर्धारित यूनिफॉर्म में विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने विद्यालय को मॉडल विद्यालय के रुप में विकसित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यहां शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन, स्वच्छता व बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि यह विद्यालय अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सके। उन्होंने पूर्व में विद्यालय में नामांकित कराई गई दिव्यांग छात्रा श्रुति की शिक्षा की भी जानकारी ली। उन्होंने छात्रा से संवाद कर उसकी शैक्षिक प्रगति देखी। इस दौरान श्रुति अपनी नोटबुक में 1, 2, 3 लिखकर अभ्यास करती नजर आई। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक अल्पना गुप्ता, सहायक अध्यापक शोभा गुप्ता व सहायक अध्यापक दीपशिखा लंबे समय से छुट्टी पर पाए जाने के प्रकरण पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने तीनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं, खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति राजपूत को अपने क्षेत्र में प्रभावी पर्यवेक्षण न करने पर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान बीएसए विकास चौधरी, एबीएसए प्रीति राजपूत सहित संबंधित शिक्षक व अधिकारी उपस्थित रहे।

एक वर्षीय मासूम बच्ची घर पर मिली मृत



महोबा। जिले की चरखारी कस्बे के चिंतपुरा मोहल्ले में 3 नवंबर को एक वर्षीय बच्ची घर में मृत मिली। शरीर पर चोट के निशान होने की बात सामने आई है। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। महिला पुलिस चौकी के पास स्थित मकान में बच्ची का शव तख्त पर मिला। बच्ची के मामा दीपक ने पुलिस को सूचना दी। थाध्यक्ष राहुल तीश्रा पुलिस इन के साथ सूचना दी। थानाध्यक्ष राहुल मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल देखा। कमरे में बच्ची की मां पूजा भी मौजूद थी। खबर के मुताबिक, पूछताछ के दौरान वह कुछ नहीं बोली। मोहल्ले में उसकी मानसिक स्थिति को लेकर बातें हो रही हैं, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दीपक ने बताया कि वह अपनी मां के साथ मजदूरी करने गए थे। शाम करीब सात बजे घर लौटे तो बच्ची मृत मिली। उन्होंने बच्ची के शरीर पर चोट के निशान होने की बात कही। दीपक के मुताबिक, पूजा की चार बेटियां मायके में रह रही थीं। पूजा के पति रमेश करीब छह महीने पहले पत्नी और बच्चों को मायके छोड़कर दिल्ली चले गए थे। थानाध्यक्ष राहुल मिश्रा ने बताया कि मामला संदिग्ध है। बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगा। पुलिस सभी तथ्यों की जाँच कर रही है।

डीएम ने किया सीएचसी श्रीनगर का औचक निरीक्षण

स्वास्थ्य सेवाओं व मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज़, महोबा।



जिलाधिकारी प्रभाष कुमार ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीनगर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी लैब, प्रसव कक्ष सहित अन्य स्वास्थ्य इकाइयों का बारीकी से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उपचार कराने आए लोगों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाओं तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के व्यवहार के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित चिकित्सकों से अस्पताल में उपलब्ध दवाओं, जांच सुविधाओं, प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या एवं उपचार व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने दूरभाष के माध्यम से भी आमजन से अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मरीजों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो तथा सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने, वार्डों एवं शौचालयों की नियमित सफाई कराने तथा मरीजों के लिए स्वच्छ पेयजल सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने एवं जांच सुविधाओं का लाभ मरीजों को समय से उपलब्ध कराने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा मरीजों के साथ असंवेदनशील व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

जनगणना प्रशिक्षण में 48 सुपरवाइजर और प्रगणक शामिल

हमीरपुर। नगर पालिका परिषद हमीरपुर के सभागार में जनगणना फेज-2 के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 31 अक्टूबर, दो और चार नवंबर को आयोजित प्रशिक्षण में दो फील्ड ट्रेनरों ने 48 सुपरवाइजर एवं प्रगणकों को जनगणना कार्य की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद और चार्ज अधिकारी हेमराज ने सभी प्रतिभागियों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सूचना

मैंने अपना नाम शाहीन बानो से बदलकर शाहीन बानो सिद्दीकी कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **शाहीन बानो सिद्दीकी पति मोहम्मद कसीन सिद्दीकी निवासी मोहल्ला सिजवहिया कस्बा मौदहा जिला हमीरपुर।**

डीएम ने कलेक्ट्रेट अभिलेखागार का किया निरीक्षण

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अभिलेखागार का निरीक्षण कर वहां अभिलेखों के रख-रखाव, संरक्षण एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखागार में उपलब्ध विभिन्न अभिलेखों एवं पत्रावलियों का अवलोकन किया तथा उनके व्यवस्थित रख-रखाव की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अभिलेखागार में संरक्षित सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों एवं पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें आसानी से उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने अभिलेखों के सुरक्षित संरक्षण, साफ-सफाई तथा अभिलेखागार में बेहतर व्यवस्थाएं बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभिलेखागार प्रशासनिक कार्यों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां संरक्षित अभिलेखों का सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रहना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार सहित कलेक्ट्रेट के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पशुओं की शत-प्रतिशत टैगिंग और योजनाओं की नियमित फीडिंग सुनिश्चित करें अधिकारी : डॉ. एजाज अहमद

- एफएमडी टीकाकरण के आठवें चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार कर्मी किए गए सम्मानित

समृद्धि न्यूज



महराजगंज, पशुपालन विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पशुपालकों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एजाज अहमद की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। एक दिवसीय प्रचार-प्रसार योजना के तहत आयोजित बैठक में पशुओं की शत-प्रतिशत टैगिंग, टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान से संबंधित कार्यों की भारत पशुधन ऐप पर नियमित फीडिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में मुख्यपशुचिकित्साधिकारी ने सभी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों, पशु चिकित्साधिकारियों, पशुधन प्रसार अधिकारियों, वेटनरी फार्मासिस्ट एवं मैत्री/पैरावेट को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में विभागीय योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कराएं और पात्र पशुपालकों को समय से योजनाओं का लाभ दिलाएं।पशु चिकित्साधिकारी बरगदवा डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने भारत पशुधन ऐप पर टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान से संबंधित कार्यों की ऑनलाइन फीडिंग प्रक्रिया की जानकारी दी। वहीं, पशु चिकित्साधिकारी भिटौली डॉ. रिजवान अंसारी ने ऐप पर सही और अद्यतन डाटा अपलोड करने के लिए क्षेत्र में नए पशुओं का विवरण एकत्रित करने की आवश्यकता बताई।

उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, चिकित्सा स्वास्थ्य मुख्यालय डॉ. विनोद कुमार विश्वकर्मा ने एनडीएलएम योजना की जानकारी देते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पशुधन की शत-प्रतिशत टैगिंग कराने और पशुओं का विवरण रजिस्टर में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रगति एवं उपलब्धियों को प्रतिदिन भारत पशुधन ऐप पर अपलोड करने पर भी जोर दिया।

बैठक में फील्ड स्तर पर पशु मित्रों, मैत्री, पशुधन प्रसार अधिकारियों और वेटनरी फार्मासिस्ट को ऐप पर टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान का विवरण अपलोड करने में आ रही तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं का समाधान भी किया गया।इस दौरान राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) टीकाकरण के आठवें चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार विभागीय कार्मिकों को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एजाज अहमद ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी नौतनवां डॉ. अशोक कुमार यादव, वेटनरी फार्मासिस्ट शिकारपुर मनोज कुमार, पशुधन प्रसार अधिकारी उस्का कपिल देव निषाद तथा पैरावेट अड्डा बाजार वीरेन्द्र कुमार वर्मा शामिल रहे।सी वी ओ ने सम्मानित कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी पूरी तत्परता, प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी के साथ विभागीय दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। बैठक में जनपद के पशुपालन विभाग के सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मोबाइल टावर पर चढ़ीं दो युवतियों को पुलिस ने सकुशल उतारा

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, जिले के नौतनवा और परसामलिक थाना क्षेत्रों में शादी की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी देने वाली दो युवतियों को पुलिस ने सकुशल नीचे उतार लिया। पुलिस की तत्परता और सूझबूझ से दोनों मामलों में अनहोनी टल गई।

पुलिस के अनुसार, एक नवंबर को नौतनवा क्षेत्र के बरवाभोज गांव में 19 वर्षीय एक युवती अपने प्रेमी से शादी की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गई थी। पुलिस और परिजनों की काफी समझाइश के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारा गया। वहीं, चार नवंबर को परसामलिक क्षेत्र के जिगिना टोला गंगवलिया में भी शादी की मांग को लेकर एक युवती टावर पर चढ़ गई। पुलिस टीम ने परिजनों के सहयोग से उसे भी सकुशल नीचे उतार लिया।

पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में हुई कार्रवाई के बाद दोनों मामलों में संबंधित थानों पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई भी की गई है।

पूर्वांचल स्टार्टअप संवाद – 2026 का भव्य आयोजन

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पूर्वांचल स्टार्टअप संवाद – 2026 का आयोजन किया गया। प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों को नवाचार के लिए प्रेरित किया साथ ही दो घटनाओं और दो समस्याओं पर विशेष चर्चा की।

उन्होंने गुजरात और महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए जल संकट की समस्या पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार गुजरात में जल की भीषण समस्या थी और जन-भागीदारी तथा नवाचार के माध्यम से उसका स्थायी समाधान निकाला गया। इसी प्रकार महाराष्ट्र के जल प्रबंधन के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि समस्याएं ही नवाचार को जन्म देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने आस-पास की समस्याओं - जैसे पानी, कचरा प्रबंधन, कृषि, स्वास्थ्य को ही अपने स्टार्टअप आइडियाज का आधार बनाएं। उनके समाधान से ही सफल उद्यमी बना जा सकता है।

इन उदाहरणों के माध्यम से राज्यपाल ने समझाया कि कार्य प्रारंभ करने के बाद आने वाली कठिनाइयों से घबराना नहीं चाहिए, धैर्य, निरंतरता और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना चाहिए। सफलता निश्चित मिलती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीतांजलि श्रीवास्तव, डॉ. दिव्या द्विवेदी, डॉ. यामिनी एस., सुश्री वंदना शर्मा एवं डॉ. प्रियंका सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में लगभग 1200 प्रतिभागियों, सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यगण एवं विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

एम्स रायबरेली : संस्थान वाहन पार्किंग और ई-लाइब्रेरी पोर्टल का हुआ शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

रायबरेली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायबरेली में संस्थागत आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और शैक्षणिक एवं अनुसंधान संसाधनों को सुदृढ़ करने की दिशा में बीते मंगलवार को दो महत्वपूर्ण पहल की गईं। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन ने राम बैरियर के निकट नवनिर्मित संस्थान वाहन पार्किंग का उद्घाटन किया।

वहीं, संस्थान की केंद्रीय लाइब्रेरी की ओर से ई-लाइब्रेरी पोर्टल का शुभारंभ एवं ई-संसाधनों के उपयोग को लेकर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।संस्थान वाहन पार्किंग की शुरुआत से आधिकारिक वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे परिसर में वाहनों के बेहतर प्रबंधन के साथ यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने



में मदद मिलेगी।वहीं, ई-लाइब्रेरी पोर्टल का उद्घाटन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक मेडिकल कॉलेज ब्लॉक के भूतल स्थित व्याख्यान कक्ष में आयोजित हुआ। इस पोर्टल के माध्यम से संस्थान के संकाय सदस्यों, चिकित्सकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक एवं शोध संसाधनों तक पहुंच मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक पद्मश्री डॉ. आर. वी. रमानी, अध्यक्ष, एम्स रायबरेली तथा संरक्षक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन, कार्यकारी निदेशक थीं। सह-संरक्षक के रूप में डीन (अकादमिक) प्रो. (डॉ.) नीरज कुमारी ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सौरभ पॉल, एसोसिएट प्रोफेसर एवं लाइब्रेरी समिति के संयोजक द्वारा किया गया।इस अवसर पर डीन (अनुसंधान) डॉ. अर्चना वर्मा, उप-निदेशक (प्रशासन) कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तीय सलाहकार कर्नल यू. एन. राय, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव सहित संस्थान के अनेक संकाय सदस्य, अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने में स्थानीय प्रशासन नाकाम : जितेंद्र सिंह

- मुख्यमंत्री के निर्देशों की हो रही अनदेखी, पीड़ितों को नहीं मिल रहा न्याय

समृद्धि न्यूज

रायबरेली। तालाबों, पोखरों और सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने के मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बावजूद स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली में सुधार नहीं हो रहा है। तहसील एवं थाना दिवस पर गरीबों और पीड़ितों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। यह आरोप राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव जितेंद्र सिंह ने सिंचाई गेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में लगाए।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने और कब्जेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, लेकिन लालगंज और डलमऊ तहसील प्रशासन इन निर्देशों की अनदेखी कर रहा है। आईजीआरएस सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर भी गलत जांच आख्या लगाकर मामलों को निस्तारित किया जा रहा है। इससे पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है और अवैध कब्जेदारों के हौसले बुलंद हैं।जितेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के बावजूद एसडीएम लालगंज द्वारा जनहित से जुड़े मामलों में सही कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इन समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष समरजीत सिंह ने की। इस दौरान विद्यासागर कमल को किसान प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर गुफरान हैदर, रामचंद्र मिश्रा, समर बहादुर सिंह, नवदेश्वर सिंह, गया प्रसाद कनौजिया, अशोक अग्रहरि, कैलाश विश्वकर्मा, महेंद्र गारी, अमरेंद्र सोनी, उपेंद्र सिंह, अली कदीर, दिलीप पासवान, रंजीत गौतम एवं राम हर्ष गौतम सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद



समृद्धि न्यूज

महराजगंज, दीपावली पर्व के मद्देनजर अवैध आतिशबाजी और विस्फोटक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को तहसीलदार सदर और श्यामदेउरवा पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। टीम ने थाना क्षेत्र के बभनौली गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए और मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई के दौरान मुखबिर की सूचना पर बभनौली गांव में राघवेंद्र सिंह के कमरे के हॉल की तलाशी ली गई। इस दौरान 20 बोरी, तीन झोले और एक गत्ते में रखे विभिन्न प्रकार के आतिशबाजी के पटाखे बरामद हुए। मौके से सोनू चौबे पुत्र नगीना चौबे निवासी बरवा बाबू, थाना पिपराइच, जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध थाना श्यामदेउरवा में मुकदमा अपराध संख्या 289/2026 के तहत विस्फोटक अधिनियम की धारा 5/9(बी) में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।इस संयुक्त कार्रवाई में तहसीलदार सदर पंकज शाही, उपनिरीक्षक अनीश कुमार सिंह, शुभम कुमार चौबे, अंकित श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल देवेंद्र प्रताप सिंह तथा कांस्टेबल प्रमोद यादव, विकास यादव और राजू कुमार यादव शामिल रहे।

गंगा में गिर रहे नालों का एनएमसीजी निदेशक ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

रायबरेली। गंगा नदी को प्रदूषणमुक्त एवं स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक रावल हमेंद्र कुमार (आईएएस) ने मंगलवार को जनपद के डलमऊ एवं ऊंचाहार क्षेत्र में गंगा नदी में गिर रहे नालों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नालों से नदी में पहुंच रहे दूषित जल और उसके शोधन के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रभागीय निदेशक प्रखर मिश्र भी मौजूद रहे।निरीक्षण से पूर्व संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें गंगा में गिरने वाले नालों की वर्तमान स्थिति, जल शोधन की व्यवस्था और प्रदूषण रोकने के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में एनटीपीसी की महाप्रबंधक प्रीति सिन्हा, जिला परियोजना अधिकारी संजय कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी रविशंकर, जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता, नगर पंचायत डलमऊ के अधिशासी अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कर्मचारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र द्विवेदी उपस्थित रहे।बैठक के बाद निदेशक ने अधिकारियों के साथ डलमऊ एवं ऊंचाहार क्षेत्र में गंगा में गिरने वाले नालों का निरीक्षण कर मौके पर जल शोधन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निदेशक ने निर्देश दिया कि गंगा में सीधे गिरने वाले सभी नालों के पानी की गुणवत्ता की उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रत्येक माह अनिवार्य रूप से जांच कराई जाए।

पुण्यतिथि पर याद किये गये वरिष्ठ पत्रकार स्मृतिशेष राधेश्याम लाल कर्ण

रायबरेली। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के संस्थापक महामंत्री स्मृतिशेष राधेश्याम लाल कर्ण की द्वितीय पुण्यतिथि मनायी गयी। जिसमें भारी संख्या में जनपद के पत्रकार एवं समाज सेवियो एवं व्यापारियों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके साथ बिताये गये अपने पलो को याद करके स्मरण लोगो से साझा किये। उक्त कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को रोटरी क्लब के सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार प्रेम नारायण द्विवेदी ने की।सभा में महावरी प्रसाद द्विवेदी स्मारक समिति के संयोजक गौरव अवस्थी अवस्थी द्वारा घोषणा की गयी इस इस बार उनके द्वारा आचार्य जी की स्मृति में आयोजित होने वाले पुस्तक मेले जो कि 12 नवम्बर से आयोजित होगा उसमें स्व. कर्ण की तरह ही अन्य दिवंगत सम्पादकों की स्मृति में एक फोटो गैलरी लगायी जायेगी जाये ।जिसमें ऐसे कर्मठ सम्पादकों की फोटो लगायी जायेगी जिससे लोगों को प्रेरणा मिले।इस अवसर पर पं0 नवल किशोर बाजपेयी, वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता मिलिंद कुमार द्विवेदी, रघुनाथ द्विवेदी, अशोक शर्मा, महेश त्रिवेदी, समाज सेवी उमेश सिकरिया, अरविन्द श्रीवास्तव, गुरजीत सिंह तनेजा, उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रांतीय महामंत्री आनन्द कर्ण, विजय श्रीवास्तव, ठाकुर सिंह, संजय सिंह, आलोक सिंह, अनुज मौर्य, सारिका शुक्ला आदि ने अपने सम्बोधन में स्व. कर्ण की पत्रकारो के हितों की लड़ाई व संघर्ष पर चर्चा करते हुए बताया कि कैसे उन्होने पूरे प्रदेश में पत्रकारों की लड़ाई सबसे आगे रहकर लड़ते थे।इस अवसर पर व्यापारी नेता अतुल गुप्ता, प्रियंका अवस्थी, कमल श्रीवास्तव, डा0 विजय श्रीवस्तव, डा0 सुनील द्विवेदी, डा0 रफत आलम, नीरज कुमार, अनिल मिश्र, धीरज श्रीवास्तव, अजीत कुमार, करण कुमार, प्रतीक चौहार, कुवर मयंक सिंह, जीसी चौहान आदि भारी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित रहे।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 400 वाहनों का चालान 16 सीज

समृद्धि न्यूज

महाराजगंज,जनपद में पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में यातायात नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के क्रम में पुलिस द्वारा निरंतर जांच एवं कार्यवाही जारी है। यातायात माह के दौरान पुलिस द्वारा जनपद के सभी थाना क्षेत्र में व्यापक रूप से वाहनों का सघन रूप से जांचअभियान चलाया जा रहा है।इस क्रम में आज विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी । चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना अनुज्ञप्ति, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 400 वाहनों का चालान किया गया तथा 16 वाहन सीज किया गया।और शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा द्वारा विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका व भविष्य में शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थानों से कुल- 75 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया ।तथा मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति महिलाओं, बालिकाओं में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से महराजगंज पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया।साथ ही पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के आदेश के क्रम मे पैदल गश्त के तहत जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अलग-अलग टीम बनाकर पैदल गश्त अभियान को जारी रखते हुए दुकानदारों, व्यापारियों तथा आम जनता से सम्पर्क स्थापित किया गया तथा उनकी समस्या सुनी गयी। कस्बों में स्थित बैंक, एटीएम, ग्राहक सेवा केन्द्रों एवं अन्य वित्तीय प्रतिष्ठानों आदि के सुरक्षार्थ सघन चेकिंग अभियान चलाकर आस-पास खड़े संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की गई । नागरिकों एवं आम जनमानस से संवाद स्थापित कर प्रमुख चौराहों, सड़क की पटरियों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करने को कहा गया, जिससे चौराहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर यातायात सुगम हो सके ।

कल से 30 नवंबर तक होगा मुफ्त राशन वितरण

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, जिले में नवंबर माह के लिए सरकारी राशन का निःशुल्क वितरण 6 नवंबर से शुरू होकर 30 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान जनपद के सभी अंत्योदय और पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों को निर्धारित मात्रा में गेहूं और चावल वितरित किया जाएगा।जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने बताया कि नवंबर 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण जिले की सभी उचित दर दुकानों के माध्यम से कराया जाएगा। इसके तहत अंत्योदय राशनकार्डधारकों को प्रति कार्ड 10 किलोग्राम गेहूं और 25 किलोग्राम चावल, यानी कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क मिलेगा। वहीं, पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों को प्रति यूनिट एक किलोग्राम गेहूं और चार किलोग्राम चावल, कुल पांच किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राशन वितरण सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा अपराह्न दो बजे से शाम छह बजे तक किया जाएगा।

निष्ठावान सपा कार्यकर्ताओं के सहयोग और समर्थन की जीत है : कान्ति सिंह

- किसानों की समस्याओं और बदतर कानून व्यवस्था पर शीघ्र होगा जनआंदोलन : इ. वीरेंद्र यादव

समृद्धि न्यूज

रायबरेली। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नए मतदाता बनाने, बूथ कमेटियों के पुनर्गठन, किसानों की खाद एवं सिंचाई संबंधी समस्याओं तथा जनपद की बदहाल कानून व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि बूथ कमेटियों में समाज के सभी वर्गों एवं जातियों का समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को डीएपी, यूरिया, बीज एवं



सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने तथा खराब कानून व्यवस्था के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी शीघ्र ही जनआंदोलन करेगी।

उन्होंने नवनिर्वाचित एमएलसी कान्ति सिंह का स्वागत करते हुए उनकी जीत को आगामी विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनने का संकेत बताया।एमएलसी कान्ति सिंह ने कार्यकर्ताओं के स्वागत एवं सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी जीत पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग, समर्थन और निष्ठा का परिणाम है। उन्होंने जनपद के स्नातक बेरोजगारों एवं युवाओं की समस्याओं को विधान परिषद में उठाने का भरोसा दिलाया। साथ ही अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रयास करने की बात कही।बैठक में विधायक श्याम सुंदर भारती ने भाजपा सरकार में किसानों और मजदूरों की समस्याओं को उठाया, जबकि विधायक राहुल लोधी ने प्रशासन पर सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया।

लोकतंत्र जनादेश के सम्मान से सशक्त होता है, अराजकता से नहीं : केशव

- भाजपा की लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा में उमड़ा जन सैलाब

समृद्धि न्यूप

प्रयागराज। भाजपा ने लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ का संदेश देते हुए विशाल पदयात्रा निकाली। पदयात्रा में भाजपा काशी क्षेत्र के प्रयागराज महानगर, गंगापार , यमुनापार, काशी, भदोही, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, सुल्तानपुर आदि जनपदों के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व पार्टी नेताओं ने विपक्ष पर तीखे राजनीतिक हमले किए। पदयात्रा धरना स्थल से शहीद वॉल तक निकाली गई। पदयात्रा में एक रथ पर मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सहित कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, अनिल राजभर, राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, सुरेंद्र चौधरी, चायल विधायक पूजा पाल, सिद्धार्थ नाथ सिंह, हर्षवर्धन बाजपेयी, दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, काशी क्षेत्र प्रभारी रमेश सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता सहित कई प्रमुख नेता सवार थे।

पदयात्रा को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन को जनादेश पर सवाल उठाने एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास फैलाने के बजाय लोकतंत्र की मर्यादाओं का सम्मान करना चाहिए। लोकतंत्र जनादेश के सम्मान से सशक्त होता है, अराजकता से नहीं। विपक्ष तख्तापलट करना चाहता है, लेकिन जनता ऐसा नहीं होने देगी, बल्कि जनता ही उनका तख्तापलट कर देगी। उन्होंने कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वोट चोरी के आरोप लगाने वाले खुद अपने राजनीतिक आचरण पर नजर डालें। प्रयागराज की इस ऐतिहासिक पदयात्रा को राहुल गांधी वियतनाम से सोनिया गांधी दिल्ली से और अखिलेश यादव सैफई से दूरबीन लगाकर देख रहे हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि इसी सिविल लाइन (प्रयागराज) में जालीदार टोपी व लुंगी छाप गुंडों का आतंक होता था, लेकिन अब माफ़िया मिट्टी में मिल गये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोट चोरी और सपा बूथ कब्जा करने का काम करती रही है। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब कुछ विद्यार्थी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते तो अपनी कमी स्वीकार करने के बजाय शिक्षक को ही गलत ठहराने लगते हैं। राहुल गांधी और अखिलेश यादव भी चुनाव में हार के बाद यही कहते हैं। उन्हें ईवीएम और चुनाव आयोग को दोष देने के बजाय अपने अंदर झांकना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस राहुल गांधी और अखिलेश यादव को निशाने पर लेते हुए चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने को लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश बताया। तख्तापलट की कोशिश करने का आरोप लगाया और जनता से अपील की कि जनता ही इनका तख्तापलट कर देगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर कमल खिलाने के संकल्प के साथ जुटने का आह्वान किया।

कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि आपातकाल याद करें राहुल गांधी। उन्होंने कांग्रेस के लोकतांत्रिक इतिहास पर सवाल उठाते हुए कहा कि राहुल गांधी को अपनी दादी इंदिरा गांधी का कार्यकाल याद करना चाहिए, जब आपातकाल के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को जेल में डाल दिया गया था। ऐसे में लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देने से पहले कांग्रेस को अपने इतिहास पर नजर डालनी चाहिए।कांग्रेस की सरकारों ने ही बैलेट पेपर से ईवीएम तक की व्यवस्था को अपनाया था, लेकिन अब चुनाव हारने पर उसी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। संचालन काशी क्षेत्र महामंत्री विद्याधर तिवारी ने किया। महानगर प्रभारी राकेश त्रिवेदी, गंगापार प्रभारी अशोक कुमार मिश्रा, यमुनापार प्रभारी अनिल सिंह, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ल, महापौर गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह, आनंद सोनकर, शशि वार्ष्णेय, राजेंद्र मिश्र, अनुज कुशवाहा, विजय श्रीवास्तव, राजेश गोंड, संजय पासवान, मंजीत कुशवाहा, रीता सिंह, विवेक मिश्रा, उमेश तिवारी, दिलीप चतुर्वेदी, पवन श्रीवास्तव, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि विभिन्न मोर्चों प्रकोष्ठों के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वगणना व जनगणना के महत्व की दी जानकारी



कन्नौज। जनपद न्यायालय परिसर स्थित मीटिंग हॉल में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से स्वगणना एवं जनगणना जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना के महत्व की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में प्राधिकरण की सचिव पौमेला श्रीवास्तवा सहित जनपद के सभी न्यायिक अधिकारी और न्यायालय के कर्मचारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय जनगणना राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े विकास योजनाओं के निर्माण और उनके क्रियान्वयन में सहायक होते हैं। इस दौरान नागरिकों को उनके मतदाता अधिकारों के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों से समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वगणना, जनगणना और मतदान के अधिकारों की जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया गया।

पंपलेट बांटकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



कन्नौज। यातायात पुलिस ने बुधवार को सरायमीरा बस स्टैंड और तिर्वा क्रॉसिंग के आसपास अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पंपलेट वितरित करने के साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम से नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात शिल्पा वर्मा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। प्रभारी यातायात रवि शंकर त्रिपाठी, टीएसआई आफाक खान और राम प्रताप सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। पंपलेट के माध्यम से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के साथ सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताए गए। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन कर खुद के साथ दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

अपराध की आशंका में पांच लोगों को किया गिरफ्तार

छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ थाना पुलिस ने संगठित अपराध की आशंका को देखते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई की। पुलिस ने बुधवार को रूखवीर सिंह, प्रिंस, रोहित कुमार, राजकुमार और महेता नाथ निवासीगण कसावा तथा जोगिनडेरा निवासी महेता नाथ को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 और 135 के तहत कार्रवाई करते हुए नियमानुसार चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

कैंसर पीड़ित हर्षदीप की मदद को आगे आए समाजसेवी



छिबरामऊ, कन्नौज। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हर्षदीप की मदद के लिए समाजसेवी लगातार आगे आ रहे हैं। बुधवार को गोल्डेन फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौर और पूर्व सभासद जितेंद्र शर्मा ने हर्षदीप को चेक के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की। नगर के मोहल्ला कस्सावान नई बस्ती, गंगेश्वरनाथ मंदिर के निकट निवासी हर्षदीप पिछले आठ माह से बीमारी के चलते घर में बिस्तर पर हैं। वह चलने-फिरने में भी असमर्थ हैं। लंबे समय से इलाज चलने के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई है। हर्षदीप की मदद के लिए सोशल मीडिया पर रानू कुरैशी द्वारा किए जा रहे प्रयास रंग ला रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद नेता, समाजसेवी और विभिन्न संगठनों के लोग पहुंचकर आर्थिक मदद कर रहे हैं। इस मौके पर अख्तर अंसारी, सुशांत सिंह, कुलदीप और अजीम कुरैशी मौजूद रहे।

जमीन विवाद में जबरन खेत जोतने की एसडीएम से की शिकायत



छिबरामऊ, कन्नौज। जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच तनातनी का मामला सामने आया है। एक पक्ष के सूबेदार पुत्र राम भरोसे ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर पुलिस की मिलीभगत से जबरन खेत जोतने और जुताई-बुवाई में बाधा डालने का आरोप लगाया है। सूबेदार ने बताया कि गाटा संख्या 747 को लेकर न्यायालय से स्थगन आदेश (स्टे) होने के बावजूद विपक्षी पक्ष उनके खेत में हस्तक्षेप कर रहा है। आरोप है कि विपक्षी पुलिस की मिलीभगत से जबरन खेत जोतने का प्रयास कर रहे हैं। विरोध करने पर विवाद और धमकी की स्थिति बन रही है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने, राजस्व टीम से दोनों गाटों की पैमाइश कराकर मेड़ का सीमांकन कराने तथा परिवार और खेत की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। वहीं, दूसरे पक्ष के मेघनाथ ने आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि गाटा संख्या 748 उनकी जमीन है और वह उसी में फसल की बुवाई कर रहे हैं। सूबेदार का गाटा संख्या 747 अलग है। दोनों पक्षों के दावों के बीच अब राजस्व अभिलेखों और स्थलीय पैमाइश से ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

अयोध्या के दीपोत्सव में जगमगाएंगे छिबरामऊ के बने पांच लाख दीपक

छिबरामऊ, कन्नौज। रामनगरी अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव में यहां के भी बने 5 लाख दीपक जगमगाएंगे। इनकी आपूर्ति इस माह के प्रारंभ में ही शुरू हो गई थी। लोगों के बीच मिट्टी के बने बर्तनों का क्रेज बढ़ता जा रहा है। नगर के होनहार युवा प्रत्यूष प्रजापति का मिट्टी के बर्तन बनाने का कारखाना पीके माटी कला केंद्र नगर के पास ही ग्राम निगोह रोड पर श्री कोमिल सिंह शांति देवी महाविद्यालय के नजदीक है। वह बताते हैं पिछले साल भी रामनगरी अयोध्या के दीपोत्सव में 5 लाख मिट्टी के दीपकों की आपूर्ति की थी।

ईओ दिव्या गुप्ता ने किया निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

खराब मसाला मिलने पर काम रुकवाया



गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर पंचायत समधन की अधिशासी अधिकारी सुश्री दिव्या गुप्ता ने मंगलवार को नगर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे पहले मोहल्ला गर्दाबाद में एफजी से असलम के मकान तक हो रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य को देखा। मौके पर स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्होंने ठेकेदार को निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने हाजी हसन पेट्रोल पंप के पास सरकारी भूमि पर बनाए जा रहे गोदाम व दुकानों के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में मसाले की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर उन्होंने तत्काल निर्माण कार्य रुकवा दिया और अवर अभियंता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में मोहल्ला शांति नगर में प्राइमरी विद्यालय के पास चल रहे इंटरलॉकिंग कार्य और सड़क पर जलभराव की समस्या का भी निरीक्षण कर संबंधित को सुधार करने के निर्देश दिए। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी सुश्री दिव्या गुप्ता ने बताया कि _ ़नगर में चल रहे सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। खराब सामग्री का प्रयोग पाए जाने पर ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता है।

ऑनलाइन खरीदारी के विरोध में समाजवादी व्यापार सभा ने किया प्रदर्शन



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते चलन के विरोध में समाजवादी व्यापार सभा के कार्यकर्ताओं ने पीपल चौराहा पर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने ऑनलाइन खरीदारी बंद करने और स्थानीय फुटकर दुकानदारों को भी व्यापार करने का उचित अवसर देने की मांग उठाई।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते प्रचलन से छोटे व्यापारियों और फुटकर दुकानदारों का कारोबार लगातार प्रभावित हो रहा है। इससे स्थानीय बाजारों के व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो रहा है। कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपील की कि वे ऑनलाइन खरीदारी के बजाय अपने शहर के स्थानीय दुकानदारों से सामान खरीदें। इससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और शहर की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। प्रदर्शनकारियों ने 'अपने शहर का पैसा अपने शहर में ही रहने दें' का संदेश दिया।

इस दौरान गोविंद यादव, रानू कुरैशी, अशोक चौहान, जितेंद्र पाल, अख्तर अंसारी, देवांग पाल, शीलू, स्वदेश पाल, विपिन यादव और सलमान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, युवक के सिर में आई गंभीर चोट



कन्नौज। सदर कोतवाली क्षेत्र के तेरामल्लू गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। आरोप है कि एक पक्ष के लोग विवादित जमीन पर जबरन आलू की बुवाई कर रहे थे। इसका विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें एक युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दोनों पक्षों के बीच मारपीट होती दिखाई दे रही है। मामले में शशिकांत नाम के युवक की शिकायत पर पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पराली जलाने के बजाय डी-कम्पोजर से खेतों में गलाएं फसल अवशेष

* खेत बचाओ अभियान के तहत गंगागंज गुरौली और खानपुर में किसानों को किया जागरूक

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। खेत बचाओ अभियान रबी-2026 के तहत बुधवार को कृषि विभाग की ओर से तालग्राम ब्लॉक के गंगागंज गुरौली और उमर्दा ब्लॉक के खानपुर गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम प्रधान एवं प्रशासक की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रमों में कृषि विभाग के अधिकारियों और कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने किसानों को धान की कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान बताए। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट होते हैं और उर्वरा शक्ति घटती है। इसके बजाय डी-कम्पोजर का प्रयोग कर फसल अवशेषों को खेत में ही सड़ाने की सलाह दी। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ने और रासायनिक खादों पर निर्भरता कम होने में मदद मिलती है।

उन्होंने किसानों को प्राकृतिक और जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। जीवामृत, घनजीवामृत और बीजामृत तैयार करने की विधियां बताकर इनके उपयोग की जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि जैविक खेती से उत्पादन लागत घटाने, मिट्टी की सेहत सुधारने और किसानों की आय बढ़ाने की संभावनाएं हैं।

जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया नीमकरौरी एवं संकिसा का भ्रमण

* छात्रों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक विरासत एवं ऐतिहासिक महत्व से कराया परिचित

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपराओं एवं ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित कराने के उद्देश्य से नीमकरौरी धाम एवं संकिसा का शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ अनीता रंजन के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को नीमकरौरी धाम के आध्यात्मिक महत्व तथा बाबा नीमकरौरी महाराज के जीवन, उनके प्रेम, सेवा, भक्ति और मानवता के संदेश के बारे में जानकारी दी गई। प्रिंसिपल डॉक्टर रूबी यादव ने बताया विद्यार्थियों को संकिसा भ्रमण के दौरान ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व से अवगत कराया गया। संकिसा बौद्ध धर्म का एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। बौद्ध मान्यता के अनुसार, भगवान बुद्ध ने स्वर्ग से अवतरण के बाद इसी पवित्र स्थान पर धरती पर पुनः आगमन किया था। यहां स्थित अशोक स्तंभ और प्राचीन बौद्ध अवशेष भारतीय इतिहास एवं विरासत की महत्वपूर्ण पहचान हैं।

11 अवैध असलहों के साथ 22 वर्षीय युवक गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 315 बोर के 10 तमंचे, 32 बोर की एक पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

पुलिस के अनुसार, चार नवंबर को टीम अहमदपुर रानी रोड, तिर्वा के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से अवैध असलहे बरामद हुए। आरोपी की पहचान सचिन पुत्र राकेश चंद्र निवासी आसमपुर पट्टी, थाना तालग्राम के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अवैध हथियार लाकर कन्नौज और आसपास के जिलों में बेचता था। पुलिस अब हथियारों की खरीद-फरोख्त के स्रोत और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगा रही है। कोतवाली में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/5/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पर तालग्राम थाने में वर्ष 2025 में भी मुकदमा दर्ज है।

बिजली के ब्रांडेड आइटमों की चाहत बढ़ी

* प्रकाश इंटरप्राइजेज में उपलब्ध हैं नामी कंपनियों के उपकरण व केबिल

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। लोगों में बिजली के ब्रांडेड आइटमों की चाहत पहले से काफी ज्यादा बढ़ गई है क्योंकि यह जल्दी खराब नहीं होते और लंबे समय तक काम आते हैं।

शहर में गंगोत्री गेस्ट हाउस के पास (तिवारी जी की बिजली की दुकान) प्रकाश इंटरप्राइजेज का नगर का एकमात्र हैवेल्स स्टैंडर्ड शोरूम है। इसके संचालक अभिनय तिवारी उर्फ रेशू का कहना है कि यहां का पूरा बाजार ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आधारित है। गांव में फसल अच्छी हुई तो बाजार में भी रौनक बढ़ जाती है। हालांकि इस बार आलू की फसल में बड़ा नुकसान होने से बाजार की रौनक गायब हो गई है। लोगों में बिजली के ब्रांडेड आइटमों की चाहत बढ़ी है लेकिन पिछले साल की अपेक्षा इनके दाम भी काफी बढ़ गए हैं। इस बार दीपावली के लिए वह शानदार इलेक्ट्रिक झालरों की काफी वैरायटी लेकर आए हैं। इसके लिए बड़ी पूंजी भी फंसा दी है उम्मीद है कि त्योहार में इसकी मांग बढ़ेगी।

उन्होंने कहा उनके शोरूम में हैवेल्स की पूरी रेंज उचित मूल्य पर उपलब्ध है। इसके साथ ही एंकर, वी-गार्ड, बजाज व पौलीकैब आदि स्टैंडर्ड कंपनियों के उत्पाद भी मिलते हैं। ब्रांडेड कंपनियों के सीलिंग फैन, वॉल फैन, रूम फ्रेशनर, एग्जास्ट फैन, इलेक्ट्रिक गीजर, गैस गीजर, एलईडी बल्ब, ट्यूबलाइट, एलइडी पैनल, हर तरह के इलेक्ट्रिक स्विच, प्रेस, इंडक्शन हीटर,हर तरह की केबल, सभी तरह की लाइटिंग व अंडरग्राउंड फिटिंग की पूरी रेंज उपलब्ध है।

मांगों के समर्थन में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य

छिबरामऊ, कन्नौज। फुपुक्टा के आह्वान पर 30 सूत्रीय मांगों के समर्थन में बुधवार को नेहरू कॉलेज की शिक्षक संघ इकाई ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षकों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाई।

शिक्षकों ने कहा कि फुपुक्टा की ओर से उठाई गई 30 सूत्रीय मांगें शिक्षक हितों से जुड़ी हैं। इन मांगों का जल्द निस्तारण किया जाना चाहिए।

महाविद्यालय की शिक्षक संघ इकाई ने फुपुक्टा और कूटा संगठन की सभी मांगों का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान होना जरूरी है। मांगें पूरी होने तक संगठन के निर्देशानुसार विरोध जारी रखने की बात भी कही गई।

गुरुकुल पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने बिखेरे रंगों के अनूठे रंग

* रंगोली बनाकर छात्राओं ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा, प्रमाण पत्र देकर किया गया प्रोत्साहित

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज। **गुरुकुल पब्लिक** स्कूल में छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए विभिन्न रंगों से आकर्षक एवं मनमोहक रंगोलियां तैयार कीं। किसी ने फूलों की सुंदर आकृति उकेरी तो किसी ने पारंपरिक डिजाइनों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। रंगों से सजी उनकी कलाकृतियां सभी के आकर्षण का केंद्र बन गईं।

प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में छिपी रचनात्मक प्रतिभा को सामने लाना, भारतीय कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि विकसित करना और उन्हें अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करना रहा। समापन पर सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय परिवार ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच विकसित होती है।

प्रतियोगिता में अनन्या मिश्रा, नव्या श्रीवास्तव, रिया बाथम, दुर्गा शर्मा, श्रेया राठौर, स्मृति सिंह, अबनी, पिहू, अव्या, अनाया, छवि, नव्या गुप्ता, तान्या, कृतिका, साध्वी, शिक्षा, सौम्या एवं नेहा सहित अन्य छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

ठठिया-खैरनगर-तिर्वा तिराहे को मिलेगी भगवान परशुराम के नाम की पहचान

* मंत्री असीम अरुण ने डीएम को भेजा प्रस्ताव।
* राजस्व टीम ने किया भौतिक सत्यापन।
* स्थापित होगा विशाल फरसे का प्रतीक चिह्न।

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। ठठिया-खैरनगर-तिर्वा तिराहे को भगवान परशुराम तिराहा नाम देने की पहल शुरू हो गई है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक पाण्डेय के अनुरोध पर सदर विधायक एवं समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने जिलाधिकारी को प्रस्ताव भेजा है। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तिराहे का भौतिक सत्यापन किया।

प्रस्ताव के अनुसार, तिराहे पर भगवान परशुराम के सम्मान और पहचान के प्रतीक के रूप में विशाल फरसा स्थापित कराया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि भगवान परशुराम भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और शौर्य के प्रतीक हैं। तिराहे को उनके नाम से पहचान मिलने से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को सम्मान मिलेगा। उन्होंने प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए मंत्री असीम अरुण का आभार जताया।

सार्वजनिक सूचना

मेरी पुत्री की सीबीएसई हाईस्कूल अंकतालिका में त्रुटिवश पिता का नाम NEMATULLAH, माता का नाम SHABEENA तथा जन्मतिथि 22/03/2009 अंकित है। सही विवरण क्रमशः NIYAM TULLA, SABEENA तथा 23/03/2009 है। भविष्य में यही विवरण मान्य होगा।



फर्रुख़ाबाद



17वें संयुक्त वार्षिक आत्मिक कन्वेंशन का हुआ शुभारंभ

पादरी हेरोल्ड अबिताभ व पादरी स्टीफन मसीह ने अध्यात्मिक वचनों का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

शहर के सीएनआई बढ़पुर चर्च ग्राउंड में डायसिस ऑफ आगरा चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया (सीएनआई) के अंतर्गत फर्रुखाबाद सीएनआई चर्चेज के 17वें संयुक्त वार्षिक आत्मिक तीन दिवसीय कन्वेंशन का शुभारंभ हुआ। इस कन्वेंशन का विषय अंत समय की तैयारी के लिए मसीह में बढ़ना रखा गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोगों ने पहुंचकर सहभागिता की। कन्वेंशन के दौरान रेव्ह हेरोल्ड अबिताभ और रेव्ह स्टीफन मसीह ने पवित्र बाइबिल के वचनों के माध्यम से उपस्थित लोगों को आत्मिक संदेश दिया। उन्होंने मसीह में विश्वास बनाए रखने, आत्मिक जीवन में आगे बढ़ने और अंत समय की तैयारी के महत्व पर प्रकाश डाला।

दोनों पादरियों ने प्रार्थना कराई और लोगों को प्रभु यीशु मसीह के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता के रूप में देहरादून से पहुंचे रेव्ह0 डॉ0 आशीष खंडेलवाल ने भी बाइबिल के वचनों के माध्यम से आत्मिक संदेश दिया।

इस दौरान क्राइस्ट चर्च बरेली की टीम ने आत्मिक गीतों, संगीत और भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं सीएनआई बढ़पुर चर्च, रखा चर्च, सिटी चर्च, ऑल सोल्स चर्च व संडे स्कूल की क्वायर ने भी आत्मिक गीत प्रस्तुत किए। आखिरी नरसिंगा देखो फूंका जाने वाला है, गीत ने उपस्थित लोगों को आत्मिक भाव से जोड़ा। मुख्य अतिथि के रूप में डायसिस ऑफ आगरा के सचिव डॉ0 अविनाश चंद्र मौजूद रहे। साथ ही पादरी किशन मसीह ने भी सहभागिता की। कन्वेंशन की अध्यक्षता रेव्ह हेरोल्ड अबिताभ ने की। उपाध्यक्ष रेव्ह स्टीफन मसीह, सचिव अमन मनीला मैसी तथा कोषाध्यक्ष भावना लाल सहित आयोजन से जुड़े अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान रोजीशन विश्वासी, रंजीत मैसी, राहुल अबरार, अमर साइमन, डोरकस अबरार, राजीव के लाल, सुषमा लाल, अजय लाल, राकेश सक्सेना, वीना साइमन, शशि सिंह, अनमोल लाल, अमित सिंह, ऐस्तर रोज दयाल, जॉर्डन राज, हेम हेरोल्ड, चार्ल्स टॉमस, मुकेश डेविड, राजेश डेविड, विनीता सिंह, मोरीना एविल, सुनीता दास, सुजीत सहाय, आशीष, आजाद भाई, सीवी मल्ल, सहित मसीही समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। तीन दिवसीय कन्वेंशन के दौरान आत्मिक संदेश, प्रार्थना, भजन और संगीत के माध्यम से लोगों को मसीह के विश्वास में आगे बढ़ने का संदेश दिया जाएगा।



कन्वेंशन में मौजूद अतिथिगण

एक का उर्वरक विक्रय अधिकार पत्र निलंबित, दो को नोटिस

उर्वरक दुकानों पर जिला प्रशासन का छापा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी के निर्देश और मुख्य विकास अधिकारी के आदेश के क्रम में जनपद के 16 थोक उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा औचक जांच की गई। इस संयुक्त टीम में जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, उप कृषि निदेशक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं जिला पंचायतराज अधिकारी शामिल रहे। मेसर्स माहेश्वरी फर्टिलाइज़र कमालगंज प्रतिष्ठान पर रेट बोर्ड/स्टॉक बोर्ड अद्यतन न होने तथा मुख्य उर्वरकों के अतिरिक्त सूक्ष्म पोषक तत्वों के उर्वरकों का अंकन स्टॉक रजिस्टर में न पाए जाने पर उर्वरक विक्रय अधिकार पत्र निलंबित कर दिया गया। मेसर्स फौजी ट्रेडर्स खुदारा विक्रेता कमालगंज के रेट बोर्ड/स्टॉक बोर्ड अद्यतन न मिलने के कारण इस प्रतिष्ठान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। मेसर्स सॉई खाद भंडार ठंडी सड़क पर स्टॉक रजिस्टर अद्यतन न होने और उर्वरक बिक्री किए गए खुदरा विक्रेताओं के मोबाइल नंबर इनवाइस में अंकित न होने के कारण टैगिंग/अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री करने का सत्यापन न हो पाने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनपद में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है और मांग से अधिक उर्वरक उपलब्ध है। 03 नवंबर को इफको डीएपी की 1325 मीट्रिक टन 26500 बोरी की रैक भी प्राप्त हो चुकी है। जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र कुमार वर्मा ने किसान से अपील की है कि वे बिक्री केंद्र पर अपनी खतौनी एवं आधार कार्ड अवश्य लेकर जाएं, जिससे उनकी भूमि के अनुपात में सही मात्रा में उर्वरक मिल सके।

रामलीला मेले में लूडो से जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। कस्बे में चल रहे रामलीला मेले के दौरान पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी लूडो के माध्यम से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो लूडो और कुल 4,840 रुपये नकद बरामद किए हैं। मंगलवार रात उपनिरीक्षक गीतम अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। मुखबिर से सूचना मिली कि रामलीला मेले के दक्षिणी कोने में बड़े झूलों के पास कुछ लोग रुपयों की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों युवकों को दबोच लिया। पूछताछ में उनकी पहचान रवि कुमार पुत्र हृदयराम निवासी जैतपुर थाना शमसाबाद, रजत पुत्र शेर सिंह निवासी नगला हीरासिंह और राजू ठाकुर पुत्र चंद्रपाल निवासी थाना नवाबगंज के सामने कस्बा नवाबगंज के रूप में हुई। पुलिस ने जुए की फड़ से 2,940 रुपये और तलाशी के दौरान 1,900 रुपये बरामद किए।

घर की छत के रास्ते घुसे चोर ने उड़ाई 30 हजार की नकदी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित पुराना गनीपुर मोहल्ले में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात अज्ञात चोर ने एक घर को निशाना बनाते हुए 30 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। राहत की बात यह रही कि पीड़ित परिवार द्वारा सोशल मीडिया पर डेढ़ लाख रुपये चोरी होने की शुरुआती अफवाह फैल गई थी, लेकिन बाद में घर की दूसरी अलमारी से 1 लाख 20 हजार रुपये सुरक्षित मिल गए, जिससे स्पष्ट हुआ कि कुल चोरी 30 हजार रुपये की ही हुई है। घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

पुराना गनीपुर निवासी छोटेलाल पुत्र स्वर्गीय श्रीनिवास वर्मा ने थाना में दी गई तहरीर में बताया कि 2 नवंबर की रात करीब 12 बजे अज्ञात चोर छत के रास्ते उनके घर में दाखिल हुआ। चोर ने कमरे में रखे श्रृंगारदान की रैक से 30 हजार रुपये की नकदी निकाली और आसानी से फरार हो गया। अगली सुबह यानी 3 नवंबर को जब घटना की जानकारी हुई, तो घबराहट में परिवार ने सोशल मीडिया पर डेढ़ लाख रुपये चोरी होने की सूचना प्रसारित कर दी थी। कुछ समय बाद जब घर की अन्य अलमारियों की तलाशी ली गई, तो 1 लाख 20 हजार रुपये मिल गए। इसके बाद स्थिति स्पष्ट हुई कि केवल 30 हजार रुपये की ही नकदी चोरी हुई है। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर के अंदर आने और बाहर जाने की पूरी गतिविधि और उसकी तस्वीर साफ तौर पर कैद हो गई है। फुटेज में दिख रही तस्वीर के आधार पर मोहल्ले के ही एक युवक पर शक जताया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया और उससे कड़ाई से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है।

बीडीओ ने की सचिवों संग समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

2 दिन में आवास प्रपत्र जमा करने के दिए कड़े निर्देश

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकासखंड कार्यालय नवाबगंज में बुधवार को खंड विकास अधिकारी राधेश्याम की अध्यक्षता में ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ ने शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर अधीनस्थ कर्मचारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों को कड़े दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए खंड विकास अधिकारी ने कहा कि शासन पात्र व्यक्तियों को त्वरित लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। उन्होंने निर्देश दिया कि पात्रता सूची में शामिल सभी पात्र लाभार्थियों के आवश्यक प्रपत्र 2 दिन के अंदर विकासखंड कार्यालय में हर हाल में जमा कराए जाएं, ताकि उच्च अधिकारियों के निर्देशों का समय से अनुपालन कराया जा सके। इसके साथ ही बीडीओ ने ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और उच्च अधिकारियों के निर्देशन में चल रही ऑडिट प्रक्रिया के संबंध में कर्मचारियों को अवगत कराया। उन्होंने ऑडिट से संबंधित सभी अभिलेख भी जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में श्रम विभाग से पहुंचे कर्मचारी जीशान खान ने बाल श्रम और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर विचार-विमर्श किया।



बैठक लेते बीडीओ

उन्होंने उपस्थित सचिवों व कर्मचारियों से अपील की कि अपने-अपने क्षेत्रों में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से श्रम न कराया जाए और बाल विवाह जैसी घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। इस दौरान एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेश सिंह, श्रम विभाग से जीशान खान, ग्राम पंचायत सचिव बृजेश कुमार, प्रमोद शुक्ला, मोतीलाल यादव, अनुपम बाजपेई, कामता प्रसाद पटेल, प्रवीण कुमार, आनंद कुमार, अरविंद कुमार, आनंद गंगवार, संदीप राठौर, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

विकसित भारत युवा संसद व युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

माय भारत द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में विकसित भारत युवा संसद सत्र 2026 तथा युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूथ आइकन विशाल श्रीवास्तव, डॉ0 विनीता मिश्रा, प्रो. डॉ. पारुल, प्रधानाचार्य बृजेन्द्र कुमार, शीश मेहरोत्रा एवं सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। अतिथियों का माय भारत की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जिला युवा अधिकारी माय भारत ने बताया कि कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में माय भारत मेरा युवा भारत पर परिचर्चा तथा विकसित भारत युवा संसद एवं युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। अतिथियों एवं विशेषज्ञों ने युवाओं को विकसित भारत के निर्माण, राष्ट्र के विकास एवं युवा सहभागिता के विभिन्न विषयों पर अभिमुखीकरण एवं परिचर्चा के माध्यम से संबोधित किया गया। सभी वक्ताओं ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रेरित किया। प्रथम सत्र में युवा संसद, द्वितीय चरण में युवा संसद तथा तृतीय चरण में युवा संवाद गतिविधि सम्पन्न कराई गई। विकसित भारत युवा संवाद के अंतर्गत युवाओं को अपने विचार व्यक्त करने एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका समझने का अवसर प्रदान किया गया।



शील्ड के साथ प्रतिभागी

यूथ आइकन विशाल श्रीवास्तव ने राष्ट्र निर्माण, सामाजिक विकास एवं विकसित भारत के संकल्प में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों को माय भारत द्वारा स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. प्रीति सोनी एवं तिवारी ने किया। इस मौके पर शिवम वर्मा, केके अग्रवाल, डॉ. प्रीति सोनी, रजनी, प्रीति आदि मौजूद रहे।

यातायात पुलिस ने बच्चों को सिखाए सड़क सुरक्षा के नियम

मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा व हेल्पलाइनों की दी गई जानकारी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे यातायात जागरूकता माह नवंबर और मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के अंतर्गत कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्रांतर्गत स्थित मदर प्राइड स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिसकर्मियों ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन तथा वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से समझाया। इस दौरान बच्चों में यातायात पुलिस द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न आधुनिक उपकरणों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पुलिसकर्मियों ने उत्सुक बच्चों को उन उपकरणों की कार्यप्रणाली और उनके उपयोग के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं व महिला स्टाफ को महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आपातकालीन व सुरक्षा सहायता के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों-112 आपातकालीन सेवा, 1090 महिला पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन तथा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की जानकारी दी गई और किसी भी विषम परिस्थिति में निर्भीक होकर इन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



छात्राओं को जागरूक करती यातायात पुलिस

विकासखंड परिसर में हरियाली पर चला आरी का फंदा

नवनिर्मित भवन के अंदर खड़े दो हरे नीम के पेड़ रात के अंधेरे में गायब

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

एक तरफ प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण महाअभियान के तहत करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है।

वहीं जिम्मेदार अधिकारियों की नाक के नीचे सरकारी परिसरों में ही पर्यावरण की बलि दी जा रही है। ब्लाक परिसर में रात के अंधेरे में मिलीभगत के खेल के तहत दो हरे-भरे नीम के पेड़ों को काटकर नेस्तनाबूद कर दिया गया। जानकारी के अनुसार विकासखंड परिसर में नवनिर्मित भवन के ठीक अंदर खड़े दो बड़े नीम के पेड़ों को अज्ञात लोगों द्वारा रातों-रात गुप्त तरीके से कटवा दिया गया। हैरानी की बात यह है कि ब्लॉक परिसर जैसे संवेदनशील और प्रशासनिक कार्यालय क्षेत्र में बिना किसी उच्चाधिकारी की अनुमति या विभागीय जानकारी के इतने बड़े पेड़ काट दिए जाना और किसी को भनक तक न लगना, सीधे तौर पर अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है। जब इस पूरे मामले के संबंध में खंड विकास अधिकारी राधेश्याम से दूरभाष पर जानकारी ली गई, तो उन्होंने इस घटना से पूरी तरह अनभिज्ञता जाहिर की।



नवनिर्मित भवन के अंदर से काटे गये हरे पेड़

बीडीओ का कहना था कि इस मामले की मुझे कोई जानकारी नहीं है और न ही मेरी अनुमति या संज्ञान में ये पेड़ काटे गए हैं। अब सवाल यह उठता है कि यदि विकासखंड परिसर के भीतर सरकारी संपत्ति यानी हरे-भरे पेड़ों को काटा गया है, तो ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी भनक क्यों नहीं लगी? क्या बिना किसी आंतरिक मिलीभगत के सरकारी परिसर के अंदर इस तरह की अवैध कटान संभव है? क्षेत्रीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों में इस घटना को लेकर भारी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार पौधारोपण के नाम पर बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं सरकारी तंत्र के संरक्षण में ही पनप रहे भ्रष्ट और लापरवाह नुमाइंदे हरियाली को पलीता लगाने में जुटे हैं। अब देखना यह होगा कि इस मामले के उजागर होने के बाद जिला प्रशासन या उच्च अधिकारी इस संज्ञेय मामले का संज्ञान लेते हैं या नहीं, और क्या रात के अंधेरे में पेड़ कटवाने वाले इन अज्ञात चेहरों व उनके संरक्षकों पर कोई ठोस विभागीय कार्रवाई की जाती है।

ठगी करने वाले साइबर गैंग के 3 सदस्य गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पुलिस ने ऐप के माध्यम से लोगों को झांसे में लेकर साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से फर्जीवाड़े में इस्तेमाल होने वाले मोबाइल, एटीएम कार्ड, पासबुक और नकद धनराशि बरामद की है। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि अभियुक्त ऐप के जरिए ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध कराने का झांसा देकर लोगों से साइबर ठगी करते थे। ठगी की रकम को अन्य लोगों के नाम पर फर्जी तरीके से खोले गए बैंक खातों में जमा कराया जाता था। इन खातों से जुड़े एटीएम और यूपीआई आईडी में आरोपी अपने फर्जी मोबाइल नंबर दर्ज रखते थे और एटीएम कार्ड अपने पास रखकर तुरंत पैसे निकाल लेते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में रितिक कश्यप पुत्र राजू कश्यप निवासी मोहल्ला भोपतपट्टी श्यामनगर थाना कादरीगेट, लखन सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी ग्राम गुडेरा थाना अमृतपुर, शिवम सिंह उर्फ दीपू पुत्र महेन्द्र पाल सिंह निवासी ग्राम गुडेरा थाना अमृतपुर शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों व जनपदों से कुल 14 साइबर अपराध शिकायतें दर्ज हैं।



घटना का खुलासा करती एसपी

लखन सिंह और शिवम सिंह का पूर्व में भी शाहजहांपुर और अमृतपुर थानों में आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में साइबर क्राइम थाना के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार, उपनिरीक्षक सुबोध यादव, मुख्य आरक्षी रविन्द्र प्रताप सिंह तथा आरक्षी अंकित आर्य, रामपति, गौरीशंकर एवं अनुराग लाम्बा शामिल रहे।

हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

हादसे में घायल को तुरंत उपचार के लिए भेजा गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर

थाना राजेपुर क्षेत्र के आईटीआई के निकट बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम भुवनपुर निवासी रामसेवक का 40 वर्षीय पुत्र रविंद्र नाई मंगलवार शाम करीब 6 बजे अपनी बाइक से थाना राजेपुर क्षेत्र के अंतर्गत आईटीआई के निकट से गुजर रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक सड़क किनारे साइड में खड़ी एक पिकअप से जोरदार ढंग से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रविंद्र गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल रविंद्र को तुरंत उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा गया। राजेपुर थानाध्यक्ष अजब सिंह ने बताया कि अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही रविंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिजली के तार व ट्रांसफार्मर चुराने वाले सात शातिर चोर गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विशेष अभियान के तहत एसओजी/सर्विलांस टीम और थाना शमसाबाद पुलिस ने बिजली के तारों की चोरी करने वाले एक अंतर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। बिजली के खंभों से तार चोरी करने की लगातार हो रही घटनाओं के दृष्टिगत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 07 शातिर अभियुक्तों को चोरी के माल और प्रयुक्त वाहनों सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ और दर्ज मुकदमों के अनुसार यह गिरोह लगातार क्षेत्र में बिजली के उपकरणों को निशाना बना रहा था।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि थाना शमसाबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमलैया आशानन्द से ग्राम नगलानान के बीच 18 बिजली पोल के तार काटने पर धारा 303(2), 324(4) बीएनएस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में रोहिल्ला अंडरपास के पास 14 पोलों पर तार काटने के संबंध में मुकदमा धारा 303(2) बीएनएस दर्ज किया गया था। थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम सिंधौली में निजी ट्यूबवेल के ट्रांसफार्मर को जमीन पर गिराकर तेल और वायरिंग चोरी करने के संबंध में मुकदमा 303(2) बीएनएस दर्ज हुआ था।

भारी मात्रा में सामान बरामद

गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम सबलू पुत्र शहीद खान निवासी कटरा रहमत खां कोतवाली कायमगंज, आमीर पुत्र ईद मौहम्मद निवासी मऊ रशीदाबाद कोतवाली कायमगंज, वीपी सिंह उर्फ विमल पुत्र राम सिंह निवासी मिलकिया थाना नबावगंज, लाल बहादुर पुत्र राजाराम निवासी मिलकिया थाना नबावगंज, आसिम पुत्र कैसर खान निवासी बड़ा बाजार मऊरशीदाबाद कोतवाली कायमगंज, तस्लीम पुत्र रजी खान निवासी भूडिया कटरा रहमत खां कोतवाली कायमगंज, संजय गंगवार पुत्र अभिलाष चंद्र गंगवार निवासी खेड़ा कुइया थाना शमसाबाद, हाल पता पालीवाल गली बेवर रोड थाना फतेहगढ़ बताया। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे सबसे पहले मोटरसाइकिल से रेकी करते थे और यह पहचान करते थे कि कौन सी नई बिजली लाइन पड़ रही है। नई लाइनों में करंट न होने का फायदा उठाकर वे रात के समय तार काट लेते थे। इसके अलावा वे ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर भी चोरी करते थे और चोरी के सामान को सस्ते दामों में बेचकर मिलने वाले रुपयों को आपस में बांट लेते थे। आरोपियों की निशानदेही से 01 अशोक लीलैंड लोडर वाहन, 01 हीरो स्पलेंडर और 01 प्लेटिना मोटरसाइकिल, 11/33 केवी बिजली के तार के 09 बंडल, चोरी की गई मोटी केबल के कटे टुकड़ों से भरे 06 प्लास्टिक के बोरे, केबल/तार से निकाली गई करीब 04 किलो तांबे की पत्तियां, 02 कटर कैचीनुमा, 01 पोल क्लाइंबिंग चप्पल और 01 इलेक्ट्रॉनिक तराजू, 01 पिपिया ट्रांसफार्मर का तेल, 06 मोबाइल फोन और 1,910 रुपये नकद बरामद हुए।



खुलासा करती पुलिस अधीक्षक पीठे खड़े आरोपी

शातिर गिरोह को पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष सचिन सिंह चौधरी, एसओजी/सर्विलांस प्रभारी संत कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस द्वारा सभी अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जिला स्तरीय स्काउट-गाइड रैली में प्रतिभागियों ने दिखाया उत्साह

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की जनपद स्तरीय रैली का आयोजन पीएम श्री महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में किया जा रहा है। रैली के द्वितीय दिवस विभिन्न ज्ञानवर्धक, साहसिक एवं रोमांचक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

द्वितीय दिवस का कार्यक्रम ध्वज शिष्टाचार के साथ प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात प्रतिभागियों के लिए झंडी संकेत, साहसिक क्रियाकलाप, अनुमान लगाना, मीनार प्रदर्शन, टर्न आउट तथा आपदा प्रबंधन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों में स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, साहस एवं टीम भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। आपदा प्रबंधन संबंधी गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को विपरीत परिस्थितियों में सजगता एवं सहायता के लिए आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। रैली के द्वितीय दिवस जिला मुख्यायुक्त दिनेश चंद्र वर्मा, कार्यक्रम संयोजक दीपिका राजपूत एवं सहसंयोजक इंदू मिश्रा, जिला सचिव महेश चंद्र राजपूत तथा प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। निर्णायक मण्डल में भारती मिश्रा, हिमलेश शाक्य, सीमा, योगेश कुमार, पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, तरुण शुक्ला उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संगीता यादव, ऐस्टर रोज़ दयाल, पुष्पा सिंह, अनिल शाक्य, कृष्ण स्वरूप, योगेश कुमार, निर्मला सिंह, मीनाक्षी भास्कर, अल्पना द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

द्वितीय दिवस के कार्यक्रमों का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित कैंप फायर कार्यक्रम के साथ हुआ। जिसमें प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ सहभागिता की। रैली परिसर में दिनभर उत्साह, अनुशासन और स्काउट-गाइड की सेवा भावना का वातावरण बना रहा। जीजीआईसी की गाइड की छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की गई।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें



मार्च पास्ट करते स्काउट गाइड

राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल की आधा दर्जन लोगों ने ली सदस्यता



प्रमाण पत्र के साथ नवनियुक्त पदाधिकारी

फर्रुखाबाद। राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के जिला कार्यालय पर प्रदेश महासचिव अंकित तिवारी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए आधा दर्जन से अधिक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पार्टी के विस्तार और मजबूती को ध्यान में रखते हुए कई प्रमुख कार्यकर्ताओं को अहम पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। नव-नियुक्त पदाधिकारी अखिलेश शुक्ला जिला सचिव, रंजन बाथम जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा, ब्रजेश सक्सेना जिला महासचिव पिछड़ा मोर्चा, दिलीप शर्मा जिला सचिव युवा मोर्चा, सचिन शुक्ला जिला सचिव युवा मोर्चा, आशू तिवारी जिला सचिव व्यापार संघ, हर्ष दुबे जिला सचिव व्यापार संघ, सुरजीत बाथम जिला कार्यसमिति सदस्य, प्रदीप राजपूत जिला कार्यसमिति सदस्य शामिल है। वक्ताओं ने कहा कि नए पदाधिकारियों के जुड़ने से पार्टी जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत होगी। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष पंकज अवस्थी और जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा अनुपम दीक्षित ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं और पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर राजन दीक्षित, अरुण दीक्षित, गोपाल शुक्ला मौजूद रहे।

फुपुक्टा के आह्वान पर शिक्षकों ने लंबित मांगों को लेकर आंदोलन किया तेज

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुपुक्टा) के आह्वान पर भारतीय महाविद्यालय के शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। शासन स्तर पर लगातार हो रही अनदेखी से आक्रोशित शिक्षकों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। 2 नवंबर 2026 से शुरू हुए इस चरणबद्ध आंदोलन में भारतीय महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने एकजुट होकर अपना पूर्ण और सक्रिय समर्थन दिया। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि एक तरफसरकार उच्च शिक्षा के विकास का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों के बुनियादी अधिकारों का हनन किया जा रहा है। यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो शिक्षक व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। शिक्षक संघ की 5 प्रमुख मांगों में शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ तुरंत दिया जाए और एनपीएस में राज्यांश का ससमय भुगतान सुनिश्चित हो। यूजीसी के मानकों और अन्य राज्यों की तर्ज पर सेवानिवृत्ति की उम्र 65 वर्ष की जाए। पूर्व में मिलने वाले चिकित्सकीय अवकाश को दोबारा शुरू किया जाए। रुकी हुई पीएचडी वेतन वृद्धि तुरंत लागू हो तथा समर्थ पोर्टल पर प्रोन्नति के दौरान यूजीसी नियमों के विपरीत लगाई जा रही अनावश्यक शर्तों को हटाया जाए। सेवानिवृत्त शिक्षकों के जीपीएफ और पेंशन का भुगतान लालफीताशाही से मुक्त कर समयबद्ध तरीके से किया जाए। इस मौके पर प्राचार्य रमन प्रकाश, आलोक बिहारी शुक्ला, डा0 रमाशंकर पाण्डेय के अलावा कई शिक्षकगण मौजूद रहे।



विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक

संस्कार ही मनुष्य के जीवन की वास्तविक पूंजी है: संदीप आर्य

- सामूहिक सत्संग व वैदिक यज्ञ का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में ग्राम फत्तेपुर रावसाहब में सामूहिक सत्संग एवं वैदिक यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए वैदिक परंपरा एवं सत्संग का लाभ प्राप्त किया। वैदिक यज्ञ आचार्य संदीप आर्य ने विधि-विधानपूर्वक सम्पन्न कराया। उन्होंने कहा कि संस्कार ही मनुष्य के जीवन की वास्तविक पूंजी हैं। बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। माता-पिता का दायित्व है कि वे बच्चों को बाल्यकाल से ही धार्मिक, नैतिक एवं मानवीय संस्कार प्रदान करें, जिससे उनमें सत्यनिष्ठा, अनुशासन, सेवा, सद्भाव और माता-पिता के प्रति सम्मान की भावना विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि संस्कारवान परिवार ही संस्कारवान समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में उर्मिला आर्या ने अपने मधुर भजनों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। उन्होंने भजनों के माध्यम से परिवारों में आपसी प्रेम, परस्पर सम्मान, सहयोग एवं प्रीति बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि परिवार में प्रेम और सद्भाव का वातावरण ही सुखी समाज की आधारशिला है। कार्यक्रम में संतोष आर्य, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, अंकुर राठौर, आनंद राठौर, विवेक कुमार, दीपक राठौर, सीमा आदि उपस्थित रहे।



हवन में आहूतियां डालते लोग

प्रांतीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ का प्रांतीय चुनाव सम्पन्न

डॉ. पुनीत कुमार पाण्डेय प्रांतीय अध्यक्ष एवं डॉ. जितेंद्र कुमार वर्मा महासचिव निर्वाचित

लखनऊ/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रांतीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्साधिकारियों के अधिवेशन, मिलन समारोह एवं द्विवार्षिक चुनाव का आयोजन 31 अक्टूबर एवं 01 नवंबर 2026 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन का शुभारंभ निदेशक आयुर्वेद सेवाएं उत्तर प्रदेश डॉ. नारायण दास ने दीप प्रज्वलन एवं धन्वंतरि पूजन से हुआ।

प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपने मताधिकार का प्रयोग कर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। निर्वाचन अधिकारी प्रो0 माखन लाल की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराई गई।

चुनाव परिणामों में प्रांतीय अध्यक्ष पद पर डॉ.पुनीत कुमार पाण्डेय ने उनके प्रतिद्वंद्वी डॉ. उदय भान यादव को 204 मतों से हरा कर जीत प्राप्त की। वहीं प्रांतीय महासचिव पद पर डॉ. जितेंद्र कुमार वर्मा ने विजय प्राप्त की। नवनिर्वाचित पदाधिकारी प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. पुनीत कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष आयुर्वेद डॉ. अच्छे लाल, महिला उपाध्यक्ष डॉ. रीमा सोनकर, प्रांतीय उपाध्यक्ष यूनान डॉ. राघवेंद्र कुमार सिंह, प्रांतीय महासचिव डॉ. जितेंद्र कुमार वर्मा, उप महासचिव आयुर्वेद डॉ. सृजन कुमार राय, उप महासचिव महिला डॉ. विजय लक्ष्मी, उपमहासचिव यूनानी डॉ. जयनेन्द्र कुमार, संगठन सचिव डॉ. सौरव यादव, आय-व्यय निरीक्षक डॉ. धनन्जय आनंद बनाये गये है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से चिकित्साधिकारियों ने अपेक्षा व्यक्त की कि वे संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने, चिकित्साधिकारियों की समस्याओं के समाधान, उनके सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा तथा आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के विकास और विस्तार के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण से कार्य करेंगे। चिकित्साधिकारियों ने अपने विचारों का आदान-प्रदान किया तथा संगठन की एकता, आपसी सौहार्द, सहयोग और मजबूती का संकल्प लिया। नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष डॉ0 पुनीत कुमार पाण्डेय एवं महासचिव डॉ. जितेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि यह विजय किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे चिकित्साधिकारी परिवार के विश्वास, एकजुटता और संगठनात्मक शक्ति की विजय है।



नवनिर्वाचित पदाधिकारी

पूर्व प्रबंधक की पुण्यतिथि पर केएसआर कॉलेज में स्मृति समारोह आयोजित

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

केएसआर इंटर कॉलेज कंपिल के प्रांगण में विद्यालय के पूर्व प्रबंधक स्वर्गीय डॉ. बीडी शर्मा के निर्वाण दिवस (पुण्यतिथि) पर स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी कायमगंज अजय कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया। मुख्य अतिथि, विद्यालय के प्रबंधक डॉ. विकास शर्मा, प्रभाकर मिश्र, प्रधानाचार्य एवं समस्त विद्यालय परिवार ने स्व0 डॉ. बीडी शर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय डॉ. शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता सीओ अजय कुमार वर्मा ने कहा कि डॉ. शर्मा एक श्रेष्ठ जननायक, समाजसेवी, शिक्षाविद और कुशल मार्गदर्शक थे। उन्होंने शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में समाज को अपना अमूल्य योगदान दिया है।

वहीं प्रबंधक डॉ. विकास शर्मा ने कहा कि डॉ. वीडी शर्मा द्वारा दिखाए गए आदर्श और मार्ग हम सभी के लिए सदैव अनुकरणीय हैं। समारोह के दौरान आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, प्रांतीय क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु0 निशा को पदक एवं 1000 रुपये का नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक डॉ. विकास शर्मा ने वंचित वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को सहायता प्रदान कर उनका संबल बढ़ाया। संचालन संस्कृत प्रवक्ता प्रशांत कुमार मिश्र ने किया।



छात्र को सम्मानित करते सीओ व प्रबंधक

कालपी अधिवक्ता संघ अध्यक्ष की हत्या से वकीलों में रोष

- रासुका और अधिवक्ता संरक्षण कानून की उठाई मांग

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कानपुर देहात के कालपी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ग्यादीन अहिरवार के अपहरण के बाद हुई सनसनीखेज हत्या की घटना से पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। इस बर्बर वारदात के विरोध में कायमगंज रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सड़कों पर उतर आए और तहसील परिसर में उग्र प्रदर्शन कर अपना रोष प्रकट किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा देने और अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पुरजोर गुहार लगाई गई है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विशेषर दयाल यादव और महामंत्री अवनीश कुमार गंगवार ने संयुक्त रूप से कहा कि उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता संरक्षण कानून लागू न होने के कारण वकीलों पर लगातार हमले और हत्याएं हो रही हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही इस कानून को लागू नहीं किया, तो प्रदेश भर के वकील व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अधिवक्ताओं ने 3 प्रमुख मांगें रखी है। जिनमें हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार कर उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। प्रदेश में तत्काल प्रभाव से अधिवक्ता संरक्षण कानून लागू किया जाए।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

पुलिस लाइन सभागार में चयनित अभ्यर्थियों को दी गई ब्रीफिंग

- लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण के संबंध में हुआ कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

आगामी 06 नवंबर को रिजर्व पुलिस लाइन्स लखनऊ में आयोजित होने वाले नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों सीधी भर्ती-2025 के नवनिर्वाचित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के चयनित अभ्यर्थियों के साथ एक महत्वपूर्ण ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। ब्रीफिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थियों को कार्यक्रम से जुड़ी आवश्यक गाइडलाइंस की जानकारी दी। उन्होंने अभ्यर्थियों को निर्धारित ड्रेस कोड का कड़ाई से पालन करने, अपने आधिकारिक पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ रखने तथा सुरक्षा व आवागमन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अभ्यर्थियों की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

लखनऊ जाने के लिए विशेष बसों का प्रबंध किया गया है, साथ ही रास्ते में अभ्यर्थियों के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा और निर्बाध आवागमन के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबंध समय से पूरे किए जा रहे हैं।



बैठक लेते अपर पुलिस अधीक्षक

प्र.वि. मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की हुई बैठक

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय के विकास, बच्चों की शिक्षा और आगामी परीक्षाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का समापन दीपावली की आत्मीय शुभकामनाओं के साथ हुआ। बैठक के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित संतों व वक्ताओं ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया। स्वामी ठाकुर दास जी ने बच्चों को सदाचार, अच्छे आचरण और नैतिक शिक्षा के महत्व की जानकारी दी। स्वामी हंसानंद ने छात्र-जीवन में अनुशासन की महत्ता को समझाते हुए बच्चों को इसे अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों को जानकारी दी कि आगामी 17 नवंबर से 21 नवंबर तक विद्यालय की छमाही परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि इन परीक्षाओं में सभी बच्चों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान ही सेक्टर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार ने प्राथमिक विद्यालय मदारपुर स्थित बूथ संख्या 119 का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन, शिक्षा के स्तर और बच्चों की बेहतरी को लेकर कई स्थानीय लोग व अभिभावक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से कमलेश राजपूत, आशा, उमा, सत्यवती, फूलमती और राजेश्वरी आदि ने बैठक में भाग लिया और अपने विचार रखे।



बैठक को संबोधित करते प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल

जनसमस्याओं को लेकर सपा नेताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- पांच प्रमुख मांगों पर त्वरित कार्रवाई की उठाई मांग

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत शमसाबाद नदीम अहमद फारूकी तथा चेयरमैन ज़ोया शाह फारूकी के नेतृत्व में सपा प्रतिनिधिमंडल ने शहर की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जनहित में 5 प्रमुख बिंदुओं पर तत्काल निराकरण की मांग की गई है। जसमई दरवाजा स्थित पुलिया का निर्माण कार्य धीमी गति से चलने के कारण नियमित जाम लग रहा है। इससे एंबुलेंस और स्कूल वाहनों के फंसने से काफी परेशानी हो रही है। मार्ग का चौड़ीकरण हो और समुचित पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था की जाए। ढिलावल अंडरपास को मानकविहीन और दुर्घटनाग्रस्त बताया गया है। वर्षा ऋतु में जलभराव के कारण गंभीर हादसे होते रहते हैं। इसकी जांच कराकर सही कराने की मांग की गई है। फुटपाथ न होने और किनारों पर गड्ढे होने से आवागमन में बाधा आ रही है। देवरामपुर तिराहे से जसमई दरवाजा तथा ढिलावल से बघार पुल तक विशेष रूप से मार्ग चौड़ीकरण की मांग की गई है। शहर में नीचे झूलती जर्जर विद्युत लाइनों व झुके हुए पोल की मरम्मत/शिफ्टिंग करने तथा अनुपयोगी टेलीफोन पोल हटाने की मांग की गई है।

साथ ही हादसों को रोकने के लिए विद्युत ट्रांसफार्मर/उपकरणों के चारों तरफ सेफ्टी गार्ड लगाने की मांग की गई है।

बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए गैर-वर्षा काल में ही नालों का चिन्हांकन कर जल निकासी की स्थायी व्यवस्था बनाने का सुझाव दिया गया है। इस दौरान सर्वेश अम्बेडकर, नदीम अहमद फारूकी, मोहम्मद यूनुस अंसारी, शशांक सक्सेना, देवेंद्र सिंह यादव मौजूद रहे।




ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते सपा नेता

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़

नगर कोतवाली में तीन व अखंडनगर में दो आरोपी गिरफ्तार

▸ सोमवार रात अवैध खनन रोकने गई राजस्व टीम पर हमले से जुड़ा मामला

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।





खनन माफिया का नेटवर्क ध्वस्त करने के लिए सुल्तानपुर पुलिस खनन माफिया पर कहर बन कर टूट पड़ी।एक टीम द्वारा भोर में 5 बजे नगर कोतवाली क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान दो लोगों सहित तीन को गिरफ्तार किया तो वही दूसरी टीम ने अखंडनगर थाना क्षेत्र में दो आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान घायल होने के बाद गिरफ्तार करने में सफलता पाई।घायल आरोपियों का इलाज कराने के पुलिस ने जिला न्यायालय में पेश किया।जहां से पांचों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

बता दें कि सोमवार को अवैध खनन की सूचना पर नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव के साथ राजस्व टीम नगर कोतवाली क्षेत्र के अमिलिया कला गांव पहुंची थी।जहां खनन माफिया द्वारा राजस्व टीम पर जानलेवा हमला किया गया था।जिसमे नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव को गंभीर चोटें आई थी।मंगलवार को नगर कोतवाली पुलिस ने खनन इंस्पेक्टर शिव दयाल सिंह व लेखपाल सुमित वर्मा की तहरीर पर गम्भीर धाराओं में दो अलग अलग मुकदमे दर्ज किए थे।

पुलिस के अनुसार मारपीट मामले में वांछित आरोपी प्रवीण कुमार सिंह उर्फ राहुल सिंह पुत्र सतीश सिंह निवासी अमिलिया कला अपनी स्कॉर्पियो से चालक नौशाद अली पुत्र नूर मोहम्मद निवासी प्रतापपुर बंधुआ कला के साथ बुधवार को भोर में सुबह 5 बजे नगर कोतवाली क्षेत्र खौंचिला की तरफ से मुरली नगर की तरफ आ रहे थे।जब पुलिस द्वारा घेरा बंदी करके इन्हें रुकने का इशारा किया गया तो राहुल सिंह द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गई।पुलिस की जवाबी फायरिंग में राहुल सिंह गोली लगने से घायल हो गए।पुलिस ने मौके से राहुल सिंह,नौशाद को अवैध तमंचे,कारतूस व स्कॉर्पियो वाहन के साथ गिरफ्तार कर लिया।साथ ही मामले में वांछित एक अन्य आरोपी मनोज सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी रवनिया करौंदी कला को भी नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी राहुल सिंह के खिलाफ कुल 13 मुकदमे,नौशाद अली के खिलाफ 3 मुकदमे व मनोज सिंह के खिलाफ 2 मुकदमे दर्ज है।घायल राहुल सिंह का नगर कोतवाली पुलिस ने जिला मेडिकल कालेज में इलाज कराने के बाद तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।जहां से तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया। वही दूसरी मुठभेड़ अखंडनगर थाना क्षेत्र में हुई।जहां सुबह करीब पौने नौ बजे दोस्तपुर से आजमगढ़ की तरफ थार वाहन से जा रहे संदीप सिंह उर्फ विनय प्रताप सिंह पुत्र सतीश सिंह निवासी अमिलिया कला व आदित्य सिंह उर्फ प्रशांत सिंह पुत्र पंकज सिंह निवासी नकहा महमूदपुर गोसाईंगंज को अखंगनगर पुलिस ने कुंदा भैरवपुर अंडर पास पर रुकने का इशारा किया तो अंडरपास पर कुछ दूर जाने के बाद गाड़ी रोड से नीचे उतर गई उसके बाद गाड़ी में बैठे संदीप व आदित्य द्वारा झाड़ी में छिपते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।पुलिस की जबावी कार्यवाही में दोनो लोग घायल हो गए।घायल अवस्था में दोनों आरोपियों को लेकर पुलिस अखंडनगर सीएचसी पहुंची जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने बिना नंबर की विधायक का पास लगी थार,अवैध तमंचा आदि बरामद किया।गिरफ्तार आरोपी संदीप के खिलाफ 8 मुकदमे व आदित्य के खिलाफ 3 मुकदमे दर्ज है।गिरफ्तार आरोपियों को अखंडनगर पुलिस ने इलाज के बाद न्यायलय में पेश किया।जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी गोलू सिंह की पुलिस टीमें सरगर्मी से तलाश कर रही है।जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही पुलिस टीम द्वारा अभी तक 05 डंपर हिरासत में लिया जा चुका है।

राजस्व टीम पर हमले के आरोपी से मुक्त कराई गई सरकारी जमीन

सुल्तानपुर।नगर कोतवाली क्षेत्र के अमिलिया कला गांव में राजस्व टीम पर हमले के मामले में बुधवार को राजस्व टीम आरोपी द्वारा अवैध कब्जे का चिन्हांकन करने पहुंची। एसडीएम सदर गरिमा सौनकिया ने बताया कि मुख्य आरोपी गोलू सिंह द्वारा पयाग पट्टी गांव में गाटा संख्या 201 जो बंजर खाते थे दर्ज थी उसे अवमुक्त कराया गया।साथ ही गाटा संख्या 253 व 254 में अवैध निर्माण पाया गया।जिसके क्रम में आरोपी सतीश सिंह की पत्नी सुधा सिंह को नोटिस दी गई है।नोटिस के उपरांत अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

मतदान से मजबूत होता है लोकतंत्रः प्रो. प्रतिमा सिंह

सुलतानपुर। कमला नेहरू संस्थान के हिंदी विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को मतदान के महत्व और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया।गोष्ठी में हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. प्रतिमा सिंह ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान के माध्यम से ही जनतंत्र को मजबूत बनाया जा सकता है। मतदान देश के प्रत्येक नागरिक की प्रमुख जिम्मेदारी है, जिसका निर्वहन ईमानदारी और विवेक के साथ किया जाना चाहिए।डॉ. पवन कुमार रावत ने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना को केंद्र में रखकर मतदान करना चाहिए। पारदर्शी और निष्पक्ष मतदान लोकतंत्र को गौरव प्रदान करता है। वहीं, डॉ. अतुल आनंद ने विद्यार्थियों से कहा कि देश को मजबूत हाथों में सौंपने की सामूहिक जिम्मेदारी मतदान के माध्यम से ही पूरी हो सकती है।गोष्ठी में विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाने और मतदान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर हिमांशु, आशा, सचिन, संतोष, संध्या और आसिफा सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

टीकर गांव के पास बाइकसवार दो पर हमला, एक गंभीर

सुल्तानपुर। धनपतगंज थाना क्षेत्र के टीकर गांव के पास बुधवार सुबह बाइक सवार दो लोगों पर अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया। ओवरटेक कर रास्ता रोकने के बाद हमलावरों ने लोहे के भारी सामान से दोनों पर ताबड़तोड़ वार किए। हमले में दोनों घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, सेवरा गांव निवासी हिमाचल मिश्रा (50) पुत्र अमर पाल सिल्वर ट्रेडिंग का कारोबार करते हैं। बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे वह अपने साथी लल्लन गिरी के साथ बाइक से धनपतगंज की ओर जा रहे थे। टीकर गांव के पास पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आए दो युवकों ने उन्हें ओवरटेक कर रास्ता रोक लिया। इसके बाद दोनों पर लोहे के भारी सामान से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना पर पहुंची धनपतगंज पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हिमाचल मिश्रा की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हमलावरों की पहचान अभी नहीं हो सकी है।थाना प्रभारी अंजू मिश्रा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल फिलहाल घटना के संबंध में कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं हैं। पीड़ित पक्ष की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर छानबीन कर रही है।

जनगणना-2027 के लिए विभागीय समन्वय से तैयारियां तेज

सुल्तानपुर। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) के सफल संचालन को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्व-गणना के व्यापक प्रचार-प्रसार और समयबद्ध तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने तहसील स्तर पर जनसुनवाई स्थलों, थानों और चौराहों पर बैनर लगाने तथा प्रगणकों को जल्द क्षेत्र में भेजने के निर्देश दिए। बीएसए और डीआईओएस को विद्यालयों के माध्यम से परिवारों को स्व-गणना के प्रति जागरूक करने, नगर पालिका को होर्डिंग्स और पंपलेट के जरिए प्रचार करने तथा जिला सूचना अधिकारी को प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से अभियान चलाने को कहा गया। बैठक में बताया गया कि जनगणना का मुख्य कार्य एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक चलेगा। इसके लिए जिले में कुल 5577 गणना ब्लॉक बनाए गए हैं। प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित 40 प्रश्नों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और अन्य जानकारियां संकलित की जाएंगी। सीडीओ ने कहा कि जनगणना के आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के वांछित को पुलिस ने दबोचा

कुंडा-प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना महेशगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी महेशगंज भूपेशनाथ सिंह की टीम ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सुनील सरोज (26) पुत्र हरीराम सरोज, निवासी बलीपुर, थाना महेशगंज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी लक्ष्मीगंज तिराहे से बहोरीकपुर जाने वाले मार्ग पर ट्यूबवेल के पास से मुखबिर की सूचना पर की गई। 3 नवंबर 2026 को पीड़िता के पिता ने थाना महेशगंज में तहरीर दी थी। आरोप था कि पड़ोस के सुनील सरोज ने घर में घुसकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। तहरीर के आधार पर थाना महेशगंज में केस दर्ज किया गया था। पुलिस टीम में उ.नि. विजेन्द्र कुमार यादव, कां. विशाल यादव, कां. रामवीर सिंह, रि.कां. रवि यादव, रि.म.कां. शोभा गुप्ता व चालक कां. सुमित सिंह शामिल रहे। पर्यवेक्षण अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय व सीओ सदर मनोज कुमार सिंह रघुवंशी ने किया।पुलिस ने अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

अनियंत्रित डंपर की ठोकर से बाइकसवार बेटे की मौत, पिता घायल

कुंडा-प्रतापगढ़। सड़क के किनारे खड़े बाइक सवार पिता-पुत्र को तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने ठोकर मार दिया। जिससे बेटे की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पिता भी घायल हो गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ब्रह्ममोली गांव निवासी गुड्डू अग्रहरि 48 वर्ष अपने 8 वर्षीय बेटे अहम के साथ मंगलवार की देर शाम घर जाने के लिए ब्रह्ममोली चौराहा पर बाइक फ्री करके इस पर पिता पुत्र बैठे थे। इसी दौरान रायबरेली से प्रयागराज की तरफजा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे गुड्डू बाहर की तरफगया। जबकि उनका 8 वर्षीय पुत्र अहम ट्रक के नीचे आ जाने से उसकी ट्रक के पहिए से कुचल कर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकांकर इलाज के ले गई। अस्पताल पहुंचते पर चिकित्सक ने अहम को मृत्यु घोषित कर दिया। जबकि पिता गुड्डू अग्रहरि को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। नवाबगंज पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है।

अज्ञात बाइक चालक पर लापरवाही का केस दर्ज

प्रतापगढ़। बाइक की टक्कर से युवक घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के विजहडी बेनीमाधव नगर गांव निवासी श्रवण मिश्र पुत्र आनंद मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती मंगलवार को वह बाइक से सांगीपुर गया था। पीड़ित का आरोप है कि घर लौटते समय सुबह ग्यारह बजे रास्ते में अज्ञात बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से वाहन चलते हुये टक्कर मार दिया। जिससे उसे गंभीर चोटे आ गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज किया है।

नाबालिक किशोरी के साथ युवक ने किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

कुंडा-प्रतापगढ़। पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दिया, तो पिता की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर तुरंत कार्रवाई करते हुए दुराचारी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। महेशगंज थाना क्षेत्र के बलीपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि पड़ोस का ही रहने वाला युवक सुनील सरोज पुत्र हरीराम सरोज ने वादी के घर में घुसकर उनकी नाबालिग पुत्री के साथ जबरन दुराचार किया तथा परिजनों को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अन्तर्गत धारा 64(1), 333,351(3) बीएनएस व धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर लिया। पीड़ित किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला चिकित्सालय भेजा गया है। जबकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोपी सुनील सरोज को लक्ष्मीगंज से हरिपुर जाने वाले रास्ते के तिराहे से गिरफ्तार कर विधि कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया है।

डग्गामार वाहनों की भरमार से आवागमन प्रभावित

कुंडा-प्रतापगढ़। कुंडा नगर क्षेत्र में डग्गामार वाहनों की भरमार हो गई है। डग्गामार वाहन चालक मनमानी तरीके से जहां चाहते हैं। कोई टेढ़े-मेढ़े वाहन को खड़ा करके सवारी भरने लगते हैं। अगर किसी ने विरोध किया तो प्राइवेट वाहन के ड्राइवर गाली गलौज झगड़ा झंझट करने लगते हैं। डग्गा मार वाहन चालकों को ना तो पुलिस का डर रहता है, न ही उन्हें कानून का डर रहता है। कोतवाली के बगल भगवन तिराहा, तिलौरी तिराहा, मेंन चौराहा, पोस्ट ऑफिस तिराहा समेत अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर डग्गा मार वाहन चालकों की मनमानी चलती रहती है।

नाली सफाई न होने से नागरिकों में आक्रोश

समृद्धि न्यूज़, चांदा सुलतानपुर।

चांदा कस्बे के पट्टी रोड पर नाली की नियमित सफाई नहीं होने से नाली जाम हो गई है। इसके चलते सड़क किनारे स्थित दुकानदारों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाली में गंदगी जमा होने और पानी की निकासी बाधित होने से आसपास का वातावरण भी दूषित हो रहा है। वहीं खुली नाली होने के कारण लोगों को संक्रमण और संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा सता रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि नाली की सफाई लंबे समय से नहीं कराई गई है, जिसके कारण उसमें कचरा और गंदगी जमा हो गई है। गंदगी के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। दुकानदारों को डर है कि मच्छरों के कारण डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां फैल सकती हैं। इसके अलावा बदहाल नाली के आसपास ग्राहकों को आने-जाने में भी दिक्कत होती है।इस संबंध में एडीओ पंचायत हरिकेश कनौजिया ने बताया कि टोली लगाकर साफ सफाई कराई जाएगी।

एसएमसी की बैठक में विद्यालय विकास पर मंथन

▸ बच्चों को टाई-बेल्ट व परिचय पत्र वितरित

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।



विकास क्षेत्र प्रतापपुर कमैचा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय साढ़ापुर में विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) की बैठक आयोजित की गई। इसमें विद्यालय के सर्वांगीण विकास, शत-प्रतिशत नामांकन, बच्चों की नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर चर्चा की गई।

बैठक में विद्यालय प्रबंध समिति के कार्य एवं दायित्वों के साथ आधारभूत सुविधाओं के विकास, मध्याह्न भोजन की निगरानी, बाल अधिकारों, वित्तीय प्रबंधन तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श हुआ। शिक्षण में नवाचार और विद्यालय विकास में अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से टाई-बेल्ट और परिचय पत्र वितरित किए गए। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय का विकास शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय के सामूहिक प्रयासों से संभव है। बैठक का समापन आदर्श विद्यालय बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

संदिग्ध दशा में युवक की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। लालगंज कोतवाली के शीतलमऊ वार्ड निवासी पैतालीस वर्षीय प्रवीण सिंह उर्फ पिण्टू पुत्र हरिशरण सिंह का बीते मंगलवार की रात निर्धन हो गया। युवक का शव संदिग्ध दशा में उसके घर के बरामदे में चारपाई पर मिला। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि परिवार के कुछ लोगों द्वारा मौत को संदेहास्पद बताये जाने पर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

सीता की विदाई का प्रसंग सुन छलक उठे आंसू, भावुक हुए श्रद्धालु

▸ राजन महाराज की कथा में राम विवाह से कैकेयी के वरदान तक का वर्णन

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



बेटी की विदाई का क्षण ऐसा होता है,जब कठोर हृदय भी भावनाओं के आगे पिघल जाता है। जनकपुर में माता सीता की विदाई का मार्मिक प्रसंग सुनकर बुधवार को बहुरावां-सिंघनी स्थित अमृत गार्डेन में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के छठे दिन श्रद्धालु भावुक हो उठे। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन महाराज ने राजा जनक और रानी सुनैना के वात्सल्य का ऐसा सजीव वर्णन किया कि कथा पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। राम विवाह से लेकर माता कैकेयी के वरदान और राजा दशरथ की व्यथा तक कथा आगे बढ़ी तो पूरा परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया।कथा का शुभारंभ व्यासपीठ पूजन और आरती के साथ हुआ। इसके बाद राजन महाराज ने लक्ष्मण-परशुराम संवाद, श्रीराम-सीता विवाह और जनकपुर से माता सीता की विदाई का प्रसंग सुनाया। उन्होंने राजा जनक के हृदय में पुत्री के प्रति उमड़ते स्नेह और रानी सुनैना की ममता का भावपूर्ण चित्रण किया। विदाई के समय राजा जनक की व्याकुलता और रानी सुनैना द्वारा सीता को समझाने का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।राजन महाराज ने माता सुनैना की सीख के माध्यम से पारिवारिक संस्कारों और रिश्तों की मर्यादा का महत्व समझाया। सीता को ससुराल में बड़ों का सम्मान करने, गुरुजनों की सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देने का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि बेटी की विदाई केवल एक रस्म नहीं,बल्कि भावनाओं, संस्कारों और रिश्तों का अनमोल संगम है। रामकथा के ये प्रसंग आज भी परिवार और समाज को मर्यादा तथा कर्तव्य का बोध कराते हैं।कथा के अगले क्रम में मंथरा-कैकेयी संवाद,कैकेयी के वरदान और राजा दशरथ की व्यथा का वर्णन किया गया।इन प्रसंगों के माध्यम से राजन महाराज ने भगवान श्रीराम के त्याग,आज्ञापालन और आदर्श जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया। कथा के दौरान पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। भक्ति,श्रद्धा और भावनाओं से ओतप्रोत वातावरण में श्रद्धालु देर तक रामकथा का रसपान करते रहे।बल्दीराय क्षेत्र के बहुरावां-सिंघनी स्थित अमृत गार्डेन में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन भाजपा नेत्री एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह तथा ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह की ओर से कराया जा रहा है। कथा में प्रतिदिन 40 से 50 हज़ार श्रद्धालु पहुंचकर भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का श्रवण कर रहे हैं।

182 दिव्यांग बच्चों को वितरित किए गए 283 सहायक उपकरण

बीआरसी मोतिगरपुर में आयोजित शिविर में ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर व श्रवण यंत्र सहित मिले उपकरण

मोतिगरपुर (सुल्तानपुर)। समग्र शिक्षा के समेकित शिक्षा कार्यक्रम के तहत बुधवार को बीआरसी मोतिगरपुर में सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया। इसमें पूर्व में चिह्नित 182 दिव्यांग बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार कुल 283 सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कैलिपर, ब्रेल किट, टीएलएम किट और श्रवण यंत्र शामिल रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी बलदेव प्रसाद यादव के संयोजन में समेकित शिक्षा विभाग और एलिम्को कानपुर के सहयोग से शिविर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रतिनिधि रत्नेश तिवारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि उपकरणों से बच्चों को विद्यालय आने-जाने और पढ़ाई करने में सहूलियत मिलेगी। डीसी श्याम सुंदर ने उपकरण वितरण की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सुमित यादव ने किया। इस दौरान संजय शुक्ला, अमन यादव, केके गुप्ता, विनोद यादव, संतोष यादव, दिनेश वर्मा, प्रतिमा यादव सहित शिक्षक, स्पेशल एजुकेटर, बच्चे और अभिभावक मौजूद रहे।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने वार्डों को सौंपी स्वच्छता की सौगात

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।



स्वच्छता अभियान के तहत लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष ने वार्डों में स्वच्छता को और बेहतर बनाने के लिए आधा दर्जन वाहनों की सौगात सौंपी। नगर पंचायत अध्यक्ष लालगंज अनीता द्विवेदी ने बुधवार को अधिशाषी अधिकारी इन्द्र प्रताप के साथ आदर्श नगर पंचायत को स्वच्छ व सुन्दर बनाने की दिशा में नयी पहल की। उन्होंने हरी झंड़ी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी ने कहा कि नये वाहनों के शामिल होने से अब लालगंज नगर के सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान को और मजबूती मिल सकेगी। कार्यक्रम का संयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। इस मौके पर अरविन्द मिश्र, प्रधान लिपिक अनिकेत दूबे, विकास तिवारी, सभासद पन्नेलाल पाल, शेरु खान, सोनू शुक्ला, दारा सिंह, जावेद खान, रोहित मिश्र आदि मौजूद रहें।

डिग्री शिक्षकों का काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा विरोध




प्रतापगढ़। फेडरेशन ऑफयूनिवर्सिटी एंड कॉलेजेज एसोसिएशन के आह्वान पर डिग्री कॉलेजों के शिक्षकों का आंदोलन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। अपनी लंबित मांगों के समर्थन में शिक्षकों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और शिक्षण कार्य किया। सरकार की उदासीनता के चलते शिक्षकों में गहरा रोष व्याप्त है। एमडीपीजी कॉलेज इकाई शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, यूजीसी संस्तुति के अनुसार सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने, चिकित्सकीय अवकाश अनुमन्य कराने, स्व-पोषित शिक्षकों के स्थायीकरण और प्रोफेसर पदनाम अर्हता तिथि से देने जैसी प्रमुख मांगें लंबे समय से अनसुनी की जा रही हैं। सरकार का यह रवैया शिक्षकों में भारी असंतोष पैदा कर रहा है, जो आने वाले समय में भारी पड़ सकता है। इकाई महामंत्री प्रो. पीयूष कान्त शर्मा ने कहा कि शिक्षकों की अनेकानेक मांगें दीर्घकाल से लंबित हैं, जिन पर सरकार को सद्भावनापूर्ण तरीके से विचार करना चाहिए।प्रदर्शन के दौरान कॉलेज परिसर में भारी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रो. अरविंद मिश्र, प्रो. संतोष कुमार पाण्डेय, प्रो. उषा तिवारी, प्रो. निशा सिंह, प्रो. ऊषा दूबे, प्रो. रमेश चन्द्र शुक्ल, प्रो. अरविंद मौर्य, डॉ. प्रमथेश पाण्डेय, डॉ. अरुण कुमार वर्मा, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. रेखा मिश्रा, डॉ. राजेन्द्र मिश्रा, डॉ. मुक्ता वर्मा, डॉ. सीमा त्रिपाठी, डॉ. अनीश द्विवेदी और डॉ. स्वामी नाथ तिवारी सहित कई अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।


पीडीए की जनसभा लखपेड़ा भवानीगंज में इंटर कॉलेज के पास आज

कुंडा-प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के पीडीए की एक जनसभा बाबागंज विधान सभा क्षेत्र के इंटरमीडिएट कॉलेज लखपेड़ा कोटा भवानीगंज के पीछे बूढ़े बाबा मंदिर के पास 5 नवंबर गुरुवार को आयोजित की गई है। जनसभा में उत्तरप्रदेश समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल बतौर मुख्य अतिथि तथा सांसद पुष्पेंद्र सरोज तथा सपा व फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी भी जनसभा में शामिल होगें। उक्त आशय की जानकारी देते हुए बाबागंज विधान सभा अध्यक्ष विनीत यादव एडवोकेट ने बताया कि जनसभा में समाजवादी पार्टी के अलावा सभी फ्रंटल संगठन के लोग शामिल होगें। विधानसभा अध्यक्ष विनीत यादव ने समाजवादी विचार धारा लोगों से जनसभा में शामिल होने की अपील की है।

कथाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी 'प्रेम' के लघुकथा संग्रह 'नील कमल खिल गया' का लोकार्पण 10 नवंबर को

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।





जनपद के सुप्रसिद्ध कथाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी 'प्रेम' के बहुप्रतीक्षित लघुकथा संग्रह 'नील कमल खिल गया' का लोकार्पण आगामी 10 नवंबर 2026 को किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रतापगढ़ के तत्वावधान में एक भव्य साहित्यिक समारोह का आयोजन दोपहर 12 बजे से श्री सच्चा बाबा आश्रम, सई तट, प्रतापगढ़ में होगा। कार्यक्रम के आयोजक अखिल नारायण सिंह 'अकेला' एवं संयोजक नियाज प्रतापगढ़ी ने संयुक्त रूप से बताया कि समारोह की अध्यक्षता पट्टी स्थित महाविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार प्रतिभा पांडेय (सुल्तानपुर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। वहीं, वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न' विशिष्ट अतिथि तथा श्री सच्चा बाबा आश्रम के महंत मनोज ब्रह्मचारी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की गरिमा बढ़ाएंगे।समारोह के संरक्षक, हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रतापगढ़ के महामंत्री, इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं प्रख्यात साहित्यकार पंडित अनिल प्रताप त्रिपाठी 'प्रवात' ने जनपद के साहित्यकारों एवं साहित्य प्रेमियों से इस महत्वपूर्ण साहित्यिक आयोजन में सहभागिता की अपील की है। कथाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी 'प्रेम' ने बताया कि उनके लघुकथा संग्रह 'नील कमल खिल गया' में समाज को नई दिशा देने वाली 75 लघुकथाएं समाहित हैं। ये लघुकथाएं सामाजिक सरोकारों, मानवीय संवेदनाओं और जीवन के विविध पहलुओं को अभिव्यक्त करते हुए पाठकों के मानस पटल पर गहरी छाप छोड़ेंगी।

मकान से ईंट जबरन ले जाने के विवाद में दबंगों ने मारपीट कर किया घायल

▸ मारपीट व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज, दो गिरफ्तार

कुंडा-प्रतापगढ़। दबंगई के बल पर घर से ईट ले जाने का विरोध करने पर गृह स्वामी समेत परिजनों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वादी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो अभियुक्तो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना नवाबगंज क्षेत्र के राजा का पुरवा गांव में मकान में रखी ईट उठाकर ले जाने का विरोध करने पर हुए विवाद में पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे से संबंधित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर दो बांस की लाठियां भी बरामद की हैं।पुलिस के अनुसार, 3 नवंबर को गांव निवासी समर बहादुर ने मकान में रखी ईट ले जाने का विरोध किया था। आरोप है कि इस पर नामजद लोगों ने एकजुट होकर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से लैस होकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे राजीव कुमार और उनके परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। जिसमें कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। वादी की तहरीर की पर पुलिस ने 10 नामजद और तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने नामजद अभियुक्त सरजू प्रसाद 48 वर्ष पुत्र घेराऊ तथा अरुण कुमार 24 वर्ष पुत्र द्वारिका प्रसाद को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद दोनों को जेल भेज दिया है।